बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 12, अंक 61, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : रिंकू सिंह ने गुजरात के जबड़े से छीनी जीत, आखिरी ओवर में लगाए पांच छक्के



अन्दर : विश्व गुरु बनने का सपना, पूरा न हुआ अपना

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# यूपी निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान

## दो चरणों में 4 और 11 मई को होगा मतदान, 13 मई को आएंगे नतीजे, प्रदेश में आचार संहिता लागू

**लखनऊ।** बहुप्रतिक्षित नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों का एलान रविवार शाम हो गया। प्रदेश में दो चरण में निकाय चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण में लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर सहित 9 मंडलों में 4 मई को मतदान होगा। दूसरे चरण में मेरठ, अयोध्या, कानपुर मंडल सहित नौ मंडलों में 11 मई को मतदान होगा। मतगणना 13 मई को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार ने रविवार शाम आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में 762 में से 760 नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव का कार्यक्रम जारी किया। इसके साथ ही प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो गई।

मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश में 17 नगर निगम, 199 नगर पालिका परिषद और 544 नगर पंचायतों सहित कुल 760 नगरीय निकायों में चुनाव होगा। नगर निगम के महापौर और पार्षद का चुनाव इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम ) से होगा। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सभासद का चुनाव मतपत्र से होगा।पहले चरण के चुनाव के लिए जिला मजिस्ट्रेट की ओर से 10 मई को सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना 11 अप्रैल को जारी होगी। उम्मीदवार 11 से 17 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकेंगे। 21 अप्रैल को उम्मीदवारों को चुनाव चिंह आवंटित किया जाएगा। 4 मई को मतदान होगा।

जिला मजिस्ट्रेट की ओर से दूसरे चरण के चुनाव के लिए 16 अप्रैल को सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी। 17 अप्रैल को अधिसूचना जारी करने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का सिलसिला शुरू होगा। उम्मीदवार 24 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 25 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 27 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 28 अप्रैल को चुनाव चिंह का आवंटन होगा। दूसरे चरण के चुनाव के लिए 11 मई को मतदान होगा।

निकाय चुनाव के लिए दो लाख से अधिक कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सभी जिलों में मतदान दलों का गठन कर लिया गया है। मतदान दलों के प्रशिक्षण की कार्यवाही भी संचालित की जा रही है। मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था का दारोमदार यूपी पुलिस, पीएससी और होमगार्ड पर रहेगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता हुई तो पैरामिसिट्री फोर्स भी तैनात की जाएगी। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस अवधि के दौरान नगरीय क्षेत्रों में किसी विभाग में तबादले नहीं हो सकेंगे। सरकार के मत्रियों के राजकीय कार्यक्रम से दौरे नहीं हो सकेंगे। नई परियोजनाओं की स्वीकृति और घोषणा भी नहीं हो सकेगी।

### घोषणा

**दो लाख से अधिक कर्मचारी कराएंगे चुनाव, यूपी पुलिस ही कराएगी चुनाव**





### किसी को मिलेगा रिक्शा तो किसी को वायुयान चुनाव चिह्न

**लखनऊ।** नगरीय निकाय चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने 81 चुनाव चिन्हों को मुक्त प्रतीक घोषित करते हुए अधिसूचित कर दिया है। इनमें 39 चुनाव चिह्न महापौर, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए तो 42 चिह्न पार्षद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के सदस्य पद पर लड़ने वालों के लिए तय किए गए हैं। निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अलावा राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी अपनी पार्टी के चिह्न पर चुनाव लड़ सकेंगे।

**महापौर, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के निर्दलीय उम्मीदवार के लिए चिह्न**

शटल, अनार, अलावा और आदमी, पानी का नल, ऊन का गोला, कंघा, टेबल लैंप, गुल्ली डंडा, छत का पंखा, फरसा, केले का पेड़, चिड़िया का घोसला, गदा, जीप, पहिया, टेबल फैन, फूल और घास, फसल काटता किसान, दमकल (आग बुझाने की गाड़ी), भगोना, पानी की बोतल, स्कूल बैग, हल, रेल का इंजन, कुर्सी सहित डाइनिंग टेबल, लड़का लड़की, हथौड़ा, सितारा, शहनाई, स्कूटर, सरौता, सुराही, सैनिक, शंख, रिक्शा, तलवार, लट्टू, वायुयान, वृक्ष।

**पार्षद, नगर पालिका व नगर पंचायत के सदस्य पद के निर्दलीय लड़ने वालों के लिए चिह्न**

अनाज ओसाता हुआ किसान, ओखली, आम, इमली, उगता सूरज, खजूर का पेड़, खड़ांऊ, कलम और दवात, गमला, कार, गाजर, किताब, गुलाब का फूल, कुल्हाड़ी, घंटी, केला, चश्मा, तरकश, छाता, तराजू, झोपड़ी, ताला चाबी, तोप, त्रिशूल, मुकुट, ड्रम, डमरू, धान का पौधा, ढोलक, नाव, पत्तियां, पेपर वेट, बिजली का बल्ब, पुल, पैंसिल, कुर्सी, फावड़ा, बैलगाड़ी, पेचकस, भुट्टा, बंदूक, मोटर साइकिल।

**पहला चरण**

सहारनपुर मंडल – शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर
मुरादाबाद मंडल – बिजनौर,अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल
आगरा मंडल – आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी
झांसी मंडल – झांसी, जालौन, ललितपुर
प्रयागराज मंडल – कौशांबी, प्रयागराज, फतेहरपुर, प्रतापगढ़
लखनऊ मंडल – उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी
देवीपाटन मंडल – गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती
वाराणसी मंडल – गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर
गोरखपुर मंडल – गोरखपुर, देवरिया, महराजगजं, कुशीनगर

**दूसरा चरण**

मेरठ मंडल – मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागबत, बुलंदशहर
बरेली मंडल – बदायूं, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत
अलीगढ़ मंडल– हाथरस, कासगंज, एटा, अलीगढ़
कानपुर मंडल – कानपुर नगर, फरुर्खाबाद, इटावा, कन्नौज, औरेया, कानपुर देहात
चित्रकूट मंडल – हमीरपुर, चित्रकूट, महोबा, बांदा
अयोध्या मंडल – अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, बाराबंकी, अमेठी
बस्ती मंडल – बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर
आजमगढ़ मंडल– आजमगढ़, मऊ, बलिया
मिजार्पुर मंडल – सोनभद्र, भदोही, मिजार्पुर









# प्रदेश की जेलों का निरीक्षण करेंगे आईपीएस अधिकारी

### व्यवस्था

**डीजी जेल ने पांच अफसरों को दी जिम्मेदारी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जेलों में बंद माफियाओं पर और सख्ती शुरू कर दी गई है। प्रदेश की जेलों के निरीक्षण के लिए पांच आईपीएस अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है। इन्हें स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन से भी फीडबैक लेकर दस दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। डीजी जेल एसएन साबत की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आईपीएस शिवहरि मीना, सुभाष चंद्र शाक्य, हिमांशु कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव व हेमंत कुटियाल को प्रदेश की जेलों के निरीक्षण करना है। यह अधिकारी केंद्रीय कारागार नैनी, जिला कारागार चित्रकूट, जिला कारागार जौनपुर व आजमगढ़, केंद्रीय कारागार वाराणसी, जिला कारागार वाराणसी व सोनभद्र, जिला कारागार बलिया, मऊ, फतेहपुर व बांदा का निरीक्षण करना है। निरीक्षण में उन्हें कारागार की कार्य प्रणाली के साथ-साथ अनियमितताओं, अवांछित गतिविधियों, विधि के विपरीत हो रही कार्यवाही की संभावना आदि से संबंधित जांचकर दस दिन में अपनी रिपोर्ट देंगे।





# अब गांवों को मिलेगी पूरी रात बिजली

**लखनऊ।** यूपी सरकार के निर्देश के बाद पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने गांवों को पूरी रात निर्बाध बिजली देने के लिए अपने घोषित शिड्यूल को महज चार दिन के अंदर ही बदल दिया। अब शाम ढलने के बाद गांवों में बिजली आएगी तो पूरी रात नहीं जाएगी। बदले शिड्यूल से पूर्वांचल के ग्रामीण क्षेत्रों में अब आधी रात को दो घंटे बिजली नहीं कटेगी। इससे पिछड़े इलाके के ग्रामीण भी चैन से सो सकेंगे।

इससे पहले एक अप्रैल को जारी तहसील, नगर पंचायत और गांवों को बिजली देने के शिड्यूल में पूर्वांचल के सभी जिलों में आधी रात में दो घंटे बिजली काटने की व्यवस्था दी गई थी। एक अप्रैल को जारी समय सारिणी की व्यवस्था के मुताबिक बिजली दिए जाने पर इस गर्मी में पूर्वांचल के ग्रामीणों को नींद आते ही जगाने का पूरा इंतजाम था। जिलों में रात 12 से भोर में 4 बजे के बीच दो घंटे कटौती की व्यवस्था थी। एक अप्रैल को जारी शिड्यूल को पावर कारपोरेशन चेयरमैन एम. देवराज ने 4 अप्रैल को खारिज कर दिया। जिसके बाद 4 अप्रैल की शाम को नई समय सारिणी जारी की गई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बिजली कटौती के सभी आदेश खारिज किए गए। अब नई व्यवस्था में गांवों में 18 घंटे की जो सप्लाई दी जानी है, उसमें यह इंतजाम कर दिया गया है कि शाम होते ही गांवों में बिजली आ जाएगी और दूसरे दिन सुबह तक अनवरत रहेगी। नई व्यवस्था पूर्वांचल, दक्षिणांचाल, पश्चिमांचाल, मध्यांचल सभी वितरण निगमों के जिलों के लिए है। गांवों में शाम के समय बिजली देने का समय शाम को 3-7 बजे के बीच है। इसके बाद बिजली काटने का समय दूसरे दिन सुबह 5-10 बजे के बीच रखा गया है। जिलेवार समय घंटे दो घंटे आगे पीछे है।



### गुड न्यूज

**यूपी में 4 दिन में ही बदला नियम, सभी जिलों के लिए अब एक जैसा शेड्यूल**

### कस्बों में भी रहेगी पूरी रात बिजली

तहसील मुख्यालय और नगर पंचायतों में 21.30 घंटे बिजली दी जानी है। तहसीलों और नगर पंचायतों की समय सारिणी भी ऐसी बनाई गई है जिससे इन क्षेत्रों में भी शाम को बिजली आने के बाद पूरी रात रहे। गांवों, तहसीलों और नगर पंचायतों में तय शिड्यूल के मानक को पूरा करने के लिए कटौती का समय दिन के समय रखा गया है।

# नगर निकाय चुनाव में दिल खोलकर खर्च करें प्रत्याशी

### खुशखबरी

**पिछले चुनाव वर्ष 2017 में थी अधिकतम खर्च सीमा 25 लाख**

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशी दिल खोलकर चुनाव में खर्च कर सकेंगे। वर्ष 2017 के की चुनाव तुलना में इस बार चुनाव खर्च की सीमा बढ़ गई है। इस बार राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव खर्च की सीमा बीते 30 अगस्त 2022 में तय कर दी थी। इस सिलसिले में आदेश भी जारी हुए थे।

इस आदेश के तहत ही इस बार प्रत्याशी चुनाव में खर्च कर सकेंगे। वर्ष 2017 की तुलना में इस बार 80 से कम वार्ड वाले नगर निगमों में महापौर के प्रत्याशी अधिकतम 35 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे, जबकि पिछले चुनाव में अधिकतम खर्च सीमा 20 लाख थी। इसी तरह, इस बार 80 या इससे अधिक वार्ड वाले नगर निगमों के महापौर प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे।

वर्ष 2017 में अधिकतम खर्च सीमा 25 लाख थी। इस बार के चुनाव में सभी तरह के नगर निगमों में पार्षदों के लिए अधिक खर्च सीमा तीन लाख निर्धारित है, जबकि यह वर्ष 2017 में यह दो लाख थी। इसी तरह, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अध्यक्षों की अधिकतम खर्च सीमा भी पिछले चुनाव से बढ़ गई है। इस बार 25 से 40 वार्ड वाले नगर पालिका परिषदों में अध्यक्षों के लिए अधिकतम चुनाव खर्च सीमा नौ लाख निर्धारित है, जबकि पिछले चुनाव में यह छह लाख थी। 41 से 55 वार्ड वाले नगर पालिका परिषद अध्यक्षों के लिए अधिकतम खर्च सीमा 12 लाख रुपये निर्धारित है। वर्ष 2017 में यह आठ लाख थी। नगर पालिका सदस्यों के लिए इस बार अधिक खर्च सीमा दो लाख निर्धारित है, पिछले चुनाव में यह डेढ़ लाख रुपये थी।

# महाराष्ट्र के सीएम-डिप्टी सीएम पहुंचे राम की नगरी

### आस्था

**शिंदे-फडणवीस का अयोध्या दौराः किए रामलला के दर्शन**

**अयोध्या।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंच गए हैं। उनके साथ महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस भी अयोध्या आए हैं। लखनऊ से अयोध्या के लिए रवाना होते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'भगवान राम का आशीर्वाद हमारे साथ है और इसलिए हमें धनुष और तीर का प्रतीक मिला है।' महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि आज रामलला के दर्शन के लिए मैं अयोध्या जा रहा हूं। मैं राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़ा रहा हूं। सभी कारसेवाओं में मैं उपस्थित रहा हूं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार को पूर्वान्हे राम नगरी पहुंचे। सरयू तट पर बने अस्थाई हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरते ही हजारों की संख्या में मौजूद समर्थकों ने अपने नेता का जमकर स्वागत किया। यहां से वे कुछ ही फासले पर स्थित महंत रामचंद्र दास परमहंस की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने गए।

इस मौके पर उनके साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं उनके सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे सहित महाराष्ट्र सरकार के अनेक मंत्री भी थे। यहां महंत रामचंद्र दास परमहंस के शिष्य आचार्य नारायण मिश्र ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों को उत्तरीय भेंट कर उनका स्वागत किया। मंदिर आंदोलन के अग्रणी नायकों में शुमार रहे महंत रामचंद्र दास परमहंस के प्रति आस्था अर्पित करने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का काफिला राम जन्मभूमि की ओर उन्मुख हुआ।यहां से मुख्यमंत्री शिंदे पैदल ही समर्थकों के साथ आगे बढ़े। बाद में गाड़ियों के काफिले के साथ गेट नंबर तीन से राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। यहां पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई।



### कोविड ने ली 11 की जान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 5,357 नए मामले सामने आए हैं और इस दौरान संक्रमण से 11 लोगों की मौत हुई। इस अवधि में देश में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 31,194 से बढ़कर 32,814 हो गई। शनिवार को देश में 6,155 व शुक्रवार को 6,050 कोविड-19 के मामले मिले थे। भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 5,357 नए मामले सामने आए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 32,814 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में संक्रमण से 11 और मरीजों के दम तोड़ने से मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,30,965 हो गई है। मरने वालों में गुजरात के तीन, हिमाचल प्रदेश के दो और बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा तथा उत्तर प्रदेश के एक-एक मरीज शामिल हैं।

# खाबरी ने किया वॉर रूम का उद्घाटन

### बैठक

**कांग्रेस मुख्यालय से होगी जय भारत सत्याग्रह की मॉनीटरिंग**

**उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बोले-राहुल गांधी की सदस्यता जाने को लेकर किया जा रहा अभियान**

**लखनऊ।** राजधानी स्थित कांग्रेस कार्यालय में रविवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने वार रूम/ कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अशोक सिंह, समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वार रूम बनाया गया है।



प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बताया कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत उत्तर प्रदेश और हर प्रदेश मुख्यालय पर एक वॉर रूम का निर्माण करने और उस वॉर रूम में 15 से 17 लोगों की कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने आगे बताया कि इस वॉर रूम से पूरे उत्तर प्रदेश में जय भारत सत्याग्रह के अभियान की मॉनिटरिंग की जायेगी। जिसमें 17 सदस्यीय कमेटी बैठकर उत्तर प्रदेश के हर जिले मुख्यलाय पर जय भारत सत्याग्रह अभियान का अपने स्तर से वॉच करके मूल्यांकन करेंगे और इसकी रिपोर्ट ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को देंगें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि 17 लोगों को 5-5 जिलों की जिम्मेदारी दी जाएगी और सदस्य 5 जिलों का दौरा करके वहां का जायजा भी लेंगे।

# ईस्टर पर सेक्रेड हार्ट चर्च पहुंचे पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री का स्वागत

**कैंडल सेरेमनी में हिस्सा लिया देश की शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार शाम दिल्ली के सेक्रेड हार्ट चर्च पहुंचे। यहां चर्च के पादरी फ्रांसिस स्वामीनाथन ने पीएम का शॉल पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद पीएम चर्च की कैंडल सेरेमनी में शामिल हुए। यहां पीएम ने कैंडल जलाई और देश की शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद पीएम ने चर्च के परिसर में एक पौधा लगाया।

पीएम के चर्च विजिट करने के बाद बिशॉप अनिल खुटो ने कहा कि पहली बार किसी पीएम ने इस चर्च का दौरा किया है। हमारे लिए यह खुशी का मौका था। उन्होंने मोमबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की। हमने पीएम को ईसा की प्रतिमा भेंट की है। पीएम ने सुबह ट्वीट कर लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी थीं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, 'ईस्टर की शुभकामनाएं! यह विशेष अवसर हमारे समाज में शांति एवं सद्भाव की भावना को और गहरा करें। यह पर्व लोगों को समाज की सेवा करने और वंचितों को सशक्त बनाने में मदद करने के लिए प्रेरित करे।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि आज ईस्टर के बेहद खास मौके पर मुझे दिल्ली के सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल जाने का मौका मिला। मैं ईसाई समुदाय के आध्यात्मिक नेताओं से भी मिला। सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल कैथोलिक चर्च दिल्ली के फादर, फ्रांसिस स्वामीनाथन ने प्रधानमंत्री के चर्च में आने से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं, पहली बार कोई प्रधानमंत्री यहां चर्च में आ रहे हैं। हम उनके लिए प्रार्थना करेंगे...उनका आना एक बहुत बड़ा संदेश देता है कि वे सबका साथ-सबका विकास में सभी धर्मों को एक साथ लेकर चलते हैं।

धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने ईस्टर के मौके पर साल भर से ज्यादा समय से जंग से जूझ रहे रूस और यूक्रेन के लोगों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने शरणार्थियों का स्वागत करने वाले देशों की तारीफ की। पोप ने वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स बैसिलिका चर्च में अपना भाषण दिया। इससे पहले पोप ने चर्च की सालों पुरानी परंपरा के मुताबिक एक बड़ी कैंडल को जलाया।



# सीएनजी पीएनजी के घटे दाम

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड की शहर गैस वितरण इकाई गेल गैस लिमिटेड ने गैस की मूल्य लागत में कमी के बाद रविवार को सीएनजी और पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) की कीमतों में सात रुपये तक की कटौती की है। गेल गैस ने बेंगलुरु और दक्षिण कन्नड़ में पीएनजी गैस की कीमत सात रुपये प्रति मानक घनमीटर (एससीएम) घटाई है। वहीं कंपनी ने अपने परिचालन वाले अन्य शहरों में पीएनजी का दाम छह रुपये प्रति इकाई घटाया है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने कर्नाटक में वाहन ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली सीएनजी के दाम सात रुपये प्रति किलोग्राम घटाए हैं। अन्य क्षेत्रों में सीएनजी का दाम छह रुपये प्रति किलोग्राम कम किया गया है। बयान में कहा गया है, गेल गैस लिमिटेड ने अपने ग्राहकों को नए घरेलू गैस मूल्य निर्धारण का लाभ देने के लिए नौ अप्रैल से कीमतों में उल्लेखनीय रूप से कटौती की घोषणा की है।

देवास, मेरठ, सोनीपत, ताज ट्रेपेजियम क्षेत्र, रायसेन, मिर्जापुर, धनबाद, आदित्यपुर और राउरकेला में पीएनजी की नई दर 52.50 रुपये प्रति इकाई (एससीएम) होगी। बेंगलुरु और दक्षिण कन्नड़ के लिए यह 51.50 रुपये प्रति इकाई है। इसी तरह मेरठ और सोनीपत के लिए सीएनजी की नई कीमत 85 रुपये प्रति किलोग्राम है। देवास, ताज ट्रेपेज़ियम क्षेत्र और देहरादून के लिए यह 92 रुपये प्रति किलो; बेंगलुरु और दक्षिण कन्नड़ के लिए 82.50 रुपये प्रति किलो; मिर्जापुर के लिए 87 रुपये प्रति किलोग्राम, रायसेन, धनबाद, आदित्यपुर, पुरी और राउरकेला के लिए 91 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। कंपनी ने सरकार द्वारा प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण के फार्मूले को संशोधन के बाद यह कदम उठाया है। संशोधित फॉमूर्ले और मूल्य की सीमा की वजह से प्राकृतिक गैस की कीमत 8.57 डॉलर से घटाकर 6.5 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दी गई है। प्राकृतिक गैस को ही वाहन के लिए सीएनजी ईंधन और रसोई में खाना पकाने वाली पीएनजी में बदला जाता है।



### खुशी

**देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल ने सीएनजी, पीएनजी के दाम सात रुपये तक घटाए**

# भाई ही निकला पावरलूम मैकेनिक का हत्यारा

## पावरलूम बंटवारे को लेकर चल रहा था तीन भाइयों में विवाद

**खुलासा**

### रास्ते से हटाने के लिए बाइक से लेकर गये, एक ने पैर पकड़ा दूसरे ने चाकू से रेता था गला



**वाराणसी।** रोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत खुलासपुर नहर के पास तीन अप्रैल को मिली सुनील कुमार मौर्या की लाश में हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसके दो सगे भाई अनिल कुमार मौर्या और मुनील कुमार मौर्या ने की। हत्या की वजह पावरलूम बंटवारे को लेकर चली आ रही रंजिश है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू को बरामद किया। आगे की कार्रवाई में दोनों को रोहनिया पुलिस ने जेल भेजा।

तीन अप्रैल को सुनील मौर्य की लाश खुलासपुर नहर पुलिया के पास मिली थी। इस मामले में रोहनिया थाने में ग्राम प्रधान खुलासपुर ने मुकदमा दर्ज कराया था। युवक के गले को धारदार हथियार से काटा गया था, यानी उसकी हत्या हुई थी। ऐसे में रोहनिया पुलिस की एक टीम हत्यारों की तलाश के लिए छानबीन शुरू की। घटना की जगह को जोड़ने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। इस बीच पुलिस के हाथ पुख्ता सुराग हाथ लगा। हत्या वाले दिन सुनील को दो लोग बाइक पर बैठाकर ले जाते दिखे। पुलिस ने उक्त दो लोगों की शिनाख्त की तो पता चला कि ये दोनों मृतक के सगे भाई हैं। पुलिस ने दोनों को खुलासपुर नहर पुलिया के पास से दबोचा।

मामले का पर्दाफाश डीसीपी वरुणा जोन आरती सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त अनिल कुमार मौर्या व मुनील कुमार मौर्या की बात स्वीकारी। पूछताछ में सामने आया कि पावरलूम की हिस्सेदारी को लेकर तीनों भाइयों में विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में मुनील कुमार मौर्या व अनिल कुमार मौर्या ने सुनील कुमार को बाइक पर बैठाया और बहाने से करौता दाउदपुर गंगापुर रोहनियां मार्ग होते हुए खुलासपुर नहर लाया। वहां तीनों उतरे इस दौरान दोनों आरोपियों ने उसे मारपीट और नीचे गिरा दिया। अनिल ने पैर पकड़ा और मुनील चाकू से उसका गला रेता था। हत्या के बाद घाटमपुर, परमानन्दपुर, पिलखीड़ी करौता होते हुए वापस घर भरथरा लौट आया।

# ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली माल बेचने वाला गिरफ्तार



**अवैध धंधा**

### बड़ी मात्रा में नकली तेल, रैपर और पैकेजिंग मशीन बरामद

**वाराणसी।** कोतवाली पुलिस ने विभिन्न कम्पनियों का नकली तेल बनाकर बेचने वाले अभियुक्त मनीष कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया। आरोप है कि मनीष कुमार विभिन्न कम्पनियों के खाद्य पदार्थ का नकली सोयाबीन आयल की लेबलिंग, पैकिजिंग एवं मिलावट कर व्यापक पैमाने पर तैयार कर ब्रांडेड कम्पनी के नाम पर बिक्री कर रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर माल के साथ गिरफ्तार किया। मनीष कतुआपुरा का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से नकली 70 टीना आयल खाली टीना 180 विभिन्न कम्पनियों के रैपर लगे हुए थे, हिमानी बेस्ट च्वाइस का फार्च्यून,सोया हेल्थ रिफाइन, सोयाबीन आयल के प्लास्टिक के रैपर 7 कार्टून, 24 अदद गत्तों का कार्टून

लोहे की पैकिंग, सलोनी कच्ची घानी सरसों का तेल लिखा हुआ गत्तानुमा रैपर 110 बंडल समेत अन्य सामान बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी अश्वनी कुमार चतुर्वेदी, चौकी प्रभारी अमियामण्डी संजय कुमार राय, चौकी प्रभारी कबीर चौरा दिलेश कुमार सरोज, उपनिरीक्षक राणा राघवेन्द्र प्रताप सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी थे।

# गंगा में डूबने से दो की मौत

**दुखद**

### एक रविदास घाट पर डूबा तो दूसरा शिवाला पर

**वाराणसी।** भेलूपुर और लंका थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा में डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डेडबॉडी का निकलवाया। दोनों युवक बिहार से हैं और उनके परिजनों को सूचना दे दी गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

जानकारी के अनुसार भेलूपुर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट के सामने गंगा में स्नान करने रविवार की सुबह प्रकाश कुमार (23) अपने साथियों के साथ स्नान करने लगा। उसे तैरना नहीं आता था ऐसे में गहरे पानी में समा गया। जबतक उसके साथी शोर मचाते और मदद को लोग पहुंचते वह डूब चुका था। प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर रमाकांत दुबे ने बताया कि बंजरिया साहू टोला मोतिहारी बंजरिया पूर्वी घाट का रहने वाला प्रकाश कुमार अपने साथी करण राज और अमन तिवारी के साथ काशी पहुंचा था। मृतक के पिता राजकिशोर प्रसाद की भी पहले मौत हो चुकी है। उसके परिजनों को सूचना दिया गया जो कि देर शाम वाराणसी पहुंचे।



शुभम सनडियाल

वहीं दूसरी तरफ लंका थाना क्षेत्र के रविदास घाट के पास शनिवार की रात जेटी पर दरभंगा निवासी और बीएचयू एलएलबी का छात्र शुभम सनडियाल (22) अपने साथी अमित चौधरी के साथ बैठा था। शुभम का चप्पल पानी में गिर गया। चप्पल निकालने के लिए शुभम नदी में कूदा और गहरे पानी में समा गया। अमित शोर मचाया लेकिन रात का वक्त होने से मदद नहीं मिल पायी। पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शुभम दरभंगा जिले के बिरौल थाना के भवानीपुर का रहने वाला था।

## बाइक के धक्के से घायल बुजुर्ग की मौत

**वाराणसी।** मंडुवाडीह थानाक्षेत्र के नाथुपुर यादव बस्ती के पास बाइक के धक्के से टहल रहे बुजुर्ग घायल हो गया। उसकी निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंडाव निवासी अशोक कुमार (58) जो कैंसर से पीड़ित थे( रविवार की सुबह नाथुपुर यादव बस्ती के पास सड़क पर टहल रहे थे। इस बीच एक बाइक सवार युवक तेज गति से आया और अशोक कुमार को टक्कर मार दी। हादसे में अशोक कुमार को गंभीर चोट आयी। आसपास के लोगों ने उन्हें निजी चिकित्सालय में लाया यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर फुल्वी मंडुवाडीह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थानाध्यक्ष मंडुवाडीह राजीव कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# अर्धनग्न मिली महिला की लाश शरीर पर चोट के निशान

**छानबीन**

### घटना के बाद से मृतका का पति गायब, जांच में जुटी पुलिस

**बड़ागांव/हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के महदेपुर गांव में रविवार की सुबह की सुबह अर्धनग्न महिला की लाश मिली। शरीर पर चोट के निशान थे और खून भी पसरा था। महिला के वस्त्र घटना स्थल से कूछ दूरी पर मिला। आशंका व्यक्त की गयी कि हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया। हालांकि ये पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। वहीं सूचना पर पहुंची बड़ागांव पुलिस और डॉग स्क्वायड संग फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया। पुलिस की माने को घटना के बाद से महिला का पति दो साल की बच्ची के साथ फरार है। टीम छानबीन में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय थानाक्षेत्र के ही पुआरी कला गांव में स्थित समर नामक ईंट भट्ठे पर झारखंड प्रदेश के रांची कीरी दौरा गांव निवासी सुमित अपनी पत्नी गीता देवी तथा दो पुत्री एक पुत्र के साथ रहकर मजदूरी करता था। दोनों शराब पीने के आदी थे। शनिवार की शाम दोनों शराब पीने के लिए दो किमी दूर सेमरी गांव पास पहुंचे थे। इसके बाद रविवार की सुबह महदेपुर गांव के संपर्क मार्ग पर गीता की लाश मिली। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो महिला की निर्मम हत्या की गयी उसके सिर पर गहरा प्रहार किया गया था। अर्धनग्न हाल में लाश को पास के ही एक गाजर की खेत में फेंक दिया गया। खेत से कुछ दूरी पर महिला के वस्त्र मिले।



घटना स्थल पर जांच करती डॉग स्क्वायड की टीम

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त ईंट और डंडा बरामद किया है। महिला की शिनाख्त होने के बाद जब पुलिस उक्त भट्ठे पर स्थित उसकी झोपड़ी पर पहुंची तो उसका पति दो साल की बच्ची के साथ गायब था जबकि एक बेटा और बेटी केवल वहां थे। पुलिस पति की तलाश में जुटी है ताकि मामले का पर्दाफाश किया जा सके।

# स्वर्ण कला बोर्ड के गठन के लिए उठी आवाज

**बैठक**

### एचयूआईडी में सरलीकरण और धारा 411-412 में संशोधन किया जाए

### अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की बैठक में प्रस्तुत की गयी प्रगति रिपोर्ट

**वाराणसी।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय कार्यसमिति की रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्ण कारीगरों एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों के हितों के लिए कुछ प्रदेशों में स्वर्ण कला बोर्ड का गठन किया गया है। बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग की गयी कि उत्तर प्रदेश समेत बाकी सभी प्रदेशों में भी स्वर्ण कला बोर्ड का गठन किया जाए।

लक्सा स्थित एक सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने एक सिरे से एचयूआरडी के नियमों को अस्वीकार कर दिया। कहा कि एचयूआईडी से लाखों कारोबारियों का कारोबार खत्म हो जाएगा। मध्यम वर्ग के व्यापारियों का जांच के नाम पर उत्पीड़न शुरू हो जाएगा। मल्टीनेशनल कंपनियां ही बड़े-बड़े शोरूम खोल कर व्यवसाय करेगी। सोने की शुद्धता के नाम पर परेशान किया जाएगा। सरकार इस प्रावधान में सरलीकरण लाए अन्यथा सभी कारोबारी विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। वक्ताओं ने धारा 411 और 412 में



अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की बैठक को संबोधित करते वक्ता

संशोधन की मांग केंद्र सरकार से किया। बैठक में समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कराने का प्रस्ताव पास किया। तय हुआ कि जो सरकार हमारे हितों की रक्षा करेगी, स्वर्णकार समाज उसके साथ रहेगा। स्वागत प्रदेश अध्यक्ष रवि सर्राफ एवं संचालन प्रदेश महामंत्री राहुल वर्मा किया। दो सत्रों में सम्पन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बहादुर सिंह वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सजन लावट, राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा, सुरेश प्रसाद साह, सतपाल सिंह वर्मा, विधायक प्रीतम सिंह पवार, अशोक वर्मा, दयाशंकर सेठ, कमलेश चंद्र वर्मा, प्रभुशंकर सेठ, कमल कुमार सिंह, किशोर कुमार सेठ, अनिल सर्राफ आदि उपस्थित थे।

# जी-20 के लिए काशी पूरी तरह तैयार

**बोले एके शर्मा**

### कहा, मतदाताओं से मिलेंगे और बतायेंगे विकास कार्यों के बारे में

**वाराणसी।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा दो दिवसीय दौरे पर रविवार को वाराणसी पहुंचे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारा काशी आगमन काशी के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और यहां की जनता से मिलने के लिए हुआ है। हम यहां के मतदाताओं से मिलेंगे और उन्हें अपने पार्टी के विकास कार्यों के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि जी-20 सम्मेलन को लेकर काशी पूरी तरह तैयार है। समस्त तैयारियां हो गई है।



मंत्री एके शर्मा ने कहा कि राज्य में इससे पहले भी आगरा और लखनऊ में जी-20 का सम्मेलन हो चुका है। पूरी दुनिया के जो लोग आए थे। आगरा और लखनऊ में जो भव्य स्वागत और कार्यक्रम हुआ था। उससे प्रभावित होकर गए थे। आने वाले डेलिगेट्स ने यहां तक कहा कि उत्तर प्रदेश ने अपना नाम पूरी दुनिया में बनाया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों जिलों के तर्ज पर वाराणसी में भी तैयारियां चल रही है। हम सभी की मंशा है दुनिया के किसी भी विकसित देश से आने वाला जनप्रतिनिधि, नेता या अधिकारी हमारे शहरों के विकास को देखकर यहां से प्रभावित होकर यहां से जाए। काशी पहले से ही काफी बदली है। हमारा प्रयास है इसे और भी सुंदर बनाकर विश्व पटल पर स्थापित किया जाए।

# पवित्रता, शुचिता व पारदर्शिता भाजपा सरकार की पहचान

**मतदाता सम्मेलन**

### काशी के विकास यात्रा की अभी शुरूआत है, बहुत काम होना शेष है : एके शर्मा

### आर्थिक प्रगति व औद्योगिक विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है यूपी : नंदी

**वाराणसी।** प्रदेश के नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि पवित्रता, शुचिता व पारदर्शिता भाजपा सरकार की पहचान है। वह मोड़ैला-रोहनिया स्थित एक वाटिका में रविवार को भाजपा के प्रभावी मतदाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि थे।

मंत्री एके शर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों, शोषितो और वंचितों की सरकार है। यह सरकार किसी जाति-मजहब या सम्प्रदाय के आधार पर भेदभाव नही करती। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से मिलता है। कहा कि हम देश की आन-बान शान को बढ़ाने और देश के विकास के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि काशी



के विकास यात्रा की अभी शुरूआत है, बहुत काम होना शेष है। बनारस मोदीजी के हृदय में बसता है और मोदीजी बनारस से बहुत लगाव रखते हैं। उन्होंने निकाय चुनाव को लेकर कुछ टिप्स भी दिए। अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने की। संचालन अनिल कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद अमित राय ने दिया।

दूसरी तरफ, नाटी इमली स्थित एक मंडपम में आयोजित मतदाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आर्थिक प्रगति एवं औद्योगिक विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

आज अगर दुनिया में निवेश के लिए सबसे अच्छा डेस्टिनेशन भारत है, तो भारत में निवेश के लिए सबसे अच्छा डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश है। चाक-चौबंद कानून व्यवस्था, इंडस्ट्री फ्रेंडली इकोसिस्टम, सस्टेनेबल एन्ड इन्क्लूसिव इण्डस्ट्रीयल पॉलिसी, समस्याओं के ऑनलाइन निस्तारण ने बड़े पैमाने पर निवेशकों को आकर्षित किया है। कार्यक्रम में आरके चौधरी, दीपक बजाज, संजय केशरी, आत्मा विश्वेश्वर, राजकुमार जायसवाल, मनीष कपूर, श्यामजी गुप्ता, मृदुला जायसवाल, वीरेंद्र केशरवानी, कन्हैया लाल गुप्ता, नम्रता चौरसिया, रचना अग्रवाल, केदार नाथ सिंह, नवीन कपूर, नवरतन राठी, सुधीर मिश्रा आदि थे।

# बंजर जमीन पर कब्जा लेखपाल ने दी तहरीर

**तरना।** सदर तहसील वाराणसी के लेखपाल राकेश चतुर्वेदी ने पिसौर निवासी नत्थू उर्फ कल्लू के खिलाफ जमीन कब्जा करने के मामले में शिवपुर थानेमें तहरीर दी। लेखपाल की माने तो बंजर के नाम सरकारी अभिलेख कम्प्युटर खतौनी में अंकित है। उक्त बंजर भूमि पर बड्डे उर्फ नत्थू अवैध रुप से पक्का निर्माण करा रहा है। मना करने पर देख लेने की धमकी दे रहा है। अवैध कब्जे की शिकायत के सम्बन्ध में पूर्व में नगर-निगम की संयुक्त टीम ने अवैध कब्जा हटवाने के लिए रिपोर्ट प्रेषित किया गया है। लेखपाल ने बड्डे उर्फ नत्थू पुत्र स्व0 कल्लू के खिलाफ ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जा करने के सम्बन्ध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। शिवपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जांच कर रही है।

## संक्षेप

### बीएचयू कला संकाय के डीन की हृदयगति रुकने से मौत

**वाराणसी।** बीएचयू में कला संकाय के डीन व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय बहादुर सिंह का सर सुंदरलाल अस्पताल में रविवार की शाम में हृदयगति रुकने से मौत हो गयी। काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने उनकी मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया, साथ ही उनके परिवार को इस दुख से उबरने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रो. विजय वर्दमान में बीएचयू के कला संकाय के हिंदी विभाग और पत्रकारिता एवं जनसंप्रेषण विभाग के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने हिंदी के साथ-साथ उर्दू के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम किया था और उर्दू विषय के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उर्दू विभाग, कला संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. आफताब अहमद ने बताया कि प्रो. विजय हिंदी के अब तक के पहले विद्वान है जिन्हें उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी ने सम्मान के लिए चुना था।

### मारपीट कर नकदी और बाइक छीनी

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ी तालाब इलाके में मांस खरीदने के लिए पहुंचे आशीष सोनकर की पिटाई कर दो युवकों ने 4500 नकद और बाइक छीन लिया। युवक गमछा से मुंह बांधे थे और गाली गलौच करने के बाद पीटाई शुरु कर दी और नकदी समेत बाइक लेकर चले गये। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की माने तो मामला मारपीट का है जांच की जा रही है।

### अवैध खनन में लगा एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर सीज

**वाराणसी।** राजातालाब थाना क्षेत्र के असवारी के पास से अवैध खनन में लगी एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर को राजातालाब पुलिस ने सीज किया। वहीं मौका देख जेसीबी और ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे जिनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी मुन्ना राम, उपनिरीक्षक मिथिलेश सिंह, कांस्टेबल सर्वजीत यादव, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार सरोज, आदि रहे।

### अश्लील हरकत करने वाला किशोर गया जेल

**मिर्जामुराद।** नाबालिग युवती के साथ किशोर अश्लील हरकत कर रहा था। किशोरी के पिता की तहरीर पर किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेजा। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी किशोर पड़ोस की ही किशोरी के साथ इश्क लड़ा रहा था। उसे अश्लील हरकत करता देख ग्रामीणों ने पकड़ लिया। किशोरी के पिता को मामले से अवगत कराया गया। किशोरी के पिता ने तहरीर दी और पुलिस ने उसे पकड़ा और बाल सुधार गृह भेजा।

### नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**जंसा।** जंसा पुलिस ने रविवार को दोपहर बाद मुखबिर की सूचना पर नाबालिग से दुराचार के मामले में फरार अभियुक्त को सजोई गांव के सामने रिंग रोड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जंसा थाना क्षेत्र के परमपुर गांव निवासी विशाल पुत्र दूधनाथ जो एक नाबालिग से दुराचार के मामले में फरार चल रहा था।

### सिंगर समर की कस्टडी रिमांड पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** अपर सिविल जज जूनियर डिविजन तृतीय शक्ति सिंह की कोर्ट में सोमवार को आकांक्षा दुबे प्रकरण में जेल में निरुद्ध आरोपी के पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने की अर्जी पर सुनवाई होगी। वहीं मधु दुबे की ओर से पिछले दिनों दो प्रार्थना पत्र पर भी सुनवाई होनी है। एक प्रार्थना पत्र में पुलिस द्वारा जारी दो दिन पहले प्रेस नोट पर सवाल खड़ा किया है। प्रार्थना पत्र के परिपेक्ष में सपष्टिकरण मांगा है। उसके पहले वादिनी ने इस मामले एक प्रार्थना दाखिल किया था जिसमे केस डायरी तलब करने की गुहार लगाई है। कोर्ट ने थाने से इस प्राथना पत्र के प्रकाश में आख्या तलब किया है।

### मां का इलाज कराने आये प्रोफेसर से दो लाख की जालसाजी

**वाराणसी।** लखनऊ से वाराणसी अपनी मां का इलाज कराने आये प्रोफेसर के खाते से जालसाज ने ऑनलाइन फीस जमा करने के नाम पर भेजे गए लिंक के माध्यम से दो बार में करीब दो लाख की निकासी कर ली। प्रोफेसर ने इस मामले में कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार सिया डिग्री कालेज, लखनऊ के प्रोफेसर अंकुर सिंह के सोनल सदन अपार्टमेंट माल रोड कैंट अपने रिश्तेदार विष्णु प्रताप सिंह के यहां अपनी मां को दिखाने के लिए आए थे। जहां उनके मोबाइल पर डॉक्टर को दिखाने के लिए ऑनलाइन फीस जमा करने के लिए एक लिंक भेजा गया और निकासी कर ली गयी। कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### अधिवक्ता की मोबाइल चोरी करने वाला धराया

**वाराणसी।** अधिवक्ता की चोरी मोबाइल के मामले में पुलिस ने चार दिन के अंदर ना केवल बरामद किया बल्कि आरोपी को दबोचा भी। ज्ञानवापी प्रकरण में नियुक्त विशेष एडवोकेट कमिश्नर विशाल कुमार सिंह उर्फ शनि जो नाटी इमली के निवासी है। उनकी डेढ़ लाख कीमत की मोबाइल छह अप्रैल को चोरी हो गई थी। मामले की सूचना मिलते ही सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस की मदद से पुलिस ने महज चार दिन के भीतर उक्त चोरी की मोबाइल बरामद करते हुए आरोपी शमीम हाशमी (38 वर्ष) उर्फ कल्लू पुत्र स्व0 महबूब हाशमी उर्फ छेदाऊ निवासी आदमपुर वाराणसी को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया। दूसरी तरफ महिला का पर्स लूटने वाला भी युवक पकड़ाया। बुधवार को अर्दली बाजार स्थित भुवनेश्वर नगर कॉलोनी में बाइक सवार युवक के द्वारा महिला राजकुमारी सिंह का पर्स छीनने के मामले में आरोपी को कैण्ट पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे महिला का लुटा गया पर्स बरामद कर लिया था। बरामदी और गिरफ्तार करने वाली टीम में कैंट के थाना प्रभारी प्रभुकांत, चौकी प्रभारी प्रकाश सिंह चौहान आदि शामिल रहे।

### गे डेटिंग ऐप से बुलाया, की मारपीट पैसे भी लिया

**वाराणसी।** गे डेटिंग एप से एक अजनबी ने चंडीगढ़ से आए युवक को मिलने के लिए छह अप्रैल को बुलाया। युवक उसकी बताई जगह महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ पहुंचा तो वहां उसे पकड़ लिया। फिर कुछ युवकों ने उसे मारापीटा और नकदी समान छीन लिया। इस मामले में पीड़ित ने आठ अप्रैल को कमिश्नरेट पुलिस को ट्वीट किया और कार्रवाई की मांग की। पीड़ित युवक का आरोप है कि वह थाने और चौकी भी गया, लेकिन वहां उसकी सुनवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर लड़के ने सोशल मीडिया पर पुलिस से मदद मांगी। हालांकि पुलिस की तरफ ट्वीट का जवाब दिया गया जिसमें बताया गया कि विवि प्रशासन ने युवक का सामान वापस करा दिया है और पुलिस की तरफ जांच की जा रही है। पीड़ित युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा- मैं बनारस घूमने आया था। गे डेटिंग ऐप से किसी लड़के ने मैसेज किया कि साथ में घूमते हैं। मुझे काशी विद्यापीठ में बुलाया। वहां पर 5 लड़के आए और ब्लैकमेल करने लगे। लड़कों ने धमकी दी कि अगर सारा सामान नहीं देगा तो तेरी फैमिली को बताऊंगा कि तू गे है। मेरा सारा सामान छीन लिया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 3276547, इंटरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2523619 का अंक सह मूल प्रमाण पत्र तथा बी टेक राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0186 एमई 151086 की डिग्री कहीं खो गया है। रोहित कुमार सिंह पुत्र दिनेश सिंह ग्राम- त्रिकालपुर, पोस्ट-मुड़ीडीह, जनपद- बलिया (उत्तर प्रदेश)।

आराजी नं. 695/8 रकबा 1362.5 वर्ग फीट स्थित मौजा लालपुर, मीरापुर बसहीं परगना शिवपुर, तहसील व जिला-वाराणसी का विक्रय पत्र विक्रेता श्रीलाल पुत्र हरिप्रसाद से क्रेता श्रीमती सुजाता जायसवाल पत्नी मनोज कुमार जायसवाल दिनांक 01.08.2008 को क्रय कर मेरे नाम से दिनांक 05.08.2019 को तहरीर किया गया था, मूल विक्रय पत्र खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। सौरभ राय पुत्र अशोक राय ग्रा0 दुर्जनपुर, महिमापुर जिला-वाराणसी।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- तक्षशिला महिला महाविद्यालय मिजार्बाद मुहम्मदाबाद गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय हेतु प्राचार्य एक पद। हिंदी, सस्कृत, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, भूगोल, समाज शास्त्र विषयों में एक एक पद। वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित में दो -दो पद एवं रसायन विज्ञान में तीन पद प्रवक्ताओं पद हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो के साथ संस्था के पते पर 21दिनों के अंदर प्रबंधक के पदनाम डाक /व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी। प्रबंधक 9450464563 ,9044782990

आवश्यकता है- स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **विद्यावती महिला महाविद्यालय** मनियारेपुर, चन्दवक, जौनपुर में स्नातक स्तर पर प्राचार्य-1 एवं प्रवक्ता प्रत्येक विषय में एक विषय- हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र, प्राचीन इतिहास की आवश्यकता है। योग्यता यू0जी0सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार, 21 दिन के अन्दर समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो फोटो सहित आवेदन करें।
प्रबंधक
मो0 नं. 9415296564

कार्यालय ग्राम पंचायत कोटिला, विकास खण्ड रानीकीसराय, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

ई-निविदा विवरण

| | |
|---|---|
| Loading Capacity | Upto 500 kg |
| Usage/Application | Garbage Collection |
| No. of batteries required | 4 (Lead Acid)/1 (Lithium Ion) |
| Front Suspension Type | Telescopic Hydraulic Shock Absorbers |
| Rear Suspension Typeg | Leaf Springs (5-Left, 5-Right) |
| Country of Origin | Made in India |
| Loading Capacity | Upto 300 kg |
| Usage/Application | Garbage Collection |
| No. of batteries required | 4 (Lead Acid)/1 (Lithium Ion) |
| Front Suspension Type | Telescopic Hydraulic Shock Absorbers |
| Rear Suspension Type | Leaf Springs (5-Left, 5-Right) |
| Country of Origin | Made in India |

पत्रांक-/2023-24, दिनांक 09.04.2023

(पंकज जैसवार)
ग्राम प्रधान
ग्रा. पं. कोटिला, वि. ख.-रानीकीसराय
आजमगढ़

(दशरथ प्रसाद)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा. पं. कोटिला, वि. ख.-रानीकीसराय
आजमगढ़



वाराणसी



# नगर निगम के वरुणापार जोन में सर्वाधिक वोटर

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव की अधिसूचना रविवार को जारी कर दी। मतदान और मतगणना की तिथि निर्धारित हो चुकी है। इधर, वाराणसी में इस इलेक्शन को लेकर लगभग सभी कवायद पूर्ण हैं। निर्वाचन में सभी स्तर पर लगाए जाने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को सूचिबद्ध किया जा चुका है। मतदान केंद्र, मतदेय स्थल, जोन व सेक्टर तय हैं। आइये एक संक्षिप्त नजर डालते हुए इन तैयारियों पर।

हाल ही में नगर निगम और नगर पालिका गंगापुर की मतदाता सूची के कराये गये संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। हालांकि अधिसूचना जारी होने से पहले तक प्राप्त दावा-आपत्तियों का निबटारा नामांकन की अंतिम तिथि कर कर दिये जाने के निर्देश

**निकाय चुनाव**

**नगर पंचायत गंगापुर एवं नगर निगम के इलेक्शन को लेकर जनपद में अबतक की कवायद पर संक्षिप्त दृष्टि**




भी हैं। ताकि किन्हीं कारणों से छूटे पात्रों को मतदाता के रूप में वोटिर लिस्ट में शामिल करना संभव हो और हरएक वोटर को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने के अवसर मिले। वर्तमान में नगर निगम के सभी 10 वार्डों में मतदाताओं की संख्या देखें तो यहां 16 लाख 11 हजार 490 वोटर हैं। इसके तहत जोनवार दशाश्वमेध के 22 वार्डों में तीन लाख 49 हजार 481, भेलूपुर के कुल 25 वार्डों में तीन लाख 92 हजार 518, आदमपुर के 18 वार्डों में दो लाख 69 हजार 511, कोतवाली के कुल आठ वार्डों में एक लाख 12 हजार 176 और वरुणापार जोन के 27 वार्डों में सर्वाधिक चार लाख 87 हजार 804 वोटर हैं। दूसरी ओर, नगर पालिका गंगापुर के सभी दस वार्डों में कुल मिलाकर छह हजार 728 मतदाता हैं। अब जोनवार मतदान केंद्र और मतदेय स्थलों की संख्या देखें तो दशाश्वमेध में 78 पोलिंग सेंटर एवं 294 बूथ, भेलूपुर में 93 मतदान केंद्र और 322 मतदेय स्थल, आदमपुर में 58 मतदान केंद्र तथा 214 मतदान स्थल, कोतवाली में 24 पोलिंग सेंटर एवं 94 बूथ और वरुणापार जोन में 115 मतदान केंद्र एवं 401 मतदेय स्थल बनाए गये हैं। उधर, नगर पालिका गंगापुर में पांच पोलिंग सेंटर और दस बूथ स्थापित किये हैं। इलेक्शन के दौरान कुल 365 वाहनों की आवश्यकता पड़ सकती है। उनमें जोनवार सबसे ज्यादा 110 गाड़ियों की जरूरत वरुणापार जोन के लिए बतायी गयी है। इसी प्रकार दशाश्वमेध जोन में 81, भेलूपुर जोन में 89, आदमपुर जोन में 59 तथा कोतवाली जोन में 26 वाहनों की आवश्यकता पड़ेगी। जबकि नगर पालिका गंगापुर के लिए चार गाड़ियों की आवश्यकता पड़ सकती है। दोनों निकायों में कुल मिलाकर 373 मतदान केंद्र और एक हजार 335 मतदेय स्थल हैं। उनमें से नगर निगम इलाके में 368 पोलिंग सेंटर तथा एक हजार 325 बूथ एवं नगर पंचायत गंगापुर क्षेत्र में पांच मतदान केंद्र व दस मतदेय स्थल बनाए गये हैं।

### मेयर-पार्षद पदों के लिए नामांकन स्थल

- महापौर पद के लिए कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम प्रशासन न्यायालय
- वरुणापार जोन के लिए जोन कार्यालय नदेसर
- कोतवाली जोन के लिए टाउनहॉल मैदागिन
- आदमपुर जोन के लिए जोन कार्यालय कज्जाकपुरा
- दशाश्वमेध जोन के लिए जोन कार्यालय बेनियाबाग
- भेलूपुर जोन के लिए जोन कार्यालय दुर्गाकुंड
- नगर पंचायत गंगापुर के लिए तहसील राजातालाब

### पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल

- वरुणापार जोन और कोतवाली जोन के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति पहड़िया मंडी
- आदमपुर जोन, दशाश्वमेध जोन एवं भेलूपुर जोन के लिए पुलिस लाइंस
- नगर पंचायत गंगापुर के लिए तहसील राजातालाब

### कहां कितने जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट

नगर निगम और नगर पंचायत गंगापुर को कुल मिलाकर 26 जोन तथा 79 सेक्टर में बांटा गया है। इन सभी के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गये हैं। जिसके तहत नगर निगम के दशाश्वमेध जोन में 5 जोनल मजिस्ट्रेट व 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, भेलूपुर जोन में 6 जोनल मजिस्ट्रेट व 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, आदमपुर जोन में 4 जोनल मजिस्ट्रेट व 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट , कोतवाली जोन में दो जोनल मजिस्ट्रेट व 6 सेक्टर मजिस्ट्रेट, वरुणापार जोन में 8 जोनल मजिस्ट्रेट व 23 सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर पंचायत गंगापुर में एक जोनल मजिस्ट्रेट व दो सेक्टर मजिस्ट्रेट।

# महापौर पद पर इस बार बाहरी या बनारसी?

## निकाय चुनावों में उम्मीदवारों को लेकर अड़ियों पर हो रही चर्चाएं

**वाराणसी।** निकाय चुनाव को लेकर बनारसी अड़ियों पर चर्चाओं का बाजार तेज हो गया है। इसमें महापौर की उम्मीदवारी को लेकर बनारसी और बाहरी पर सबसे ज्यादा अटकलें लगाई जा रही हैं। लोगों का कहना है कि इस बार के चुनाव में सत्ताधारी दल की ओर से दवादारों की कमी नहीं है। लेकिन इनमें इस बार देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी किस उम्मीदवार पर दांव लगाती है।

चुनाव की सरगर्मी बढ़ते ही सुबह होते ही शहर के गली और मुहल्लों में अड़ियां लग जा रही हैं। मार्निंग वॉक के बाद इन अड़ियों पर लोगों की जुटान हो रही है। वहीं शाम के समय भी यह अड़ियां गुलजार हो जा रही हैं। जहां इस समय चुनावी चर्चाएं जोरों पर हैं। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बना हुआ है, महापौर पद पर इस बार बाहरी या बनारसी? जी हां वाराणसी महानगर में महापौर की सीट इस लिए भी चर्चाओं में हैं क्योंकि देश के प्रधानमंत्री यहीं से सांसद हैं। पूरे प्रदेश की निगाहें बनारस की सीट पर टिकी हैं। बता दें कि 2020 के दशक से पूर्व महापौर की सीट पर बाहरी उम्मीदवारों का दबदबा रहा है। जिसे लेकर इस बार लोगों के मन में कौतूहल है।

हालांकि पार्टी की ओर से महापौर की उम्मीदवारी पर अंतिम मुहर लगने के बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी। वहीं उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग की ओर से रविवार शाम चुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

# जी-20 सम्मेलन में भी काशी को बनाएंगे नं.1

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सूबे के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि भारत के विभिन्न शहरों में जी-20 सम्मेलन का आयोजन होने वाला है। ऐसे में उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार के प्रयासों और काशी की आम जनता के सहयोग से हम इस सम्मेलन में भी काशी को नंबर-1 बनाएंगे। उन्होंने जनपद के लोगों से अपील की है कि जिले के नागरित जी-20 के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। साथ ही बनारस के पुरातन स्वरुप को संजोते हुए आधुनिक तस्वीर प्रस्तुत करने में सहयोग करें।

इसी माह शुरु हो रहीं जी-20 सम्मेलन की बैठकों के अंतर्गत वाराणसी में 17 अप्रैल से आयोजन प्रस्तावित है। ऐसे में स्थानीय जिला

**आयोजन**

**सूबे के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने साइक्लोथॉन को दिखायी झंडी**

**की अपील : समिट के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें काशीवासी**

**सर्किट हाउस से बेनिया पार्क तक हुए आयोजन में हजारों ने चलायी साइकिल**

प्रशासन की ओर से जनजागरूकता के लिए इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है। इसी क्रम में रविवार की सुबह आयोजित 'साइक्लेथॉन' का शुभारंभ करते हुए श्री राजभर ने वाराणसी की जनता को जी-20 समिट




जी-20 समिट में जनता की भागीदारी तय करने और आयोजन के प्रचार-प्रसार के लिए रविवार को हुए साइक्लोथॉन को सूबे के कैबिनेट मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

में सहयोग करने की अपील करते हुए यह कहा। सर्किट हाउस से बेनियाबाग पार्क तक हुए साइक्लोथॉन को उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उसके बाद बोले, सरकार चाहती है कि जी-20 समिट के आयोजन से पूरी काशी जुड़े। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई ऐसे देशों का प्रतिनिधि मंडल इसमें आ रहा है जो विकसित हैं और दुनिया में बहुत आगे हैं। उनके सामने काशी की परंपराओं और संस्कृतियों की अच्छी तस्वीर पेश करनी है।

उन्होंने कहा कि यहां अतिथियों के स्वागत की परंपरा है। ऐसा ही एक अच्छा वातावरण बनाने का प्रयास शासन-प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन का आयोजन जनसभागिता बढ़ाने समेत संबंधित माहौल बनाने के लिए हुआ है। सरकार जी-20 से जनता को जोड़ने की कोशिश के तहत ऐसे कार्यक्रम कर रही है। साइक्लोथॉन में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, संस्था-संगठनों के सदस्यों के साथ जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, उनके पुत्र और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल सहित लगभग तीन हजार से अधिक लोगों ने शामिल होकर साइकिल चलायी। कार्यक्रम समाप्ति स्थल बेनियाबाग पार्क पहुंचने पर प्रतिभागियों को मेडल पहनाया गया।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक कल आएंगे



**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एकदिनी दौरे पर मंगलवार को लखनऊ से वाराणसी आएंगे। प्रोटोकॉल विभाग के अनुसार डिप्टी सीएम 11 अप्रैल को दिन में 11.15 बजे हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइंस पहुंचेंगे। 11.35 बजे वह महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर स्थित गांधी अध्ययन पीठ सभागार में आयोजित मतदाता सम्मेलन में अध्यक्ष के रूप में उपस्थित होंगे। उसके बाद उप मुख्यमंत्री दोपहर 1.15 बजे पुलिस लाइंस हेलीपैड से प्रयागराज रवाना हो जाएंगे।







# सिटी स्टेशन पर तत्काल टिकट काउंटर पर दलालों का कब्जा

**रेल प्रशासन उदासीन**

### आम यात्री तत्काल टिकट के लिए होते है परेशान

### समय से पहुंचने पर भी बाद का मिलता है टोकन

### आरक्षण कार्यालय के बाबुओं की है मिली भगत

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** दिन-रविवार, समय-पूर्वाह्न 11 बजे, स्थान-सिटी स्टेशन का आरक्षण केन्द्र का काउण्टर सिटी स्टेशन के आरक्षण केन्द्र पर रविवार को पूर्वाह्न दस बजकर 45 मिनट के आस-पास टिकट आरक्षण के लिए यात्री अपनी लाइन में लगे थे। कोई आरक्षण फार्म भर रहा था, तो कोई टिकट के लिए पूछताछ कर रहा था। सिटी स्टेशन पर दो आरक्षण काउण्टर बनाए गये है।

रविवार की सुबह काउण्टर पर कर्मचारियों की तैनाती थी, और दोनों कर्मचारियों की ओर से यात्रियों के लिए सामान्य आरक्षण टिकट की बुकिंग की जा रही थी, आरपीएफ के जवानों का कहीं भी अता-पता नही था। 20 गुणे 15 के सिटी स्टेशन के आरक्षण हॉल में कुछ युवक जिनकी उम्र लगभग 25 से 30 के बीच होगी आपस में बात कर रहें थे। जैसे-जैसे घड़ी की सुई 11 बजने का इशारा कर रही थी सभी युवक सक्रिय हो रहे थे, ठीक दस बजकर 58 मीनट पर सभी युवक दोनों काउण्टर पर आयें और लाइन में लगे लोगों को तत्काल का हवाला देकर हटा दिया एक-एक युवक के हाथों में तीन से चार आरक्षण फार्म थे,मजे की बात थी कि सभी फार्म पर नंबर भी लिखा था।

घड़ी की सुई ने ठीक 11 बजाया तो आरक्षण कर रहे बाबू ने सभी युवक का फार्म ले लिया और टिकट बनाना शुरू कर दिया हमारे ठीक आगे खड़े एक युवक के चार फार्म पर मुम्बई और सूरत के सात टिकट एक साथ बनाये गये सबसे बड़ी बात थी कि सातों टिकट के लिए बारी-बारी से बाबू की ओर से टिकट का दाम नहीं मांगा गया, इसके अलावा दूसरे काउण्टर पर भी युवक पूरी तरह से सक्रिय थे।

इन युवकों का आरक्षण करने में ही तीन से पांच मिनट का समय गुजर गया, अब युवक वहां से हट चुके थे लेकिन किसी भी युवक ने टिकट नहीं लिया युवकों के जाने के बाद तत्काल के आम यात्री जब टिकट लेने गये तो सभी ट्रेनों में वेटिंग दिखाना शुरु कर दिया।

कुछ देर के बाद युवक आये और टिकट का हिसाब करने लगे जितना पैसा टिकट का हुआ दिया लेकिन बाबू की ओर से पैसे की और मांग की जा रही थी। थोड़ी देर किचकिच हुई इसके बाद युवकों ने बाबूओं की ओर से मांगी जा रही रकम को देते हुए कल फिर आने की बात कर चल दिए इन सब बातों को मै सुन रहा था, और देख रहा था। जिन यात्री को तत्काल का कंफर्म टिकट नहीं मिला वो भुनभुनाते और आरक्षण बाबू को कोसते जा रहे थे। वहां खड़े लोगों ने बताया कि यहां रोज का यही हाल है आरपीएफ की मिली भगत से दलाल सुबह फार्म पर अपना नंबर लिखवा लेते हैं।

इस खेल में आरक्षण कर्मियों का भी योगदान है। रेलवे प्रशासन दलालों पर अंकुश लगाने का तमाम दावा करता है लेकिन सिटी स्टेशन पर सक्रिय दलाल आम यात्रियों के टिकट पर भी अपना हक जमा लेते हैं। लोगों की माने तो यही हाल सुबह दस बजे एसी आरक्षण का भी है, दलाल इसी तरह इस टिकट पर भी सक्रिय हैं।

नियम तो है कि तत्काल का समय होते ही आरपीएफ के जवान आरक्षण काउण्टर पर खड़े रहें और सभी फार्मों की जांच करें लेकिन सिटी स्टेशन पर ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। इस संदर्भ में सिटी स्टेशन के एसएस अशोक कुमार पाठक ने सिरे से पल्ला झाड़ लिया और कहा कि यह काम आरपीएफ का है।

# एक दिवसीय शैक्षणिक समागम के दौरान कौशल विकास पर जोर



**बाबतपुर।** बाबतपुर स्थित राज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कॉलेज में रविवार को एक दिवसीय शैक्षणिक समागम का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत कौशल विकास पर विशेष जोर देते हुए नेस्ट कक्षाओं के आयोजन पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन राजदेव सिंह पूर्व विधानसभा परिषद सदस्य गाजीपुर के द्वारा किया गया। उक्त शैक्षणिक समागम का प्रमुख उद्देश्य संस्था में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी साझा करन के साथ-साथ छात्रों को कैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से रोजगार परक बनाया जाए इस विषय पर चर्चा की गई। संस्था के निदेशक डॉ. राहुल ने बताया कि 2011 में प्रबंध शास्त्र के पाठ्यक्रम के साथ ही पठन-पाठन का कार्य आरंभ हुआ और नए नए पाठ्यक्रम बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीएससी, एमकॉम, एमएससी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं बीए जैसे पाठ्यक्रम धीरे धीरे जुड़ते चले गए और वर्तमान शैक्षणिक सत्र में एमएससी प्राणी विज्ञान व डी फार्मा पाठ्यक्रम की शुरूआत होने जा रही है। कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा विभिन्न सुझाव दिए गए। शैक्षणिक समागम में आए गणमान्य का स्वागत अभिनंदन चेयरमैन द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षा निदेशक विवेक प्रकाश दुबे, पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य अमित तिवारी, कोर्स कोऑर्डिनेटर पीयूष श्रीवास्तव मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत संगीत नृत्य के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में प्रियंवदा सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह, कृष्णकांत, अजय कुमार बेबी, गोल्डी कक्कड़, नवीन कुमार, विकास, अंकित कुमार, प्रियंका सिंह, वैशाली सिंह, श्वेता पांडे, संतोष पांडे, लखेंद्र पटेल सहित विद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## संक्षेप

### श्रमदान कर आम के पौधे का किया रोपण



**वाराणसी।** सृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने रविवार को रामकटोरा स्थित श्री राम जानकी मंदिर में श्रमदान कर आम के पौधे का रोपण किया। पौधे के संरक्षण का दायित्व फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट रामेंद्र नारायण मिश्र को दिया गया। जिसे उंहोंने सहर्ष स्वीकार किया। उक्त कार्यक्रम में सदस्यों ने मंदिर की साफ सफाई कर दर्शन पूजन भी किया। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने किया। इस दौरानसंजय रस्तोगी, ऋतुराज श्रीवास्तव, रामेंद्र नारायण मिश्र, उदय श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।

### शहर की सड़कों पर दौड़ रहे निगम के फव्वारे वाले वाहन

**वाराणसी।** जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर शहर भर में सजावट का कार्य जारी है। सड़कों को धूल मुक्त करने के लिए निगम की ओर फव्वारा युक्त वाहनों से सड़कों पर पानी के छिड़काव किए जा रहे हैं। इसके अलावा डिवाईडर पर रंगाई और मार्ग पर आकर्षक गमलों की सजावट का कार्य भी किया जा रहा है। शहर की सड़कों पर रविवार को फव्वारा युक्त वाहनों से पानी का छिड़काव किया गया। जिसके साथ ही सड़क किनारों पर सजावटी पौधें लगे गमलों को भी लगाने का कार्य जारी रहा। इसी क्रम में कई स्थानों पर सड़क के बीचोबीच लगे डिवाइडर की भी रंगाई की गई।

### काशी विद्यापीठ में 13 से होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 13 अप्रैल से हाने वाली सभी परीक्षाएं अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। इस दौरान एलएलबी प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं होनी थी। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवरत्न सिंह ने बताया कि स्थगित परीक्षाओं की 22 अप्रैल से नई समय सारिणी की घोषणा की जाएगी।

### शीतला धाम के लिए ध्वजा पताका लेकर निकले भक्तजन

**मिर्जामुराद।** अदलपुरा स्थित शीतला धाम में मत्था टेकने के लिए रविवार को ढोल-नगाड़े संग भक्तों का हुजूम निकला। मां के दरबार में हवन-पूजन के बाद चढ़ाने के लिए भक्तजन हाथों में बड़े-बड़े ध्वज लिए हुए थे। देवी भगत मुन्नू, लालजी, हीरा व नखडू के नेतृत्व में गौर, खालिसपुर, टिकरा व अमिनी गांव से महिला-पुरुष भक्तजन धाम के लिए जयकारा लगाते रवाना हुए।

### संपूर्णानंद में पीएचडी उपाधि के लिए मौखिक परीक्षा की तिथि जारी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में (पीएचडी) उपाधि के लिए पंजीकरण मौखिक परीक्षा के लिए अनुसंधानोपाधि समितियों की बैठकें कुलपति कार्यालय में 20, 24, 25 एवं 26 अप्रैल को होंगी। कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने बताया कि विभागवार 20 अप्रैल को बौद्ध दर्शन, प्राकृत एवं जैनागम, संस्कृत विद्या, पालि एवं थेरवाद, वेदांत, तुलनात्मक धर्म दर्शन और सांख्ययोग तन्त्रागम की मौखिक परीक्षा, 24 अप्रैल को व्याकरण, धर्मशास्त्र, वेद और ज्यौतिष जबकि 25 अप्रैल को साहित्य, पुराणेतिहास के अलावा 26 अप्रैल को शिक्षाशास्त्र, भाषा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान की मौखिक परीक्षाएं होंगी। पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किये समस्त शोधार्थियों को निर्देशित किया गया है कि अपने विभाग के सम्मुख उक्त तिथि एवं समय पर समस्त अंक पत्रों, प्रमाणपत्रों आदि की मूल प्रतियों के साथ मौखिक परीक्षा में उपस्थित होंगे। शोध परीक्षा में उत्तीर्ण ऐसे छात्र जो पूर्व में आवेदन से वंचित रह गये हैं वह 18 अप्रैल तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेते हैं।

### सीएनजी और पीएनजी के दाम हुए सस्ते

**वाराणसी।** कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की कीमतें रविवार से कम हो गयी। दोनों की कीमतों में करीब सात रुपये की कटौती की गई है। सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में कमी का जिले करीब 41 हजार ग्राहकों को मिलेगा। गेल सूत्रों की मानें तो घरेलू पीएनजी का दाम पहले 62.32 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो घटकर 55.32 रुपये हो गया है। इसी प्रकार, सीएनजी की कीमत पहले 90.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो अब कम होकर 83.67 रुपये हो गया है। कंपनी के मार्केटिंग विभाग के प्रवीण गौतम ने बताया कि जिले में 22500 घरों में पीएनजी पर खाना पक रहा है। प्रतिदिन पीएनजी की खपत 8700 क्यूबिक मीटर है। जबकि जिले में 19 सीएनजी स्टेशनों से रोजाना लगभग 65000 किलोग्राम सीएनजी की खपत होती है। सीएनजी से चलने वाले वाहनों की संख्या करीब 21000 है। इनमें करीब छह हजार कार, 15 हजार ऑटोरिक्शा के अलावा कुछ अन्य वाहन भी शामिल हैं। वाहनों के साथ ही गंगा में 583 नावों का संचालन सीएनजी से हो रहा है।

### गिरे कई पोल के उपकरण चोरी, रपट दर्ज

**पिंडरा।** पिछले दिनों आंधी की चपेट में आने से गजोखर से पिंडरा उपकेंद्र को आने वाली 33 केवी लाइन के कई पोल टूट गए थे। इन टूटे पोल पर लगे डिस व पिन इंसुलेटर, क्रॉस आर्म, नट-बोल्ट आदि चोरी चले गये। लाइन को ठीक करने के दौरान यह मामला सामने आया। जेई सर्वेश कुमार ने रविवार को फूलपुर थाने पर अज्ञात के खिलाफ धारा 136 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई।

### बुश प्रतियोगिता में वाराणसी को तीन रजत पदक

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश वुशु एसोसिएशन की तरफ से लखनऊ में सात से नौ अप्रैल को आयोजित 22वी सीनियर राज्य स्तरीय महिला व पुरुष प्रतियोगिता में वाराणसी के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक अर्जित किए। जिला सचिव गोपाल सेठ ने बताया कि महिला वर्ग के 65 किलो भार वर्ग में मुस्कान बिजलानी, 70 किलो भार वर्ग में सुधा सिंह और पुरुष वर्ग के 56 किलो भार वर्ग में अंश तिवारी ने रजत पदक जीता। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर गुमा थापा, दुर्गा थापा, बिंदु सारकी, विजय गौड़, विष्णु चौरसिया, नारायण यादव, दिनकर राय, राम सिंह आदि ने बधाई दी है।

### सपा ने की पार्षद प्रत्याशियों के लिए सघन चर्चा



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी महानगर इकाई ने रविवार को ताबड़ताड़ कई बैठक कर पार्षद प्रत्याशियों के लिए सघन चर्चा की। अध्यक्ष दिलीप डे ने कार्यकर्ताओं से बातचीत कर जिताऊ प्रत्याशियों के बाबत जानकारी ली। विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग हुई बैठकों में अध्यक्ष दिलीप डे ने बताया कि उत्तरी, दक्षिणी, कैंट, शिवपुर व रोहनियां विधानसभा से कटकर आये 10 वार्डों के प्रत्याशियों, वहां के वरिष्ठ नेताओं एवं क्षेत्रीय लोगों से बात करके मजबूत प्रत्याशियों के बारे में जानकारी ले ली गयी है। पार्टी उसी को प्रत्याशी बनाएगी, जिसका अपने क्षेत्र में मजबूत पैठ हो। जो जनता के बीच में रहा हो। पार्टी का निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता हो। पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा करते समय यह भी ध्यान देगी कि सभी जाति और वर्गों के लोगों को प्रत्याशी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मेयर के साथ-साथ 70 से ज्यादा पार्षद जिताकर नगर निगम में भेजने का काम पार्टी करेगी। नगर निगम में हमेशा से भाजपा का ही मेयर रहा है। लेकिन पूरे शहर में मूलभूत सुविधाओं का हमेशा अभाव रहा है। अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को उजाड़ा जा रहा है। उनसे जबरदस्ती चालान के रूप में धन उगाही की जा रही है। यही कारण है कि बनारस के आम जनमानस का झुकाव पार्टी की ओर हुआ है। बैठकों में पूर्व राज्यमंत्री मनोज राय धूपचंडी, बहादुर सिंह यादव, किशन दीक्षित, प्रदीप जायसवाल, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. उमाशंकर सिंह यादव, राधाकृष्ण उर्फ संजय यादव, संजय मिश्रा, सत्यप्रकाश सोनकर सोनू, संतोष यादव बबलू, राजू यादव, उमेश प्रधान आदि थे।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री का डॉ. अशोक राय ने किया स्वागत



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काजीसराय में रविवार को लक्ष्मी हास्पिटल के प्रबंधक निदेशक व भाजपा काशी क्षेत्र के चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा. अशोक राय ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश अरविंद कुमार शर्मा का भव्य स्वागत लक्ष्मी नर्सिंग कालेज काजीसराय में अंगवस्त्रम व पुष्प गुच्छ देकर किया।

अभिनंदन में प्रमुख रूप से रमेश सिंह, मुकेश सिंह, अखिलेश सिंह शाडिल्य, गोविंद नारायण राय, सौरभ तिवारी, गोरे सिंह, शुभम सिंह, विपिन सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# होम्योपैथी सरल, सहज, दुष्प्रभावरहित चिकित्सा पद्धति

**संगोष्ठी**

### विश्व होम्योपैथी दिवस की पूर्वसंध्या पर राजकीय होम्योपैथिक जिला चिकित्सालय में संगोष्ठी आयोजित

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** विश्व होम्योपैथी दिवस की पूर्वसंध्या पर रविवार को भेलूपुर स्थित राजकीय होम्योपैथिक जिला चिकित्सालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

होम्योपैथी चिकित्सा कार्यक्षेत्र, सिद्धांत एवं होम्योपैथिक से जुड़ी भ्रांतियां विषय पर आधारिक वैज्ञानिक संगोष्ठी में लोगों को सम्बोधित करते हुए होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि होम्योपैथी प्राकृतिक सिद्धांतों पर कार्य करती है और इसकी दवाएं अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाती हैं।

होम्योपैथी में मरीज के स्वयं के और उसके बीमारी के लक्षणों के आधार पर दवा का चयन किया जाता है, चयन सही होने पर मरीज को रोग से समूल मुक्ति मिलती है। डॉ गुप्ता ने कहा कि होम्योपैथिक दवाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्युनिटी को बढ़ाती हैं और इसके द्वारा बढ़ती उम्र की बीमारियों को काफी हद तक रोका जा सकता है। होम्योपैथी की खोज महात्मा हैनिमैन ने 1796 में जर्मनी में की थी, और उन्हीं के स्मरण में हर साल 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। संगोष्ठी में डाक्टर निधि चौहान, नरेन्द्र प्रताप सिंह, संदेश प्रजापति, सत्यम, विकास मिश्रा, प्रतिमा, रीता जायसवाल, पुनीत, महेश, इकरामुद्दीन आदि थे।

### आज मनायी जायेगी हैनीमैन की जयंती

क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन एक जर्मन चिकित्सक थे, जिन्हें होम्योपैथी, एक छद्म वैज्ञानिक वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली विकसित करने के लिए जाना जाता था। हैनिमैन ने व्यापक रूप से चिकित्सा का अध्ययन किया और 10 अगस्त, 1779 को एर्लांगेन विश्वविद्यालय से एमडी प्राप्त किया। उन्होंने एक ग्रामीण चिकित्सक का पद ग्रहण किया। हैनीमैन उन सेवाओं और सुविधाओं से असंतुष्ट थे जो उस समय चिकित्सा प्रदान कर सकती थीं, और वे रक्तपात और लीचिंग विधियों के विरोध में थे। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि अपने एमडी का पीछा करते हुए उन्होंने जो ज्ञान प्राप्त किया है, वह रोगी को अच्छे से अधिक नुकसान पहुँचाने की क्षमता रखता है। प्रति वर्ष 10 अप्रैल को इनकी जयंती मनायाी जाती है सोमवार को विभिन्न स्थानों व होम्योपैथिक संस्थानों में इनकी जयंती मनायी जायेगी।

# जिले में कोरोना के मिले छह मरीज

**बरतें सावधानी**

### बोले चिकित्सक दूसरे का साबुन व तौलिया उपयोग करने से भी बचें

**वाराणसी।** एक बार फिर से कोरोना के मरीजों के मिलने से लोगों में दहशत हो गयी है। बीते एक पखवाड़े से लगातार कोरोना के मरीजों के मिलने का क्रम जारी है। रविवार को जिले से कुल छह मरीज मिलने से इनकी कुल संख्या 78 हो गयी, एक्टिव मरीजों की संख्या 46 है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार लोगों को सावधानियां बरतने को कहा जा रहा है। इसके चलते मॉस्क लगाने के साथ ही सोशल डिस्टेंसिग का पालन भी करने का निर्देश दिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जाने से बचने को कहा जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संदीप चौधरी ने लोगों से अपील किया है कि वह बिना काम के सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचे इसके साथ ही मास्क प्रयोग करें।

### इस दौरान क्या न करें

लोगों से दूरी बनाकर रहें व अभिवादन करते समय हाथ न मिलाएं और न ही गले लगाएं, सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से परहेज करें, दूसरों के साथ भोज्य पदार्थ व पेयजल साझा न करें, चिकित्सीय परामर्श के बिना दवा का सेवन न करें, किसी और के नहाने का साबुन व तौलिया इस्तेमाल न करें।

### इन स्थानों पर मिले मरीज

बाबतपुर, बड़ागांव, महमूरगंज, चितईपुर, लंका शामिल है।




डॉक्टरों का कहना है कि कोरोना देश भर में फिर से अपना प्रसार कर रहा है। वहीं, इसके लक्षण भी ओमिक्रॉन वाले ही हैं। इधर-बीच आए मरीजों में सबसे ज्यादा लूज मोशन, उल्टी, गले में दर्द, सिर भारी के लक्षण दिख रहे हैं।इसके बाद सिर दर्द, सर्दी, बुखार आदि भी देखे जा रहे हैं। इसका लक्षण हूबहू ओमिक्रॉन की तरह का है। बताया जा रहा है कि फेफड़ों में संक्रमण भी लक्षण हैं।

### इस दौरान क्या करें

भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और मास्क पहनें। संक्रमण के लक्षण दिखने पर स्वयं को लोगों के संपर्क में आने से बचाएं। खांसते-छींकते समय नाक व मुंह को रुमाल या टिशू से ढकें। तरल व सुपाच्य पदार्थों का सेवन करें। बार-बार आंख व नाक को न छूएं। बुखार आने पर चिकित्सीय परामर्श से दवा का सेवन करें।

## पशुपालक विश्वविद्यालय परिसर से अपने जानवरों को तत्काल हटाएं: प्रो. गर्ग

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में पशुपालकों से गाय-भैंस को तत्काल हटाए जाने के निर्देश दिए गए। चीफ प्रॉक्टर (विनयाधिकारी) प्रो. दिनेश कुमार गर्ग ने रविवार को बताया कि आधिकारीक स्वीकृति के निर्देश पर परिसर से गाय-भैस को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया है। उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव द्वारा पांच और छह अप्रैल को विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया था, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय को शख्त निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय परिसर में गाय भैंस घूमते हुए पाये गए, जिससे गंदगी फैल रही है। जिन्हें तत्काल विश्वविद्यालय परिसर से हटाया जाए। प्रो. गर्ग ने बताया कि इस संबंध में मिले निर्देश के बाद समस्त अध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि 24 अप्रैल तक अपने-अपने जानवरों को परिसर से हटा लिया जाय, अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक व विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# प्रभु श्रीराम के उपासक थे कोनिया रामलीला समिति के संस्थापक

**याद**

### भंडारे का आयोजन कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**वाराणसी।** किसान चौक कोनिया में नवयुवक बाल सभा रामलीला समिति के संस्थापक जीऊत लाल बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। बाबाजी विगत 28 मार्च को सौ वर्ष की उम्र में अपनी प्राण त्यागे। वह बचपन से हो प्रभु श्री राम जी के जीवन आदर्श से प्रभावित थे, सन 1970 में से नन्हे मुन्नों बच्चो को लेकर वह रामलीला की कोनिया में शुरूआत की थी जो आगे चलकर व्यापक रूप मे हो गयी।

कोनिया की रामलीला. कार्तिक वदी सप्तमी को मुकुट पूजा से आरम्भ हो कोटी विदाई को सम्पूर्ण होती है। जो लगभग एक माह तक निरंतर चलती है। साहित्यकार डा. जयशंकर जय ने बताया जीऊत लाल बाबा, अजात शत्रु थे। वह अपने सरल सहज एवं मृदुल व्यवहार से लोगों के प्रिय रहे। साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के अनन्य उपासक थे। उनकी मृत्यु से राजगद्दी चौतरा सूना हो गया।

ररविवार को उनके भंडारे में लोगों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रमुख रूप से समिति के मोतीलाल, हीरालाल बिहारी मौर्य, अशोक कुमार सिंह एडवोकेट अशोक गौड़ मदन यादव, शुभम, राजेन्द्र, राज प्रेम चन्द्र चन्दन मौर्य, रामसिंह सोती लाल, अवधेश प्रसाद, संदीप, अनूप चौबे, कमलेश दूबे, अजनी सिंह, अश्वनी एडवोकेट, रामसागर मास्टर, नन्दलाल यादव आदि लोग बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# लापरवाही के चलते सांसत में यात्रियों की जान

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर इन दिनों पार्सल के ठेकेदारों के चलते यात्रियों की जांन सांसत में पड़ रही है, यात्री अगर अपनी सूझ बूझ का परिचय ना दे तो ना सिर्फ उनकी ट्रेन छूट जाए बल्कि किसी दिन कोई यात्री ट्रेन की चपेट में भी आ सकता है।

शनिवार को पार्सल एक्सप्रेस से आये पार्सल के बंडल को ठेकेदार के लोगों ने प्लेटफार्म पर ही उतारकर छोड़ दिया, इतना ही नहीं प्लेटफार्म के नीचे ट्रैक के दूसरी तरफ भी पार्सल के कुछ बंडल ऐसे ही छोड़ दिया गया। रात तक सभी बंडल प्लेटफार्म पर ऐसे ही पड़े रहें, रात लगभग 12 बजे के आसपास छपरा-लखनऊ एक्सप्रेस के आने के बाद यात्रियों को बोगी में चढ़ने का स्थान नहीं मिल पाया इतना ही नहीं पार्सल के कारण यात्री ट्रेन के पीछे वातानुकूलित व स्लीपर बोगी में भी चढ़ने को परेशानी दिखे। इसकी सूचना किसी ने स्टेशन मास्टर को दी इस पर मौके पर पहुंचे स्टेशन मास्टर ने पॉवर केबिन में बात कर ट्रेन को अपने निर्धारित समय से कुछ देर अतिरिक्त रुकवाया, लोगों की मानें तो अगर ट्रेन उसी समय चलती तो यात्रियों के साथ दुर्घटना होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता था।



# नोडल अधिकारी ने नगर निगम के कार्यों का किया निरीक्षण

**जायजा**

### निगम के अधिशासी अभियंता एवं क्षेत्रीय अवर अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

**वाराणसी।** विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, उप्र शासन व नोडल अधिकारी राजेंद्र पैंसिया रविवार को काशी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर में संचालित नगर निगम की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। नगर विकास विभाग से संबंधित शहर में चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कुछ स्थानों पर निर्माण समग्रीयों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए निगम के अधिशासी अभियंता एवं क्षेत्रीय अवर अभियंता के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान भेलूपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर जलकल महाप्रबंधका द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 1964 में 250 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया था, जिसके द्वारा शहर के वरुणा क्षेत्र में जलापूर्ति की जाती है। योजना पुरानी होने और उपकरणों व सिविल स्ट्रक्चर के आयु पूर्ण हो जाने व भदैनी इनटेक वेल के पंप के ठीक से कार्य न करने के कारण प्लांट से लगभग आधी क्षमता 110 एमएलडी पर ही जलापूर्ति हो पा रही है।

पूर्ण क्षमता पर चलाये जाने के लिए अमृत योजना के अंतर्गत अब तक 58 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका हैं, अवशेष कार्य दिसंबर 2023 तक पूर्ण किये जाने की संभावना है। राजेंद्र पैंसिया द्वारा निर्देश दिये गये कि कार्यों को निर्धारित समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। रोड कटिंग के दौरान मलवा इत्यादि को तुरंत हटाया जाये, जिससे जनता को परेशानी न हो।

पाइप लाइन बिछाने के बाद यथाशीघ्र सड़क के पुर्नस्थापना का कार्य कराया जाये। उनके द्वारा बड़ालालपुर क्षेत्र में टीएफसी के पास मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत कराये जा रहे इंटरलाकिंग के कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि कार्य की गुणवत्ता काफी खराब है, वहाँ पर घटिया स्तर के इंट लगाये जा रहे थे, साथ ही टीएफसी के सामने पार्क में जो झूले लगाये गये हैं वे काफी खराब पाये गये। इस पर निगम के अधिशासी अभियंता एवं क्षेत्रीय अवर अभियंता के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उसके पश्चात नोडल अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत डूडा विभाग के द्वारा कराये जा रहे 3 आवासों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कार्य संतोषजनक पाया गया।

पैंसिया द्वारा छितौनी स्थित कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कान्हा उपवन को मॉडल गौशाला की तरफ बनाने का निर्देश दिया गया। वाराणसी स्मार्ट सिटी द्वारा बनायी गयी गौशाला की बनावट को सुधार करने, गौशाला में वाल पेंटिंग कराने, हरा चारा उगाने, गौशाला कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और परिसर में सरोवर बनाने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, महाप्रबधंक जलकल रघुवेंद्र कुमार, सीएमओ डॉ. अजय प्रताप सिंह, परियोजना प्रबंधक उप्र जल निगम आदि अधिकारी उपस्थित थे।

**तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर**

**निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को निम्न सामग्री हेतु गिट्टी, मोरंग बालू, सफेद बालू, भस्सी, सिमेंट, ईट, ईट टुकड़ा, सरिया, टाइल्स, दरवाजा, खिड़की, फर्नीचर, टेबल, बेंच, पेंट, मिट्टी, पानी फिटिंग सामान (पलम्बरिंग सामान) भवन निर्माण (लेबर कान्ट्रेक्टर), लोहे का सामान, अल्मुनियम सामग्री तथा ब्रोसर (प्रवेश परीक्षा विवरण पुस्तिका) एवं अन्य सामग्री हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म कार्यालय से निविदा फार्म रूपया 300/- (तीन सौ मात्र) जमाकर प्रत्येक कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है। इच्छुक फर्मे दिनांक 10.04.2023 से 20.04.2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक सील बंद तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफे में रखकार एवं दोनो (तकनीकी एवं वित्तीय) निविदाओं को एक बड़े लिफाफे में रखकर प्राचार्य कार्यालय के निविदा बाक्स में डालना होगा। निविदाएं निविदा समिति / क्रयसमिति द्वारा दिनांक 21.04.2023 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धित शर्तो/अइनियमों की जानकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकतें है। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार निविदा समिति को होगा। जिस फर्म की तकनीकी निविदा पूर्ण होगी उसी फर्म की निविदा खोली जायेगी। सामग्री क्रय की वैधता निविदा खुलने के पश्चात कार्यालय आदेश प्राप्त दिनांक से दिनांक 31.03.2024 तक ही मान्य होगी। विस्तृत जानकारी हेतु **श्री पंकज कुमार सिंह**, मो० नं०- 9621386449, 7007392016 से सम्पर्क करें।

संयोजक क्रयसमिति    प्राचार्य    प्रबन्धक

# ज्ञानकुंज एकेडमी में हुई प्रवेश परीक्षा

**आयोजन**

### 14 को जारी होगी सफल अभ्यर्थियों की सूची

**सिकंदरपुर।** ज्ञानकुंज एकेडमी बंशी बाजार में सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश परीक्षा का दूसरा चक्र सम्पन्न हुआ। इसमें पूर्व प्राथमिक यूकेजी से लेकर नौवीं और 11वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा आयोजक दीपक तिवारी ने बताया कि इस बार यूकेजी में 15 छात्र, कक्षा एक में 30, कक्षा दो में 38, कक्षा तीन में 42, कक्षा चार में 55, कक्षा पांच में 34, कक्षा छह में 68, कक्षा सात में 38, कक्षा आठ में 92, कक्षा नौ में 92 और 11वीं में 60 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इस प्रकार कुल 568 अभ्याार्थियों ने द्वितीय चक्र की परीक्षा में भाग लिया।

श्री तिवारी ने बताया कि प्रथम चक्र की प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश पाए हुए अभ्यर्थियों के समायोजन के उपरान्त शेष बचे सीटों के लिए द्वितीय चक्र के अभ्यर्थियों की सूची 14 अप्रैल को जारी की जाएगी। परीक्षा परिणाम को अभ्यर्थी अपने पंजीत मोबाइल नम्बर पर देख सकेंगे। साथ ही बोर्ड पर भी नोटिस चस्पा की जायेगी। प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय के पुराने विद्यार्थी और प्रथम चक्र की प्रवेश परीक्षा में उपयुक्त अभ्यर्थियों के समायोजन के बाद ही द्वितीय चक्र से सीटे तय की जाएगी। उप प्रधानाचार्या शीला सिंह ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों का प्रवेश शीघ्र करा ले। अन्यथा देरी के कारण पठन-पाठन की प्रक्रिया बाधित हो सकती है।

प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने कहा कि ज्ञानकुंज की महत्ता पढाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट स्तर की है। विद्यालय के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप पाण्डेय ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शीबा, राकेश पाण्डेय, कुसुम लता, अनिल साहनी, अविनाश तिवारी, वंदना उमरा, संदीप, आरजू तहसीन आदि मौजूद रहे।


ज्ञानकुंज एकेडमी में प्रवेश परीक्षा देते बच्चे

## बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**बलिया।** बसपा के नगर पालिका परिषद बलिया की आवश्यक बैठक रविवार को टीडी कालेज के समीप स्थित एक निजी हाल में हुई। मुख्य अतिथि आजमगढ़ मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी सोहिल नाथ वर्मा ने समीक्षा के दौरान 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण पाया, जबकि 25 प्रतिशत अधूरे कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। विशिष्ट अतिथि महफूज आलम ने 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती कदम चौराहा गौशाला रोड पर मनाया जायेगा। मौके पर अजय राम, अशोक कुमार, निराला, चंद्रशेखर माली, विनोद, अशोक, विनोद वर्मा, कलामुद्दीन अंसारी, मनोज राम, झिंगुर राम, हरिहर प्रसाद, भरत, प्रभुनाथ राम, जयराम, चुन्नू, धीरज भारती, शिवजी राम, मुन्ना, सुमित प्रसाद, सुनिल, रामजी, रमेश, अजय, जवाहर आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता धनजी तथा संचालन कृष्ण कुमार भारती ने किया।

## संक्षेप

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न



**लालगंज।** ग्राम पंचायत हृदयपुर के युवकों द्वारा रविवार को रामनाथ पाठक इंटर कालेज मुरारपट्टी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सुबह की पाली में जूनियर वर्ग के 225 छात्र-छात्राएं तथा दूसरी पाली में सीनियर वर्ग के लगभग 175 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इसके लिए पोस्टर आदि से प्रचार-प्रसार भी किया गया था। कार्यक्रम के आयोजक दिवाकर राम ने बताया कि 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर दिवाकर कुमार, प्रभाकर कुमार, नीरज कुमार, मकरध्वज राम, पूर्व प्रधान अजय राम आदि मौजूद रहे।

### प्रीतम हत्याकांड का मुख्य आरोपी रोहित गिरफ्तार

**बलिया।** सुखपुरा थाना के वन विहार मोड़ के समीप बिहार निवासी युवक की सरेराह हत्या करने वाला मुख्य आरोपी रोहित मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे चालान कर दिया। इसके साथ ही पुलिस घटना में शामिल अन्य युवकों की तलाश कर रही है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस के सामने वह बार-बार गुहार लगाते हुए गिड़गिड़ा रहा था। बता दें कि शहर के सटे वन बिहार मोड़ के समीप दो अप्रैल की शाम बिहार डुमरांव के नेनुआ निवासी दो युवक मौसी से मिलकर वापस घर लौटते समय पहले से घात लगाए दर्जनों युवकों ने अचानक हमला कर लाठी-डंडे, राड व ईंट से पिटाई कर भाग गए। इसमें प्रीतम पाठक की मौत हो गई और साथी नीशु पाठक घायल हो गया। घटना के दूसरे दिन चाचा पिंटू पाठक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। तीसरे दिन पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए अनीश सिंह निवासी परिखरा व अनुज राय निवासी नारायणपुर, थाना बांसडीह रोड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी रोहित मिश्रा मृतक प्रीतम पाठक की मौसी की बेटी से प्यार करता था। प्रीतम पाठक द्वारा विरोध करने पर साथियों संग हमला कर पिटाई कर दी, जिसमें मौत हो गई। घटना के बाद प्रेमिका की सूचना पर रोहित सभी साथियों संग भूमिगत हो गया था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया।

### घायलों की बचायी जा सकती है जान : अजीत सिंह



**बलिया।** असर्फी हास्पिटल, पालिटेक्निक रोड बलिया द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। अस्पताल के महाप्रबंधक अजीत सिंह और आईसीयू तकनीशियन सौमित्रो जाना ने कोतवाली के पुलिस कर्मियों को किसी भी प्रकार की आपदा या दुर्घटना में मूर्छित व्यक्तियों की जान कैसे बचा सकते हैं? इसके लिए प्रशिक्षण दिया। ट्रेनिंग के दौरान अजीत सिंह ने बताया कि आज कल अफरा-तफरी, भगदड़, आगजनी या सड़क दुर्घटना काफी बढ़ गयी है, लेकिन इसमें घायल बहुत से लोगों की जान बचाई जा सकती है। अगर उन्हे मौके पर बेसिक लाइफ सपोर्ट दिया जाय। मगर इसकी जानकारी के अभाव में मौके पर लाइफ सपोर्ट नहीं मिलने के कारण बहुत से लोग दम तोड़ देते हैं। इस ट्रेनिंग में पुलिस कर्मियों को सीपीआर और कृत्रिम श्वास की विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। अजीत सिंह ने बताया कि असर्फी हास्पिटल में वेंटीलेटर, ट्रेंड डाक्टर और तकनीशियन की उचित व्यवस्था मौजूद है। ऐसी किसी होनी-अनहोनी घटना पर कोई भी किसी भी वक्त आकर अपना उचित इलाज करा सकता है। संचालन असर्फी हास्पिटल के आपरेशन मैनेजर प्रवीण सिंह ने किया। कोतवाल राजीव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### कचरा प्रबंधन को प्रशिक्षित होंगे प्रधान व पंचायतकर्मी

**बलिया।** जिले की ग्राम पंचायतों में शासन की ओर से स्वच्छ भारत मिशन प्लस फेज-1 के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन का काम चल रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत जिले के ग्राम प्रधान और पंचायतकर्मी प्रशिक्षित किए जाएंगे। उप निदेशक पंचायतीराज ने पत्र जारी कर निर्देश दिया है। मास्टर ट्रेनर के लिए डीसी समेत पांच सिविल इंजीनियर प्रशिक्षण लेने के लिए निदेशालय भेजे जाएंगे। 2023-24 में एसबीएम प्लस फेज-2 के तहत चयनित ग्राम पंचायतों की सूची भी जल्दी ही आने वाली है। इन गांवों में कार्य कराने में कोई दिक्कत न आए। इसके लिए शासन ने ग्राम प्रधानों व पंचायत कर्मियों को प्रशिक्षित करने की योजना पर काम शुरू किया है। योजना के तहत सबसे पहले डीसी स्वच्छ भारत मिशन के साथ ही पांच सिविल इंजीनियर मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जाना है। उप निदेशक पंचायतीराज की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रशिक्षण से लौटने के बाद मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला मुख्यालय पर संचालित पंचायत रिसोर्स सेंटर में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, सफाई कर्मी व पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण देने का काम करेंगे। इस संबंध में डीपीआरओ यतेंद्र सिंह ने कहा कि फेज-1 में पांच हजार और उससे ऊपर आबादी वाले गांव लिए गए थे। फेज-2 में पांच हजार से नीचे आबादी वाले 50 फीसदी गांवों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया निदेशालय स्तर से की जाएगी।

## शाखा टोली शिविर में शामिल हुए स्वयंसेवक

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया जिले की शाखा टोली शिविर का आयोजन नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर में सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी शाखाओं की शाखा टोली के साथ ही खण्ड, नगर, जिले, विभाग व प्रान्त कार्यकारिणी के कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला संघचालक भृगु जी, गोरक्ष प्रान्त के सह प्रान्त कार्यवाह विनय जी, गोरक्ष प्रान्त के सह प्रान्त शारीरिक शिक्षण प्रमुख अतुल ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। चर्चा के अंतर्गत 12 से 14 मार्च तक हरियाणा के पानीपत जिले में स्थित पट्टीकल्याण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में पारित प्रस्ताव को सह जिला कार्यवाह अरुण मणि ने पढ़कर सुनाया। सह प्रान्त कार्यवाह विनय ने प्रतिनिधि सभा की बैठक की रूपरेखा एवं अनुभव किये गए संस्मरण का विस्तार से वर्णन किया तथा उस प्रस्ताव में पारित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रयास का आह्वान किया। अंत मे सह विभाग कार्यवाह संजय शुक्ल ने शाखा शिविर के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक तुलसीराम, जिला कार्यवाह हरनाम, सह जिला कार्यवाह अरुण मणि आदि मौजूद रहे।

# लूट की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**कार्रवाई**

### तलाशी के दौरान दो तमंचा एवं दो कारतूस बरामद

**बैरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर चार दिन पूर्व मठ योगन्द्र गिरी में स्थित पेट्रोल पंप के समीप हुए लूट की घटना ने नया मोड़ ले लिया है। बैरिया पुलिस एवं स्वाट टीम ने लूटी गई मोटरसाइकिल को शनिवार की देर रात नौका टोला के पूरब जीन बाबा के स्थान से बरामद कर दो लूटेरो को गिरफ्तार किया, जबकि तीसरा लूटेरा भागने में सफल रहा। पकड़े गए लूटेरों के पास से लूटी गई एक मोटरसाइकिल हीरो होडा प्रो के अलावा दो तमंचा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि सारण जनपद अंतर्गत डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी अड्डा गांव निवासी धर्मजीत सिंह चार दिन पूर्व किसी कार्य से बैरिया आया था। वहां से देर रात लौटते समय कुछ लोगों ने मारपीट कर उसकी मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन लूट लिया था। पीड़ित द्वारा धतूरी टोला के मोहम्मद आजाद सहित दो अन्य लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। पुलिस ने इसे स्वाट टीम की मदद से गंभीरता पूर्वक जांच किया तो नामजद किए गए लोग सही आरोपी नहीं थे।

मुखबीर की सूचना पर दोकटी थाना क्षेत्र के कर्ण छपरा गांव निवासी आदित्य सिंह व मितुल सिंह को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद कर लिया गया, जबकि प्रकाश सिंह निवासी सारण लूटी गई मोबाइल के साथ फरार हो गया।

एसएचओ ने बताया कि मुखबीर से मिली सूचना के अनुसार आदित्य सिंह एवं मितुल सिंह निवासी करण छपरा एवं प्रकाश सिंह निवासी सारण लूटी गई मोटरसाइकिल पर चढ़कर बैरिया आ रहे थे। जिन बाबा स्थान के पास घेराबंदी की गई तो पीछे बैठा प्रकाश सिंह मोटरसाइकिल से कूदकर भाग गया, जबकि उक्त दोनों लोगों को लूट की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी में चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्र, स्वाट टीम के प्रभारी अजय यादव सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स शामिल रही।


बैरिया थाना में पकड़े गये लूटेरों के साथ पुलिस टीम

### चोरों ने बाइक पर हाथ साफ किया

**बलिया।** मोटरसाइकिल खड़ा करके खेत में भूसा बनवाने जाना एक युवक को महंगा पड़ गया। चोरों ने मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है। मनियर थाना क्षेत्र के बहदुरा निवासी शिवजी यादव पुत्र रामायण यादव अपनी बाइक चंदायर डीह पर खड़ा करके शनिवार की रात 11 बजे खेत में भूसा बनवा रहे थे। भूसा बनवा कर वापस लौटते समय देखा कि जहां मोटरसाइकिल खड़ा किए थे, वह वहां नहीं थी। काफी खोजबीन की, लेकिन मोटरसाइकिल नहीं मिली। पीड़ित ने इसकी सूचना अगले दिन मनियर पुलिस को दे दी।

## चोरी की मोबाइल के साथ पकड़े गये तीन युवक

**बैरिया।** मुकामी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शनिवार को यादवनगर चांददियर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से मोबाइल चोरी करने के तीन आरोपियों को तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

बिहार के रामेश्वर टोला (सिताब दियार), थाना रिबिलगंज, जिला सारण निवासी तूफानी महतो पुत्र रविन्द्र महतो का मोबाइल फोन जिन बाबा के पास से सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से लौटते समय पिछले 25 मार्च को चोरी हो गया था। पीड़ित के चचेरे भाई अक्षयलाल महतो पुत्र रामजी महतो ने इस बाबत बैरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज चांददियर गुरुप्रसाद सिंह अपने सहयोगियों के साथ एनएच-31 पर चांददियर के निकट वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी तीन लोग बिहार की तरफ से आते दिखे। पुलिस को देख तीनों लोग सड़क के नीचे उतर कर पगडण्डी के रास्ते जाने लगे। पुलिस को शक हुआ तो तीनों लोगों को दौड़ाकर पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर अंकित यादव निवासी टोला शिवनराय के पास से चोरी की मोबाइल मिली। उसके साथ रविन्द्र यादव एवं देवेन्द्र सिंह उर्फ हैप्पी सिंह की तलाशी ली गयी। इसमें हैप्पी सिंह के पास से तमंचा एवं कारतूस बरामद हुआ। अंकित यादव ने बताया कि मैं रविन्द्र यादव व देवेन्द्र सिंह उर्फ हैप्पी सिंह साथ में मिलकर कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिये है। यह मोबाइल हम लोग जिन बाबा के पास से विगत 25 मार्च को चुराए थे। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को चालान न्यायालय कर दिया।

# प्राकृतिक खेती को अपनायें किसान

**बोले नीरज शेखर**

### राज्यसभा सांसद ने किसानों में किया मोटे अनाज का वितरण

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** सामाजिक न्याय सप्ताह के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न जनजागरण अभियान के क्रम में भाजपा किसान मोर्चा बलिया द्वारा विकास खंड हनुमानगंज पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने अपने विदेश यात्रा में इजराइल के किसानों की चर्चा करते हुए कम भूमि पर अधिक उत्पादन करने का टिप्स दिया। उन्होंने प्राकृतिक खेती को अधिक से अधिक करने का आग्रह किया।

कहा कि रसायनिक उर्वरक से नुकसान हो रहा है। दिन प्रतिदिन जल का स्तर गिर रहा है। आर्सेनिक जल का प्रभाव अनाज पर पड़ रहा है। मोटे अनाज के उत्पादन एवं खाने में प्रयोग करने के कारण मिट्टी और मानव जीवन भी स्वास्थ्य रहेगा। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने किसानों में मोटे अनाज का वितरण किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार पाण्डेय ने किसानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि मोदी-योगी सरकार दिन-रात किसानों के हित में काम कर रहे है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

अरुण सिंह वन्टू ने कहा कि जी-20 की सभी बैठक में मोटे अनाज यानी श्री अन्न के द्वारा तैयार भोजन कराया जा रहा है, जो हमारे अतिथियों को बहुत पसंद आ रहा है। इस अवसर पर अंजनी राय, रामवचन राय, आशीष शर्मा, संजय गिरि, मायाशंकर राय, मनोज सिंह, अशोक सिंह, अखिलेश पाण्डेय, अरविन्द तिवारी, धर्मवीर सिंह, कमलेश सिंह, मुरलीधर, जितेन्द्र पाण्डेय, एडवोकेट बालजी मिश्रा, प्रदीप राय, अभिषेक पाण्डेय, अनिल यादव, वीरेंद्र यादव, छट्ठू खरवार, मनोज, अरविंद सिंह, अजीत शुक्ला, रजत तिवारी, ध्रुव सिंह, रामनारायण सिंह आदि मौजूद रहे।


हनुमानगंज ब्लॉक पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद नीरज शेखर

## पीड़ित किसानों से मिले विधायक

**बेल्थरारोड।** भीमपुरा थाना क्षेत्र के बरौली से लेकर तिरनई सिवान में शुक्रवार की दोपहर में हुई आगजनी में दर्जनों किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख हो गई थी। इसकी सुचना पर बेल्थरारोड विधायक हंसू राम ने बरौली गांव पहुंचकर किसानों का हाल जाना और हर संभव सहयोग कराने का आश्वासन देते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार से वार्ता कर पीड़ित किसानों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता देने की बात कही। वही, किसानों ने आग लगने का मुख्य वजह भूसाा बनाने वाली मशीनों को ठहराते हुए इन पर रोक लगाने की मांग की।

## शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बांसडीह।** कोतवाली पुलिस ने रविवार को छोटकी सेरिया गांव से कन्हैया सिंह को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि गांव से सहतवार जाने वाली सड़क पर चेकिंग के दौरान कन्हैया सिंह दो गैलन में अवैध शराब लेकर बेचने जा रहा था। कन्हैया सिंह को 60 आबकारी अधिनियम में चालान न्यायालय कर दिया गया।

# एसडीएम ने ओवरलोड ट्रकों को किया सीज


उप्र-बिहार सीमा पर ट्रकों की जांच करते एसडीएम आत्रेय मिश्र एवं अन्य

**बैरिया।** बिहार से उप्र की सीमा में किसी भी सूरत में ओवरलोड ट्रक को घुसने नही दिया जायेगा। इसके लिए अनवरत अभियान चलता रहेगा। यह बातें उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने शनिवार की रात जयप्रभा सेतु के पास मांझी घाट पर ओवरलोड ट्रकों का विशेष जांच अभियान का नेतृत्व करते हुए व्यक्त किया। एसडीएम ने लाल बालू लदे तीन ओवरलोड ट्रकों को सीज कर दिया, जबकि चार ट्रकों का चालान किया। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र से लगातार शिकायत मिल रही थी कि लाल बालू लदे ट्रक ओवरलोड स्थिति में बिहार से आ रहे हैं। इससे हमारी सड़कें टूट रही है। सरकार को राजस्व की हानि पंहुच रहा है। यातायात नियमों का भी उल्लंघन हो रहा है। इसके क्रम में शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह चेकिंग अभियान लगातार चलता रहेगा। किसी का भी ट्रक बिहार से ओवरलोड स्थिति में उप्र की सीमा में नहीं घुसने दिया जाएगा। इस बीच एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने भी लाल बालू लदे ट्रक को ओवरलोड की स्थिति में चांददियर चौकी के पास से सीज कर दिया है। एसडीएम ने खनन विभाग एवं परिवहन विभाग को इस बाबत सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। बताया कि हर हाल में सुनिश्चित किया जाय कि ओवरलोड ट्रक उप्र की सीमा में प्रवेश ना करे।

## आलोक व श्वेता की सफलता पर हर्ष



**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील के ग्राम भुजैनी निवासी आलोक कुमार सिंह ने पीसीएस परीक्षा में 45वां रैंक पाकर पुलिस उपाधीक्षक तथा ग्राम लोहटा पचदौरा निवासी श्वेता मिश्रा ने पीसीएस परीक्षा में 17वीं रैंक हासिल कर एसडीएम बनी है। इन्होंने अपने माता-पिता, गुरु के साथ ही इलाका ही नहीं, बल्कि बेल्थरारोड तहसील सहित जनपद का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के भुजैनी निवासी प्रधानाचार्य राम बचन सिंह के पुत्र आलोक कुमार सिंह ने परिषदीय विद्यालय से लेकर इंटरमीडिएट तक की शिक्षा गांव से ग्रहण कर पीसीएस की मुख्य परीक्षा में 45वां रैंक पाकर पुलिस उपाधीक्षक के पद को सुशोभित किया है। आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मेरे इस सफलता में माता-पिता सहित गुरुजनों का अपार सहयोग व आशीर्वाद है। ये सफलता मुझे दूसरे प्रयास में मिली है। अगर किसी व्यक्ति का इरादा अटल हो तो सफलता उसकी कदम चुमेगी। इसकी खबर मिलते ही गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। शुभकामना संदेश देने के लिए लोगों का तांता लग गया। इससे पूरा क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। वहीं, लोहटा पचदौरा निवासी श्वेता मिश्रा ने वर्ष 2021 में असिस्टेंट कमिश्नर बनी। पुनः पीसीएस परीक्षा पास कर 17वीं रैंक हासिल कर एसडीएम पद को हासिल करने में सफलता पा लिया है। कहा कि जिंदगी के किसी क्षेत्र में सफलता हासिल करनी हो तो एक लक्ष्य होना चाहिए। भीमपुरा थाना क्षेत्र के लोहटा पचदौरा निवासी दयानंद मिश्र की पुत्री श्वेता मिश्रा ने 2021 में प्रथम प्रयास में असिस्टेंट कमिश्नर पद को हासिल किया था और उसी समय कहा था मेरा लक्ष्य कुछ और है। सफल आलोक कुमार सिंह एवं श्वेता मिश्रा को पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय प्रकाश अंचल, पूर्व जिपंस योगेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान जयबहादुर जनता, बलवीर यादव, पूर्व प्रधान शिवबालक यादव, परमा यादव, गोलू यादव, अमित यादव, भावनाथ कुमार आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बांसडीह।** कस्बे के उतर टोला मुहल्ले में शनिवार की देर शाम मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घायल रमाशंकर गोंड की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा कायम किया है। रमाशंकर ने आरोप लगाया है कि मैं अपने घर के पास था तो पड़ोस के लोगों ने मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने सूरज शाह, विजय शाह, मुन्नी देवी व शुभम गोड़ के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

## जयंती समारोह 14 को

**बलिया।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहब डॉ. अंबेडकर संस्थान में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। पूर्वाह्न 11 बजे बुद्ध वंदना, माल्यार्पण के पश्चात पूर्वाह्न 11.30 बजे से विचार गोष्ठी होगा। इसके मुख्य अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, विशिष्ट अतिथि रसड़ा विधायक उमाशंकर सिंह एवं बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल होंगे। यह जानकारी एस प्रताप बैद्य ने दी है।

# मेहनत व लगन से आगे बढ़ रहे बच्चे

**बोले सदानंद सरोज**

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

**नगरा।** सामाजिक संस्था एस सेवा संस्थान द्वारा कौशल ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को रविवार को जनता इंटर कालेज में आयोजित एक सादे समारोह में पुरस्कार वितरित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम रसड़ा सदानंद सरोज ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

प्रतियोगिता में ब्लाक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा संगीता प्रजापति व रागिनी को साइकिल, रागिनी सिंह, सत्यम पटेल व कृति शुक्ला को स्मार्ट एंड्रायड वाच तथा नगद धनराशि के अलावा विद्यालय स्तर के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बैग आदि प्रदान किया गया। एसडीएम रसड़ा सदानंद सरोज ने सभी प्रतिभागियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। कहा कि पहले केवल शिक्षा पर ही ध्यान दिया जाता था, जिससे बच्चों के ऊपर काफी मानसिक दबाव रहता था। अब समय बदल चुका है।


शिक्षा के अलावा खेल, कला सहित अन्य क्षेत्रों में अपने लगन के अनुसार बच्चे आगे बढ़ रहे है और देश एवं समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार भी समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करा रही है, जिससे बच्चों को उनके पसंदीदा क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिले। संस्था के सचिव नित्यानंद पाठक ने बताया कि कौशल ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन संस्था द्वारा नवम्बर से जनवरी माह के बीच में कराया गया था, जिसमें साठ विद्यालयों के 140 बच्चे ब्लाक स्तर पर चयनित हुए थे। उन्हें पुरस्कृत किया गया है। इस अवसर पर पंकज सिंह यादव, रुद्र सिंह, अमित सिंह, विशाल चौबे, अर्जुन मिश्रा, विकास पाठक आदि उपस्थित रहे।


कौशल ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा को साइकिल देते मुख्य अतिथि















# आग से छह परिवारों का आशियाना जलकर राख

**घटना**

### मवेशियों को बचाने के प्रयास में झुलस गई युवती


आग को बुझाते लोग

**सिकन्दरपुर।** नगर के मोहल्ला मिल्की स्थित राजभर बस्ती में छह परिवारों के नौ रिहायशी मड़हे में आग लगने से 56 कुंतल गेहूं, चारा, कपड़ा व खाने-पीने का सारा सामान जलकर राख हो गया, जबकि मवेशियों को बचाने में 18 वर्षीय युवती बुरी तरह झुलस गई। मौके पर तमाम प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। घटना रविवार की दोपहर की है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला मिल्की स्थित राजभर बस्ती में अचानक अज्ञात कारणों से छह परिवारों के नौ मड़हे में आग लग गई। अचानक लगी आग से पूरे मोहल्ले में हाहाकार मच गया। आग इतना भयानक था कि वहां पर खड़ा होना लोगों के लिए मुश्किल था। मोहल्ले के बच्चे, बूढ़े, जवान आग को बुझाने में युद्धस्तर पर लग गए। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह काबू पाया जा सका। जब तक आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका, तब तक डिठु राजभर की तीन झोपड़ी, 10 कुंतल गेंहू, दो चौकी, 10 मन भूसा, तीन कुर्सी जलकर राख हो गया। पप्पू राजभर पुत्र स्व. मिट्ठू राजभर की एक मड़ई में एक भैंस मर गई, जबकि एक पड़िया झुलस गई। एक चौकी एवं एक ठेला जलकर राख हो गया।

कैलाश राजभर की दो मड़ई, एक चौकी, एक ठेला, 10 कुंतल अनाज जलकर राख हो गई, जबकि मवेशियों को बचाने में उसकी 18 वर्षीय पुत्री पिंकी झुलस गई। अभिराज पुत्र स्व. हृदय राजभर की एक मड़ई, एक चारा मशीन, दो चौकी, एक साइकिल, दो बकरी, 10 मन भूसा, आठ कुंतल गेहूं जलकर राख हो गया। रामजी पुत्र मिट्ठू की दो मड़ई, 11 कुंतल गेंहू, दो कुर्सी, एक साइकिल, एक बकरी, पांच मन भूसा जलकर राख हो गया। सुदामा राजभर पुत्र कैलाश राजभर का एक मड़ई, एक चौकी, पांच कुंतल गेहूं, चार मन भूसा, दो कुर्सी जलकर राख हो गई। मौके पर दो घण्टे बाद छोटी वाली फायर ब्रिगेड गाड़ी पहुंची।

# जल्द वापस मिलेगा शिक्षामित्रों का सम्मान


नवनियुक्त प्रांतीय संयुक्त मंत्री अखिलेश पांडेय का स्वागत करते शिक्षामित्र

**बोले अखिलेश पांडेय**

### नवनियुक्त प्रांतीय संयुक्त मंत्री का भव्य स्वागत

**बलिया।** उप्र प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री नियुक्त होने के बाद पहली बार जिला मुख्यालय पहुंचे अखिलेश कुमार पांडेय का रविवार को शिक्षामित्रों ने स्वागत एवं सम्मान किया। नगर में स्थित वैदिक बाल विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बैरिया क्षेत्र के निवासी अखिलेश पांडेय ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रदेश नेतृत्व ने योग्य समझा और मुझे प्रांतीय संयुक्त मंत्री की जिम्मेदारी दी।

कहा कि संगठन और शिक्षामित्रों का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए हमेशा संघर्ष को तैयार रहेंगे। शिक्षामित्रों की समस्याओं चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के कई जनप्रतिनिधियों से बातचीत चल रही है। पूरी उम्मीद है कि जल्दी शिक्षामित्रों का सामान वापस मिलेगा। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि अखिलेश के संयुक्त मंत्री बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी। इससे पहले शिक्षा मित्रों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर परवेज अहमद, अजय श्रीवास्तव, राकेश पांडेय, मंजूर हुसैन, मनीष सिंह, तेजनारायण सिंह, अखिलेश वर्मा, सुग्रीव साहनी, आनन्द पाण्डेय, अवधेश भारती, संजय प्रसाद, अभिषेक पाल, हरेराम यादव, अशोक सिंह, सतेंदर मौर्या, अनिल कन्नौजिया, जितेंदर सिंह, डिंपल सिंह, ममता सिंह, रीता ओझा, पिंकी उपाध्याय, निरुपमा सिंह, रिंकू सिंह आदि रहे। अध्यक्षता रमेश चौबे संचालन निर्भय नारायण राय ने किया।

**संक्षेप**

### 11 से 17 अप्रैल तक नामांकन और 11 मई को होगा मतदान, 3 मई को होगी मतगणना

**बलिया।** उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। बलिया जिले के दो नगर पालिका व 10 नगर पंचायतों में कौन बनेगा अगला चेयरमैन यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन भिविन्न राजनैतिक दलों का दावा है कि हमारे ही दल से चेयरमैन होगा। बलिया में 11 से 17 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने का तिथि तय की गयी है। दूसरे चरण में 11 मई को चुनाव होगा तथा 13 मई को मतगणना होगा।

### शहीद मंगल पाण्डेय के शहादत दिवस पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा



**बलिया।** शहीद मंगल पाण्डेय के शहादत दिवस पर कदम चैराहा पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. जर्नादन राय ने की व संचालन शशिकांत चतुर्वेदी ने किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि शहीद मंगल पाण्डेय के नाम से जो भी परियोजनाएं है उस परियोजनाओं को गति प्रदान की जायेगी। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चैधरी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने किया। बब्बन सिंह रघुवंशी ने सहयोग किया। इस अवसर पर लक्ष्मण गुप्ता, लक्ष्मण यादव, रामकृष्ण यादव, राजकुमार पाण्डेय, सीयाराम यादव, अनिल राय, अवध बिहारी चैबे, पीएन तिवारी, पाण्डेय गोविन्द्र, वीकेस सिंह सोनू, नकुल चैबे, रोशन जायसवाल, राघव सिंह, शिवानंद ओझा आदि मौजूद रहे। उसके बाद देर रात तक चैता का आयोजन किया गया। यूपी के स्वामीनाथ व्यास व बिहार के हरेन्द्र सिंह बूढ़ा के बीच मुकाबला हुआ।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**मऊ।** थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा सोमवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखरबिर की सूचना पर अब्बूपुर मोड़ के पास से आलोक चैहान पुत्र मोहन निवासी मंडूसरा थाना रानीपुर मऊ के कब्जे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 3/21 379 भादवि से सम्बन्धित मोटरसाईकिल स्प्लेंडर प्रो (यूपी54एस0620) को विभिन्न टुकड़ों के साथ बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियोग में धारा 411,413,414 भादवि की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया।

### सपा प्रवक्ता राजीव राय को दो लोकसभा क्षेत्रों की मिली बड़ी जिम्मेदारी



**मऊ।** समाजवादी पार्टी द्वारा रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता राजीव राय को दो लोकसभा क्षेत्रों की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। जहां पर उनको प्रभारी बनाया गया है मऊ बलिया का और 5 जून तक नगरी निकाय चुनाव को ले देखते हुए बूथ स्तर तक कमेटी गठित कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी जिम्मेदारी प्रभारी बना कर दी गई है। जिसके बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं में खुशी का माहौल है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजीव राय का कहना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद देता हूं कि बड़ी जिम्मेदारी दो लोकसभा की दी गई है मुझे और इस पर मैं खरा उतरूंगा और मऊ बलिया 2 लोकसभा के जिम्मेदारी देने पर मैं राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं।

# बेकार साबित हो रहे 35 आरओ प्लांट

**हालात**

### शीतल पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे लोग


बैरिया त्रिमुहानी पर खराब पड़े आरओ को निहारता राहगीर

**बैरिया।** 'जल ही जीवन है' की परिकल्पना के साथ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शीतल पेयजल के लिए 35 आरओ प्लांट स्थापित किये गये थे। यह वर्षों से बन्द पड़े हैं। सांसद निधि द्वारा स्थापित इन सभी आरओ प्लांटों की स्थापना के बाद भी शीतल पेयजल के लिए लोग दर-दर भटक रहे है। करोड़ों रुपये का खर्च बेकार साबित हो रहा है।

बता दे कि तत्कालीन सांसद भरत सिंह के कार्यकाल में बैरिया तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए आरओ प्लांट वर्षों से खराब होकर बंद पड़े हुए हैं। बार-बार आग्रह के बावजूद जल निगम यह कहते हुए इन आरओ प्लांटों को बनवाने से इंकार कर रहा है। कह रहा है कि इसकी मरम्मत स्थानीय पंचायत करवाएगी। बैरिया तहसील, सोनबरसा अस्पताल, मुरली छपरा अस्पताल, बैरिया त्रिमुहानी, रानीगंज बाजार, सुरेमनपुर स्टेशन, ठकुरी बाबा के मठिया, नरहरी बाबा के मठिया, मुन जी बाबा के मठिया सहित कुल 35 स्थानों पर करोड़ों रुपए खर्च कर शीतल पेयजल के लिए आरओ प्लांट लगवाए गए थे। एक साल के भीतर ही सभी आरओ प्लांट खराब होकर बंद हो गए, तबसे बंद पड़े हुए हैं। ना तो इसकी सुधि स्थानीय निकाय ले रहा है और न हीं जल निगम। ऐसे में इस गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस बाबत शिकायत करने पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने कहा कि बैरिया में स्थापित आरओ प्लांटों को ठीक करवाने के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया है। शेष के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से जल निगम को पत्र भेजा जा रहा है। हर हाल में बंद पड़े आरओ प्लांट को ठीक करा कर चालू किया जाएगा।

# गंगा को उपभोग का संसाधन बनाना नादानी

**बोले रमाशंकर तिवारी**

### कदम चौराहा से निकली गंगा मुक्ति चेतना यात्रा


कदम चौराहा से रवाना होती गंगा मुक्ति चेतना यात्रा

**बलिया।** भौतिक उपलब्धियों की होड़ में पतित पावनी गंगा की आजादी छीन ली गई। हम सब भारतीय बिजली के क्षेत्र में कुछ हद तक आत्मनिर्भर तो हुए, लेकिन पग-पग पर भारतीय संस्कृति पराजित होती रही। यह बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने रविवार को कदम चौराहा स्थित शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा को नमन कर गंगा मुक्ति चेतना यात्रा निकालने के दौरान व्यक्त किया।

कहा कि यदि हम सुख सुविधा को प्रणाम करेंगे तो संस्कृति को कैसे सलाम करेंगे। गंगा भारत की आत्मा है और विश्व की धरोहर भी। इसे उपभोग का संसाधन बनाना नादानी है। सरकार को इस ओर चिंतन करना चाहिए। यदि गंगा को अब भी उत्तराखंड के टिहरी बांध से मुक्त नहीं किया गया तो वह इतिहास की अंधेरी गुफा में सदा के लिए विलीन हो जाएगी। कहा कि नदियां ब्रह्माण्ड की नाड़ियां हैं। इसे चोटिल करने से जीवन की सार्वभौमिक प्रक्रिया बाधित हो गई है। भौतिकता की दौड़ में हमें और आगे बढ़ने से बाज आना होगा। गंगा की सलामती में ही विश्व कल्याण की इबारत संरक्षित है। इस अवसर पर विनय कुमार पांडे, प्रपन्नाचार्य जी, अजयपाल सिंह यादव, अभिषेक गिरी, शिवकुमार राम, कृपा शंकर तिवारी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में नगवां-अखार ढाले पर श्री तिवारी के नेतृत्व में गंगा भक्तों ने अविरल गंगा के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर वीरेंद्र नाथ पाठक, रामजी पाठक, रामदेव यादव, कृष्ण कुमार पाठक, डा. सुरेशचंद्र, नमो नारायण यादव आदि मौजूद रहे। इधर, हुकुमछपरा घाट पर साफ-सफाई की गई। इस मौके पर अयोध्या प्रसाद हिंद, शिवकुमार राम, विनय पाण्डेय, मंगल, अविनाश आदि मौजूद रहे।

**संक्षेप**

### आयुष्मान भारत मेले के आयोजन से अब तक 5058 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**मऊ।** जनपद में प्रत्येक रविवार को लगने वाले आयुष्मान भारत मेंले में आज कुल 425 गोल्डन कार्ड धारकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,जिसमें से 40 गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज हेतु चिन्हित किया गया। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही आयुष्मान भारत मेले का भी आयोजन किया जाता है,जिसमे संबंधित क्षेत्र के आशा एवं एएनएम के माध्यम से गोल्डन कार्ड धारकों का निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत इलाज हेतु निकटतम सरकारी एवं संबद्ध प्राइवेट अस्पतालों पर भेजा जाता है। आयुष्मान भारत मेलों में अब तक 5058 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत इलाज हेतु चिन्हित 650 लाभार्थियों को इलाज की सुविधा भी प्रदान की जा चुकी है। इनमें से अधिकतर मरीज मोतियाबिंद, गाल ब्लैडर हाइड्रोसिल, हर्निया, अपेंडिक्स आदि के हैं। आयुष्मान भारत मेले का आयोजन जनपद के समस्त 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को किया जाता है।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक शातिर गिरफ्तार

**मऊ।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रविवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखरबिर की सूचना पर शीतला माता मंदिर के पास से अरबाज शमीम पुत्र शमीम इकबाल निवासी काजीदामूपुरा खीरीबाग थाना कोतवाली मऊ के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मुअसं. 129/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# जमीन पर कब्जा करने का विरोध करना मां-बेटे को पड़ा महंगा

**मार-पीट कर किया घायल**

### थाने पर बिठाने के बाद भी नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**मऊ।** कोपागंज थाने के पास स्थित एक व्यक्ति की जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने गई एक बुजुर्ग महिला और उसके बेटे को मनबढ़ों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल मां बेटे को थाने पर चार घंटे बिठाए रखने के बाद पुलिस ने युवक का चालान कर दिया।

घायल महिला का पुलिस ने डाक्टरी मुआयना भी नहीं कराया। घायलों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया बल्कि उनका भी शांति भंग की आशंका की धारा में चालान कर दिया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र भेजकर मदद की गुहार लगाया है। कस्बे के राजकुमार पाण्डेय पुत्र स्व. अयोध्या पाण्डेय द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक दो अप्रैल को सुबह 9.30 बजे दिनेश पटेल पुत्र लक्ष्मी, मनोज वर्मा पुत्र हरिश्चंद्र, राहुल और रोहित पुत्रगण गिरीश पटेल, अनिल पटेल और गिरीश पटेल पुत्रगण श्याम लाल निवासी दोस्तपुरा के साथ ही पांच अज्ञात लोग राजकुमार की कुर्क शुदा जमीन में से ईट चुराकर के उसके जमीन पर अवैध निर्माण करने की तैयारी कर रहे थे।

जानकारी मिलने पर राजकुमार अपनी मां बीना के साथ जाकर उन लोगों को ऐसा करने से मना किया। आरोप है कि मनबढ़ों ने मां बेटे पर हमलाकर करके घायल कर दिया। शोर मचाने पर आए लोगों ने मौके पर आकर बीच बचाव किए। हमलाकर जान माल की धमकी देते हुये भाग गए। घायलों की सूचना पर 112 डायल पुलिस पुलिस मौके पर गई और उन्हें घाथे पर बुलाया।

थाने पर तैनात दीवान ने कहा कि एसओ साहब बाहर हैं, आएंगे तब रपट दर्ज की जाएगी। राजकुमार पाण्डेय ने मुख्य मंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर प्रार्थनापत्र अपलोड किया। इधर पुलिस ने राजकुमार का घायलावस्था में ही धारा 151 के तहत चालान कर दिया। पुलिस ने राजकुमार का मेडिकल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपागंज में कराया लेकिन उसकी मां का मेडिकल नहीं कराया। राजकुमार का आरोप है कि पुलिस ने मेडिकल की फोटो कॉपी मांगने पर नहीं दी। एसडीएम कोर्ट से जमानत कराने के बाद अगले दिन राजकुमार मां के साथ थाने गया लेकिन वहां पर चार घंटे तक बिठाने के बाद एफआईआर दर्ज नहीं की। अगले दिन राजकुमार एसपी अविनाश पांडेय से मिलकर तहरीर की काफी के साथ प्रार्थना पत्र देकर हमलावरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की गुहार लगाया। एसपी ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता

**बोले राम अचल राजभर**

### प्रभारी ने की बूथ सेक्टर एवं विधानसभा कमेटी की समीक्षा

**बलिया।** जिला समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर बलिया लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राम अचल राजभर ने जनपद के विधानसभा क्षेत्र के बूथ कमेटी, सेक्टर कमेटी और विधानसभा कमेटी का व्यापक समीक्षा किया। राम अचल राजभर एक अध्यापक की भांति विधानसभा क्षेत्र के एक-एक सेक्टर प्रभारियों एवं बूथ प्रभारियों को खड़ा करके हालत जाना। साथ ही कड़ाई से बूथ एवं सेक्टर कमेटियों के गठन तथा पारदर्शिता का निर्देश दिया।

राम अचल राजभर ने कहा कि संगठन के बल पर ही हम आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर विजयश्री दिला सकते हैं। संगठन का बूथ प्रभारी सबसे जिम्मेदार पद है। बूथ प्रभारी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के लिए आदरणीय है। हमारे बूथ कमेटी एवं सेक्टर कमेटी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इसके पूर्व स्वागत के दौरान राम अचल राजभर ने कहा कि आज के बाद मेरे आने पर आप लोग माला मत पहनाइयेगा।

लोकसभा चुनाव में जब पार्टी का प्रत्याशी जीत जायेगा, तब मै माला पहनूंगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि बलिया के कार्यकर्ता सबसे मेहनती है तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने वाले हैं। मौके पर पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, विधायक संग्राम सिंह यादव, रामाशंकर विद्यार्थी, विधायक जयप्रकाश अंचल, पूर्व मंत्री सनातन पाण्डेय, तारकेश्वर मिश्र, पूर्व विधायक मंजू सिंह, राम इकबाल सिंह, छोटेलाल राजभर, डा. विश्राम यादव, यशपाल सिंह, संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्ता, महेंद्र चौहान, सुशील पाण्डेय कान्हजी, चन्द्रशेखर सिंह, विजय शंकर यादव, हरेंद्र सिंह, अजय यादव, राजप्रताप यादव, दिनेश यादव, रामजी यादव, इरफान अहमद, जलालुदीन, जमाल आलम, राघव सिंह, कामेश्वर, अनिल, शशिकांत, अरुण यादव, जयप्रकाश मुन्ना, निषिद्ध श्रीवास्तव, रामेश्वर पासवान, रविन्द्र यादव, राकेश यादव, हरेंद्र गोड, मंटू दूबे, धनंजय बिसेन आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता राजमंगल यादव तथा संचालन राजन कन्नौजिया ने किया।



सपा कार्यालय में बैठक को संबोधित करते रामअचल राजभर

# देश के युवा कल के उभरते भारत के भविष्य हैं: डॉ. सर्वेश पाण्डेय

**कार्यक्रम**

### दोहरीघाट ब्लॉक सभागार में भाजयुमो ने लगाई यूथ-20 चौपाल




**मऊ।** ब्लाक सभागार में रविवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष हेमंत राय की अध्यक्षता में यूथ-20 चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सर्वेश पांडेय कुलसचिव महाराजा सुहलदेव राजभर विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि रणजीत राय बड़े प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो ने दीप प्रज्वलित कर चैपाल का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. सर्वेश पांडेय ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। जब तक उनका विकास नहीं होगा देश प्रगति नहीं कर सकता है। वर्तमान सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए अच्छा कार्य कर रही है। कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान यूथ-20 द्वारा की जाने वाली गतिविधियां वैशविक युवा नेतृत्व और साझेदारी पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को देश हित और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने के लिए उन्हें जागृत करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय बड़े ने कहा की देश की एक बड़ी आबादी युवाओं की है और यूथ-20 के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों का उद्देश्य देश भर के युवाओं को एक साथ लाकर बेहतर कल के लिए विचारों पर विमर्श करना और काम के लिये एक एजेंडा तैयार करना है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमंत राय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारों को लेकर आगे बढ़ रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार के द्वारा युवा नीति के माध्यम से युवाओं को सीखने के साथ कमाने के अवसर देने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार और संतोष राय ने भी संबोधित किया। इस दौरान मुकेश सिंह, शाश्वत राय, विकास वर्मा, संजय चौहान, श्रीकांत, पप्पू गुप्ता, अजय शाही, बृजेश चक्रवर्ती, शैलेन्द्र, राम प्रसाद सोनकर, आकाश सोनकर, संजय राय, जितेन्द्र राय, जोगेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सभी को करना चाहिए ईश्वर का चिंतन

**दुबहर।** संत त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के कृपा पात्र कौशलेश सदन पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर स्वामी जी महाराज ने नगवां में हो रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन प्रवचन करते हुए कहा कि श्री तत्व, प्राकृतिक तत्व, माया तत्व, सृष्टि तत्व इन सबके मूल में भगवान की आदिशक्ति है। अपने आदि शक्ति के बल पर ही भगवान शक्तिमान है, ऐश्वर्यमान है।

कहा कि परम ब्रह्म परमात्मा के परा शक्ति के विविध स्वरूप हैं, जिनमें आदि शक्ति का स्वरुप प्रमुख है। सनत कुमार संहिता में हम सबको यह उपदेश प्राप्त होता है कि जो पुरुष दिख रहे हैं, उन्हें भगवान स्वरूप समझकर प्रणाम करना चाहिए। जो नारी का रूप है, उन्हें लक्ष्मी समान समझना चाहिए। नर-नारी में भगवान है। उन्होंने बताया कि जो विश्व है, वही विष्णु है। संसार के चिंतन को छोड़ कर ईश्वर का चिंतन करना चाहिए। तब जाकर मनुष्य को ईश्वर की प्राप्ति होती हैं। जब तक व्यक्ति के अंदर अभिमान रहेगा, तब तक मन ईश्वर की भक्ति में नहीं लगता है। भगवान का भक्त असमान्य होता है। इस मौके पर पंडित शिवजी पाठक, डा. जय गणेश चौबे, अश्वनी कुमार उपाध्याय, चंद्रशेखर यादव आदि रहे।

# प्राकृतिक खेती से देश होगा रोग मुक्त : सचिंद्र

**किसान गोष्ठी**

### प्रत्येक विकासखंड में प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज से संबंधित संगोष्ठी का आयोजन




**मऊ।** सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा मऊ अध्यक्ष सचिंद्र सिंह के नेतृत्व में जनपद में प्रत्येक विकासखंड में प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज से संबंधित संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अंजनी कुमार सिंह ने रानीपुर ब्लाक सभागार में आयोजित किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर किसानों से मुखातिब होते हुए कहाकि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सबसे पहले हम सभी को अपनी पुरातन संस्कृति और व्यवस्था की ओर लौटना होगा। खेतों में रासायनिक खादों के प्रयोग से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता जहां कम हुई है वही अनेक प्रकार की बीमारियों का प्रादुर्भाव हुआ है।

ग्रामसभा डुमराव में आयोजित किसान संगोष्ठी में विधानसभा मऊ के निवर्तमान प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह ने भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की लोक कल्याणकारी सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लिए भाजपा सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा सचिंद्र सिंह ने किसानों के हित में लिए गए निर्णय के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

मोहम्मदाबाद ब्लाक परिसर में आयुर्वेदिक आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि लोक घोसी लोकसभा के संयोजक मुन्ना दुबे रहे उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि प्राकृतिक खेती के भारत में कई स्वदेशी रूप है गाय का गोबर मूत्र मिश्रण कर बड़े पैमाने पर प्राकृतिक स्वदेशी प्रथा को बढ़ावा दिया जाता है। कोपागंज द्वारा पश्चिमी गांव में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा संगीता द्विवेदी रहे। मधुबन मंडल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह उर्फ शुभम सिंह रहे। वही बड़गांव में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गविजय राय रहे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भगत सिंह, जनार्दन शर्मा, विशाल रघुवंशी, प्रेम शंकर राय, अभिषेक राय, महामंत्री हरकेश चैहान, संतोष पांडे, जिला मंत्री यशपाल सिंह, सुनील सिंह, उदय प्रताप सिंह, भानु राय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# संपत्ति बंटवारे को लेकर अमजद की हुई थी हत्या

**खुलासा**

### पुलिस ने खुलासा करते हुए पिता,भाई और भाभी को पकड़ा

जनसंदेश न्यूज


दिलदारनगर पुलिस के गिरफ्त में हत्यारोपी।

**दिलदारनगर।** संपत्ति बंटवारे को लेकर पिता- ने अपने बहू-बेटों के साथ मिलकर अपने ही पुत्र की गला रेत कर हत्या कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने नामजद चार आरोपियों की गिरफ्तारी कर 24 घण्टे के अंदर हत्या का खुलासा कर दिया।

हत्या में शामिल हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और चाकू भी बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जमानिया के पर्यवेक्षण में बीते शनिवार को प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह मय हमराह थाना क्षेत्र दिलदारनगर में युवक के हत्या में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया। मुखबीर की सूचना पर रविवार को नौशाद खाँ पुत्र ऐनुद्दीन खाँ, इरफान खाँ पुत्र ऐनुद्दीन खाँ,ऐनुद्दीन खाँ पुत्र मैनुद्दीन खाँ, मेहरून नीशा पत्नी नौशाद खाँ दिलदारनगर थाना ने साढ़े पांच बजे सनबीम डाल्मिस स्कूल के गेट पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तगण व मृतक अमजद खाँ के बीच सम्पत्ति बटवारे को लेकर विवाद था। बतादें कि बीते शुक्रवार को तीन बजे जब मृतक के घर के सभी लोग सेहरी करने के लिए आंगन में मौजूद थे, कि मृतक अमजद द्वारा पुनः हक हिस्सा माँगा गया। जिस पर इरफान उपरोक्त ने घर में रखा चाकू लाया है, उसके सहयोगी भाई नौशाद, पिता ऐनुद्दीन व नौशाद की पत्नी माहेनूर निशा ने मिलकर योजना बनाकर मृतक अमजद के दाहिने तरफ गला रेतकर हत्या कर दिये और घटना के बाद से फरार हो गये। अभियुक्त इरफान द्वारा जिस चाकू से गला रेतकर हत्या की गयी थी, घटना में प्रयुक्त आलाकतल चाकू को बरामद किया गया है।आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम थानाध्यक्ष अशेषनाथ सिंह, अति. निरीक्षक रमाकान्त यादव, उ.नि सचिन सिंह, रत्नेश कुमार, शिवम सिंह, शत्रुन्जय यादव,उषा देवी आदि रहें।

## पैसे के लेन-देन के लिए महिला की हत्या

### पुलिस ने खुलासा करते हुए बताई कहानी

**जमानियां।** थाना क्षेत्र के दुर्गा चौक कस्बा निवासनी महिला का छह अप्रैल को हत्यारे ने घर में घूस कर गला दबाकर हत्या कर फरार हो गए थे। पुलिस की छानबीन के बाद हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या के पीछे महिला और हत्यारोपी में पैसे के लेन-देन का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देश में जनपद में हो रहे अपराध को रोकने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानिया व प्रभारी निरीक्षक जमानिया के कुशल निर्देशन में थाना जमानिया में छह अप्रैल को महिला की हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गए था,तभी नौ अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी पर पुलिस ने शिकंजा कस लिया। बतादें कि नन्दकुमार वर्मा पुत्र स्व. शिवधारी वर्मा निवासी दुर्गा चौक कस्बा जमानियां थाना जमानियाँ की पत्नी अनिता वर्मा (50) को पैसे की लेन देने की बात को लेकर इरफान अहमद पुत्र सब्बीर अहमद निवासी सैयद बाड़ा कस्बा जमानियाँ, सहबाज खान पुत्र मुमताज खान निवासी गोरवा मोहल्ला कस्या से अक्सर विवाद होता था। प्राप्त साक्ष्य वीडियो कॉल के दौरान अभियुक्त इरफान अहमद का घर पर दिखना व आये दिन मृतका द्वारा दिये गये पैसे वापस मांगने पर तंग आकर अभियुक्त द्वारा घटना कारित किया गया। जिस कारण अभियुक्त इरफान अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी सैयद बाड़ा कस्बा जमानियाँ थाना जमानियाँ गाजीपुर का नाम प्रकाश में आया है। गिरफ्तार करने वाले टीम एसएचओ महेन्द्र सिंह, सुबाष यादव, महेश यादव, अरुण यादव रहें।

## डिप्टी एसपी का ग्रामीणों ने किया स्वागत


सतरामगंज बाजार में डिप्टी एसपी सच्चिदानंद का स्वागत करते ग्रामीण।

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** डिप्टी एसपी बनकर अपने गांव आने पर परिजनों सहित क्षेत्रीय ग्रामीणों ने सच्चिदानंद का गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। क्षेत्रीय लोगों द्वारा डीएसपी बनकर पहली बार गांव में आने पर जगह-जगह काफिले को रोककर फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई व शुभकामनाएं दी।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कि शुक्रवार को सम्मिलित राज्य अवर अधीनस्थ सेवा 2022 के अंतिम परिणाम जारी किया गया। जिसमें 383 पदों के सापेक्ष 364 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें सेवराई तहसील के भदौरा निवासी सच्चिदानंद सिंह कुशवाहा का डिप्टी एसपी के पद पर चयन हुआ था। सच्चितानंद सिंह कुशवाहा के पिता ओम नारायण सिंह कुशवाहा सीआरपीएफ में एसआई के पद पर बोध गया में कार्यरत है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन शुरू

**जमानिया।** हेतिमपुर गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा 6 के बच्चियों का नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गया है। यहां नामांकन सत्र 2023-24 के बच्चियों के लिए हो रहा है। जानकारी देते हुए प्रभारी वार्डन अर्चना सिंह ने बताया कि नामांकन फॉर्म विद्यालय के कार्यालय में जमा हो रहा है। उन्होंने बताया कि वैसे अभिभावक जो अपनी बच्ची का नामांकन कराना चाहते है वे नामांकन फार्म विद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते है। जिसमे प्रखंड से पलायन कर रही परिवार की बालिकाएं,नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बालिकाएं, ट्रैफिकिंग से प्राप्त बालिकाएं, जनजाति समूह की बालिकाएं, अनाथ बालिकाएं, एकल अभिभावक वाली बालिकाएं, माता पिता दिव्यांग है। वैसी बालिकाएं शामिल है। इन बालिकाओं का चयन प्राथमिक के आधार पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित नियम के अनुसार एडमिशन लिया जा रहा है । यहां बालिकाओं को रहने, खाने,पीने, पढ़ाई लिखाई से लेकर कापी- किताब आदि कि निःशुल्क व्यवस्था है।

# पत्नी ने तीन कर्मचारियों के खिलाफ दी तहरीर

**गुहार**

### इलाज के दौरान विद्युत कर्मचारी की मौत

### मृतक की पत्नी शारदा देवी ने विद्युत विभाग के तीन कर्मचारियों के खिलाफ दी तहरीर

जनसंदेश न्यूज


रामसुरेश चौधरी।

**सेवराई।** हाईटेंशन बिजली के करेंट बुरी तरह झुलसकर ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज के दौरान विद्युत कर्मचारी की मौत हो गई। घटना गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव में बीते शुक्रवार की रात गांव के ही ट्रांसफार्मर के फ्यूज जोड़ने गए विद्युत केंद्र के हेल्पर रामसुरेश चौधरी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए थे। ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया गया था ।

जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया और जिला अस्पताल में स्थिति नियंत्रण से बाहर होने के वजह से चिकित्सकों ने घायल को ट्रामा सेंटर वाराणसी में रेफर कर दिया । जहां उनका इलाज चल रहा था । रविवार को विद्युतकर्मी रामसुरेश चौधरी (55) का ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।पत्नी शारदा देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ था जो अपने तीन पुत्रियों सहित एक पुत्र व पत्नी का रोजी रोटी का सहारा था। मृतक की पत्नी शारदा देवी ने विद्युत विभाग के तीन कर्मचारियों के खिलाफ देवल पुलिस चौकी पर तहरीर देकर लापरवाह विद्युत कर्मियों के विरुद्ध न्याय की गुहार लगाई है। इस सन्दर्भ में थाना प्रभारी निरीक्षक गहमर अशोक तिवारी ने किसी भी तहरीर मिलने से इंकार करते हुए बताया कि तहरीर मिलने के बाद उचित कार्यवाई किया जायेगा।

## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से चिकित्सक की मौत

**दिलदारनगर।** क्षेत्र महेंद गांव के मूल निवासी, दिलदारनगर (बड़ी नहर) वार्ड नंबर पांच के रहने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.अब्दुल कलाम 50 का सुबह में फतेहपुर गांव के समीप रेल पटरी को पार करते समय अमृतसर हावड़ा मेल की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। जानकारी होते ही चिकित्सक के परिवार के लोग घटनास्थल पहुंचकर रोने बिलखते शव को घर लाया उसके बाद क्रिया करने के उपरांत दिलदारनगर के निरहु का पूरा कबिस्तान में मिट्टी दी गई।

### तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**सादात।** स्थानीय पुलिस ने एक आरोपी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने टाड़ा पुलिया के पास बहद ग्राम टाड़ा से अंगद राजभर पुत्र बालचन्द राजभर ग्राम कटाय तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्र, उ.नि सुरेन्द्र कुमार, गौरव सोनकर ,पंकज गौंड आदि रहें।

### शिक्षामित्रों के साथ अन्याय किसी भी दशा में बर्दाशत नहीं

**सैदपुर।** आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण सिंह के आवास पर रविवार को बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर में हुए विवाद पर चर्चा हुआ। ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा की शिक्षा मित्र विनीता सिंह के साथ प्रधानाध्यापक रामबहादुर चौहान का वर्ताव एक शिक्षक के गरिमा के विपरीत है। प्रधानाध्यापक द्वारा आये दिन शिक्षामित्र को प्रताड़ित किया जाता था। जिसके परिणाम स्वरूप शनिवार को मारपीट हुआ। प्रवीण सिंह ने कहा की बीईओ का बयान एकतरफा है। शिक्षामित्र भी विभाग के अभिन्न अंग है। एकतरफा बयान समझ से परे है। जिला महामंत्री विवेक सिंह ने कहा की शिक्षा मित्रों के साथ अन्याय किसी भी दशा में बर्दाशत नहीं होगा। शिक्षा मित्र के साथ सौतेला व्यवहार करने पर संगठन चुप नहीं बैठेगा। विभाग को निष्पक्ष जांच कर न्यायोचित कदम उठाकर मामले को शांत करना चाहिए।इस अवसर पर प्रियंका सिंह, मंजू,सुनील,अजय, आदि शिक्षा मित्र उपस्थित रहे। बैठक का संचालन ब्लाक मंत्री विमल सिंह ने किया।

### ब्रांडेड के बाजार पर असर डाल रहे नकली सौंदर्य प्रसाधन

**गाजीपुर।** नकली सौंदर्य प्रसाधन बड़े पैमाने पर ब्रांडेड के कारोबार पर असर डाल रहा है। हालांकि ग्राहक दुकानदारों से ब्रांडेड कंपनियों के ही सामान खरीदने जाते हैं, लेकिन कई बार उनको नाम से मिलते जुलते नकली सौंदर्य प्रसाधन दे दिए जाते हैं। शरीर का ख्याल रखने वाले हालांकि ब्रांडेड उत्पाद ही खरीदते हैं, लेकिन गरीब तबके के लोग जो ज्यादा जानकार नहीं होते है या फिर कम पैसे की वजह से नकली सौंदर्य प्रसाधन खरीद लेते हैं। जिले में सौंदर्य प्रसाधनों की बिक्री के लिए कोई निर्धारित मुख्य बाजार नहीं है। सौंदर्य प्रसाधन की दुकान प्रत्येक बाजारों में खुली हुई है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के जितने बाजार है, वहां दो से तीन दूकानें हैं। जहां ग्राहकों द्वारा सामानों की खरीद की जाती है। अगर शहरी इलाकों के बाजारों को दरकिनार कर दिया जाए तो ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित दुकानों पर भी दुकानदार ब्रांडेड के साथ मिलते जुलते नाम के सामानों की बिक्री करते हैं। हालांकि दुकानदार कहते हैं कि ग्राहकों द्वारा ब्रांडेड सामानों की ही खरीदारी की जाती है और जिन दुकानदारों द्वारा नकली सौंदर्य प्रसाधन के सामान उपलब्ध कराए जाते हैं, उसे ग्राहकों द्वारा शरीर के लिए हानिकारक बताकर वापस कर दिया जाता है। जिले में नकली उत्पाद को लेकर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### बिना सुरक्षा इंतजाम खंभों पर करते हैं काम

**गाजीपुर।** जनसंदेश न्यूज गाजीपुर। परिवार का पेट पाने को चार दर्शन से अधिक संविदाकर्मी हर रोज अपने जीवन को जोखिम में डाल काम करने को विवश है। हर सुबह घर से निकलकर दिनभर काड़तोड़ काम करना और कम मेहनताने में भी खुश रहने का भरसक प्रयास करना इनकी आदत में शामिल हो गया है। दुखद पहलू यह है कि कई स्थल पर बिना सुरक्षा संसाधनों के काम करने से कब इनकी जिही मौत के मुंह में समा जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। हम बात कर रहे बिवली विभाग में तैनात संविदा कर्मचारियों की ये कर्मचारी विद्युत आपूर्ति बहाल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आए दिन आंधी-पानी से गांवों की बिजली आपूर्ति लड़खड़ा जाती है। हर तरफ आपूर्ति बहाल करने के लिए विभाग पर दभाव रहता है। तब इनकी संविदा कर्मियों के द्वारा दिन रात एक कर आपूर्ति को पटरी पर लाया जाता है। जिन कर्मचारियों के भरोसे विभाग के जिम्मेदार अपनी पीठ धनधनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते नहीं इनके जीवन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने में कोई कमी नहीं करते। इस मशीनी युग में भी बिना किसी यंत्र के सहयोग के ऊंचे खंभों पर पड़ना तारों को लगाना, ट्रांसफार्मर चढ़ाने से लेकर हर काम अपनी ताकत के वन पर करते हैं। इस भीषण गर्मी, धूप और बरसात में न तो सिर पर टोपी, न ही हाथों में दस्ताने चोट ल्हाने पर प्राथमिक इलाज की जात तो कोसों दूर है। जिले में फीडरों पर हुई मौत की घटनाओं के बाद भी इन कर्मियों कि सुविधा व सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया।

### दुर्घटना का सबब बन रहे हाईवे के किनारे खड़े ट्रक

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग के किनारे कई स्थानों पर खड़े ट्रक, अवैध कट हादसों का सबब बन रहे हैं। अफसरों के कड़े दिशा निर्देश और फटकार के बाद भी एनएचएआई के अफसरों ने कार्रवाई नहीं की। शहर से निकले राष्ट्रीय राज्यमार्ग-19, 31 पर स्थित ढाबों पर ट्रकों का रेला लगा रहता है। कहीं होटलों के बाहर तो कहीं मोटर मैकेनिक की दुकानों के बाहर ट्रक खड़े रहते हैं। इसके अलावा नगर से लेकर जंगीपुर सीमा तक कई जगहों पर अवैध कट हैं, जिनकी वजह से अक्सर दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। यातायात विभाग की ओर से समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर भले ही जागरुकता अभियान चलाया जाए पर सड़क सुरक्षा के नियम निर्देश कहीं भी धरातल पर देखने को नहीं मिलते। गोष्ठियों और सेमिनार में तो वाहन चालकों को नियमों का पाठ-पढ़ाया जाता है लेकिन हाईवे पर ट्रक और कंटेनर चालकों को समझाने वाला कोई नहीं है। ढाबों पर सबसे ज्यादा बड़े वाहन खड़े नजर आते हैं। रात व दिन में यहां एक के पीछे एक खड़े रहते हैं। रात के समय हालात और अधिक अराजक होते हैं। नियमित चेकिंग न होने और चालान न कटने की वजह से यहां हादसे का डर बना रहता है।

### दशकों पुराने तारों और जर्जर खंभों से हो बिजली आपूर्ति

**गाजीपुर।** नगरीय क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति करने वाले चार सब स्टेशन के विद्युत उपभोक्ता भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती का दंश झेल रहे हैं। न तो बिजली आने का समय है और न ही बिजली के जाने का समय है। महीनों से शाम के समय विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। उपभोक्ता श्रीनिवास चौबे, अरविंद नाथ राय, राजीव कुमार सिंह, दीनानाथ तिवारी का कहना है कि मिट्टी का तेल कई साल पहले से ही मिलना बंद हो गया है। शाम को बिजली चली जाती है फिर रात को आने के बाद लो-वोल्टेज से पंखे, कूलर, एसी शो पीस बन जाते है। गुरुवार की देर रात रौजा उपकेन्द्र के फुल्लनपुर समेत दर्जनों मुहल्लों में लाइट नहीं आई है। सुबह किसी तरह मोमबत्ती जलाकर अपना काम चला रहे हैं। इस भीषण गर्मी में जहरीले जंतु भी अपने बिलों से बाहर निकल कर घूम रहे हैं ऐसे में शहरवासी कभी भी इनके शिकार हो सकते हैं।

# परिवार परामर्श केंद्र ने सात परिवारों को कराया एक

**समझौता**

### पति का संबंध जेठानी से होने पर बन गई थी दूरियां


पुलिस लाइन सभागार में परिवारिक विवाद को सुलझाते परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य।

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइन के प्रांगण में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कुल ग्यारह परिवारिक विवाद प्रस्तुए हुए। जिसमें सात परिवारिक विवाद को सुलझाया गया। इनमें विनीता देवी पत्नी दिलीप कुमार निवासी तेलियानी बहदिया थाना खानपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके ऊपर मनबढ़ होने और झगड़ालू होने का आरोप लगाते हैं, जबकि वह स्वभाव से बहुत ही मधुर है। इस पर दोनों पक्षों को समझाकर विदाई करवाई गई। अनीता देवी पत्नी गोविंद साहनी निवासी फतेहपुर तालन रजा थाना कोपागंज की शिकायत थी कि उसके पति का गलत संबंध उसकी जेठानी से है। इस पर पति और उसकी जेठानी को समझा कर विदाई करवाई गई। सरिता देवी पत्नी सूरजभान निवासी चटाई पारा थाना नोनहरा गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते हैं। इस पर ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। नसरीन पत्नी जमील कुरैशी निवासी देव कठिया थाना जंगीपुर की शिकायत थी की उसके पति व ससुराल पक्ष के लोग उसके माता-पिता को भद्दी भद्दी गाली हमेशा देते रहते हैं। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। मनीषा सिंह पत्नी अंशुमान सिंह निवासी हरतालपुर भुल्लनपुर पीएसी गेट के सामने बिंन्घ नगर कॉलोनी वाराणसी की शिकायत थी कि उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग बात बात में उसके साथ झगड़ा करने का आमादा रहते हैं। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। रिया कुमारी पत्नी प्रदीप गुप्ता निवासी किशुनीपुर थाना जमानिया गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके ससुराल पक्ष के लोग गाली गलौज करके उसके साथ मारपीट किए तब अपने भाई को बुलाकर अपने मायके चली गई। ससुराल पक्ष के लोग हमेशा उसके साथ मारपीट करते हैं। इस पर दोनो पक्षो को समझाकर विदाई करवाई गई।मनीषा देवी पत्नी सोनू बिन्द निवासी महाराजगंज थाना कोतवाली गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसको ससुराल में नहीं रहने देते हैं। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझा कर बिदाई करवाई गई एक परिवारिक विवाद को विधिक कार्यवाही का सुझाव देते हुए बंद कर दिया गया दो परिवारिक विवाद में दोनों पक्ष उपस्थित नही थे एक पारिवारिक विवाद में बर पक्ष उपस्थित था लेकिन कन्या पक्ष उपस्थित नही था। प्रकरणों के निस्तारण में रविन्द्र कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा, विक्रमादित्य मिश्र, वीरेंद्र नाथराम ,सरिता गुप्ता, शिवशंकर तिवारी, हेड कांस्टेबल अनीता सिंह, आलेश कुमार, महिला आरक्षी रौली सिंह, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी,पी.आर.डी गीता सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## हिमांशु राय का लोवर पीसीएस में चयन


हिमांशु राय।

**भांवरकोल।** क्षेत्र के तरका निवासी विपिन राय के पुत्र हिमांशु राय ने लोवर पीसीएस 2019 में मार्केटिंग इंस्पेक्टर के पद पर सफलता अर्जित कर क्षेत्र ही नही बल्कि जिले का नाम रौशन किया है। हिमांशु पेशे से प्राथमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक है। जो 2016 से ही अध्यापन का कार्य कर रहे है। उससे पहले हिमांशु का चयन 2015 में राजस्व एंव चकबंदी लेखपाल के पदों पर हो चुका था। अपने होनहार पुत्र के इस कामयाबी पर परिजन बेहद ही खुश है। इस चयन से जिले में खुशी का माहौल बना हुआ है। हिमांशु की पढ़ाई प्रारम्भिक शिक्षा अमर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरूपुर फिर 10वीं रामदुलारी इंटर कालेज लठ्ठड़ीह , स्नातक स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय परास्नातक इलाहाबाद विश्वविद्यालय की है। हिमांशु की पत्नी प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पर कार्यरत है।

### थानाध्यक्ष ने होमगार्ड को दी विदाई

**सुहवल।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को एक होमगार्ड के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने होमगार्ड गोपाल राम रेवतीपुर कम्पनी के जवान को माला पहनाने के साथ ही उन्हें अंग वस्त्र दे समारोह पूर्वक विदाई दी। मौके पर उपनिरीक्षक राकेश दूबे, उपनिरीक्षक प्रमोद यादव, रेवतीपुर होमगार्ड कम्पनी के प्लाटून कमांडर शिव बचन, शिवमंगल, राजेश, दीवान नितिन, महिला आरक्षी रोली, बाबू, अरविन्द, नीरज, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## स्टेशन परिसर बना अवैध पार्किंग का अड्डा

जनसंदेश न्यूज

**मनमानी**

### बेतरतीब पार्किंग के कारण कई बार यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

**गाजीपुर।** वीआईपी श्रेणी का दर्जा प्राप्त सिटी रेलवे स्टेशन के बाहर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसके बाद भी अफसरों द्वारा कार्रवाई करने के बजाए खानापूरी के लिए कभी-कभार अभियान चला दिया जाता है।

जबकि परिसर के बाह बोर्ड लगा रखा है कि यहां पार्किंग करना मना है। इसके बाद भी नियमों को ठेगें पर धड़ल्ले से पार्किंग की जा रही है। बेतरतीब पार्किंग के कारण कई बार यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सिटी रेलवे स्टेशन पर आने और जाने वाले सभी यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के वादे खोखले साबित हो रहे है। स्टेशन परिसर के उत्तरी तरफ जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है तो परिसर के बाहर अवैध रूप से की जा रही पार्किंग यात्रियों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। इसके बाद भी अफसरों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। विशेष बात यह है कि परिसर के बाहर नो पार्किंग का बोर्ड लगाया गया है, लेकिन बोर्ड लगा होने के बाद परिसर के बाहर अवैध रूप से पार्किंग की जा रही है। वहीं दूसरी जब स्टेशन परिसर में मंडल और केंद्र से कोई अफसर चेकिंग के आता है तो पूरा विभाग एलर्ट हो जाता है। अवैध पार्किंग, ऑटो और रिक्शा चालकों को दस मीटर दूरी से ही खदेड़ कर परिसर के बाहर वाहन खड़ा करने और सवारियां बैठाने के आदेश जारी कर दिए जाते है। यह देखकर यात्री कहते मिलते है कि 'साहब' अक्सर आया करें, इससे व्यवस्था तो कम से कम ठीक रहती है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्षशील रहेंगे शिक्षक:अनंत

**मांग**

### विशेश्वरगंज नगर संशाधन केंद्र पर ईकाई सदर का पुनर्गठन

जनसंदेश न्यूज


विशेश्वरगंज नगर संशाधन केंद्र पर निर्वाचित पदाधिकारी।

**गाजीपुर।** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उ.प्र जनपद-गाजीपुर ब्लाक ईकाई-सदर के पुनर्गठन का कार्यक्रम नगर संशाधन केंद्र विशेश्वरगंज पर आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ब्लाकध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार तिवारी , उपाध्यक्ष बीरबल प्रसाद व शालिनी सिंह संयुक्त रूप से महामंत्री, विजयनारायण यादव, कोषाध्यक्ष, वीणा पांडेय संयुक्त मंत्री, सपना राय, वरिष्ठ सदस्य जिला कार्यसमिति रवि प्रकाश राय, राजीव कश्यप को चुना गया।

कार्यक्रम में मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में विजय नारायण जिला उपाध्य व अनिल कुमार ब्लाक अध्यक्ष करंडा उपस्थित रहे। अनंत सिंह ने कहा कि शिक्षक हित में एसोसिएशन द्वारा अनवरत संघर्ष जारी रहेगा। केंद्र सरकार द्वारा पेंशन के संदर्भ में जारी मेमोरेंडम के तहत जब तक सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से आच्छादित नहीं किया जायेगा तब तक हमारा एसोसिएशन चैन की सांस नहीं लेगा। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में इस संदर्भ में जन प्रतिनिधियों के माध्यम से मां मुख्यमंत्री को पत्रक भी दिया जा रहा है। साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों से एसोसिएशन अनवरत संघर्ष जारी रखेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. दुर्गेश प्रताप सिंह द्वारा करते हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। बैठक में माया राय,अमृता सिंह, दमयंती यादव, उर्मिला गुप्ता ,बेबी रानी ,कुसुमलता,राजेश प्रसाद,लाल बहादुर राम, अशोक कुमार,अमिताभ विष्णु पांडेय , राजीव कश्यप सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे। ब्लाक पुनर्गठन के कार्यक्रम में अब तक एसोसिएशन के करंडा ब्लॉक, रेवतीपुर व सदर का पुनर्गठन पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही अन्य ब्लाकों का पुनर्गठन करते हुए जिले का चुनाव भी अधिवेशन के माध्यम से कराया जायेगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाली रैली


मुहम्मदाबाद नगर में रैली के दौरान स्वयंसेवक संघ के सदस्य।

जनसंदेश न्यूज

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन किया। रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रेम सागर द्वारा किया गया। रैली में हजारों से अधिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागरिक चल रहे थे। रैली मुख्य बाजार, गोलंबर तिराहा ,कपड़ा मंडी, रूई मंडी, लोहार पट्टी होते हुए फाटक से निकलते हुए नवापुरा चौराहे पर पहुंची। वहां से कोतवाली मार्ग होते हुए विद्युत विभाग के तिराहे से मुड़ कर पुनः इंडियन बैंक होते हुए मुख्य बाजार में पहुंची। रैली में गाजे-बाजे के साथ लोग चल रहे थे । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का झंडा लहरा रहा था। रैली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागरिकों द्वारा क्रम बनाकर चल रहा था। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन भी चुस्त दुरुस्त था।

कोतवाली प्रभारी घनानंद मिश्रा तथा एसएस आई राजीव त्रिपाठी सदल बल रैली के साथ चल रहे थे।

## तदेऊश रूजेविच/ वापसी

अचानक खिड़की खुलेगी/ और माँ आवाज देगी देर हो गई / अब अंदर आ जाओ।
दीवार बीच से खुल जाएगी /मैं स्वर्ग में प्रवेश करूँगा /कीचड़ सने जूतों से।
मैं मेज के सामने बैठा /बेरुखी से सवालों का जवाब दूँगा।
मैं ठीक हूँ मुझे /तंग न करो। सर हाथों में लिए
मैं बैठा रहूँगा देर तक। मैं कैसे बताऊँ
उन्हें उस लंबे /और पेचीदा रास्ते के बारे में।
यहाँ स्वर्ग में माँएँ /हरे स्कार्फ.बुनती हैं/ मक्खियाँ भिनभिनाती हैं
पिता सिगड़ी के पास बैठे ऊँघते हैं / छह दिन की मेहनत के बाद।
नहीं – मैं उन्हें हरगिज नहीं बता सकता /कि लोग एक दूसरे की जान लेने पर/ उतारू हैं।

**(हिंदी अनुवाद असद जैदी। मूल पोलिश से आदम चेर्नियाव्स्की के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित)**

## जनसंपादकीय

# नए परिप्रेक्ष्य में भारत-भूटान संबंध

**अरविंद जयतिलक**




भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है जब पड़ोसी देश चीन अरुणाचल प्रदेश के 11 इलाकों को नया नाम देकर अनावश्यक वितंडा खड़ा करने की कोशिश की है। प्रतिकार स्वरुप भारत ने करारा जवाब देते हुए कहा है कि नाम बदलने से सच्चाई नहीं बदलती। हालांकि इस मसले पर भूटान नरेश वांगचुक ने भारत के समर्थन में कोई उत्साहजनक प्रतिक्रिया तो नहीं दी लेकिन उन्होंने इतना जरुर स्पष्ट कर दिया कि सीमा विवाद के मसले पर उनके देश के रुख में तनिक भी बदलाव नहीं आया है। मतलब साफ है कि भूटान नरेश भारत के साथ कंधा जोड़ने के साथ चीन से भी नाराजगी नहीं चाहते। बहरहाल अच्छी बात यह है कि भूटान नरेश वांगचुक और प्रधानमंत्री मोदी के बीच राष्ट्रीय हितों से जुड़े कई मुद्दों पर आम सहमति बनी है जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों देश आपसी संबंधों और हितों का ध्यान में रखते हुए सहयोग को और बेहतर करने की कोशिश जारी रखेंगे। ध्यान देना होगा कि कुछ दिन पहले भूटान के प्रधानमंत्री लोते शेरिंग ने डोकलाम पर चीन के समर्थन में बयान दिया था। इसे लेकर भारत ने कड़ी आपत्ति जाहिर की थी। यह संभव है कि प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे को भूटान नरेश के समक्ष उठाए हों। जानना आवश्यक है कि भूटान चीन के साथ तकरीबन 400 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करता है। चीन और भूटान सीमा विवाद को हल करने के लिए दो दर्जन से अधिक बार प्रयास कर चुके हैं। भारत चाहता है कि इन दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का जो भी समाधान निकले उससे भारतीय संप्रभुता प्रभावित न हो। यहीं वजह है कि भारत भूटान के समक्ष अपनी चिंता को बार-बार जाहिर करता है। भारत को आशंका है कि चीन और भूटान दोनों देशों के बीच समझौता मूर्त रुप लेता है तो चीन उत्तर में अपना कुछ हिस्सा भूटान को दे सकता है। उसके बदले में भूटान भी चीन को पश्चिम का कुछ हिस्सा सौंप सकता है। इसी पश्चिमी हिस्से में डोकलाम भी है। अगर चीन डोकलाम पर अपनी पकड़ बना लेता है तो फिर उसे उत्तर-पूर्वी हिस्से तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इसी हिस्से में सिलिगुड़ी कॉरिडोर अवस्थित है जिसे चिकन नेक कहा जाता है। यह भारत के लिए असहज स्थिति होगी। भूटान-चीन के विवाद में जाएं तो 1967-68 में चीन ने चुंबी घाटी में गतिविधियां शुरू की। 1971-80 के दौरान चीन ने वहां सड़कें बनाने की परियोजना शुरू की। भूटान की तरफ से आपत्ति दर्ज कराने के बाद 1988 में दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ जिसके मुताबिक क्षेत्र में पूर्ववत स्थिति सुनिश्चित करना तय हुआ। 1990 में बातचीत के सातवें चरण में चीन ने भूटान के सामने पेशकश करते हुए कहा कि अगर उसे चुंबी घाटी का पूर्वी इलाका मिल जाए तो वह भूटान के उत्तरी इलाकों पर दावा नहीं करेगा। 1999 में चीन ने पूर्ण कुटनीतिक स्थापित करने के लिए भूटान के साथ क्षेत्रीय समझौता किया। भूटान ने चीन की पेशकश नहीं मानी। इसके बाद 2004 में चीन ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भूटान पर दबाव बनाना शुरू किया। चीनी सेना ने उस क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य तेज कर दिया। इसी के तहत उसने भूटान की सीमा में अतिक्रमण शुरू कर दिया। फिर डोकलाम में चीनी फौजों द्वारा सड़क निर्माण शुरू करने के बाद भूटान ने भारतीय सेना की मदद मांगी। उल्लेखनीय है कि चीनी सेना ने इस क्षेत्र में स्थित भारतीय सेना के बंकरों को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया था। भूटानी सेना का प्रतिरोध विफल होने के बाद भारतीय सेना भूटान की मदद के लिए आगे आयी और चीनी सेना की गतिविधियों पर रोक लगा दी। इतिहास में जाएं तो भारत और भूटान के बीच गहरा संबंध है। भारत के पहल पर ही भूटान 1971 में संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना और 1973 में निर्गूट आंदोलन में शामिल हुआ। भारत ने भूटान को सार्क का भी सदस्य बनवाया। भारत-भूटान संबंध निर्माण में 1949 की संधि का विशेष महत्व है। इस संधि के अनुसार दोनों देशों ने चिरस्थायी शांति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। संधि के मुताबिक भूटान सरकार विदेशी मामलों में भारत सरकार की सलाह को मानने के लिए सहमत है जो सामरिक दृष्टि से भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। भारत-चीन युद्ध के उपरांत भूटान ने प्रतिरक्षा का भार भारत को सौंप दिया। लेकिन फरवरी 2007 में जब भूटान सम्राट जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचूक की भारत यात्रा पर आए तो दोनों देशों ने संधि को संशोधित करते हुए इसमें एक नई बात जोड़ दी। वह यह कि दोनों देश एकदूसरे की संप्रभुता, स्वतंत्रता, और क्षेत्रीय अखण्डता का सम्मान करेंगे। गौर करें तो पिछले एक दशक में भारत-भूटान संबंधों में काफी उतार-चढ़ाव आए हैं। याद होगा डा0 मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान जिस तरह भारत सरकार ने भूटान के संसदीय चुनाव से पहले केरोसिन और रसोई गैस की सब्सिडी पर रोक लगायी उससे दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास उत्पन हुआ। देखें तो 2008 के बाद से ही भारत के संदर्भ में भूटान की रणनीति में बदलाव आया। भूटान की प्राथमिकता में भारत के बजाए चीन आ गया। तब के भूटानी प्रधानमंत्री थिनले की चीन से आत्मीयता बढ़ गयी थी। याद होगा कि गत वर्ष पहले रियो द जेनेरो में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान उन्होंने चीनी प्रधानमंत्री से मुलाकात की और 15 बसों का सौदा किया। तब यह माना जाने लगा था कि बदले वैश्विक माहौल में भूटान भारत की छाया से मुक्त होना चाहता है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मसलों पर भी उसकी नीति भारत से विपरित रही। 1979 के हवाना गुटनिरपेक्ष सम्मेलन में जहां भारत बहुसंख्यक निर्गूट देशों के साथ कम्पूचिया की सीट को खाली रखने के पक्ष में था वहीं उसने कम्पूचिया की सीट पोल पोत समूह को देने का समर्थन किया। यही नहीं उसकी नीति परमाणु अप्रसार संधि के मसले पर भी भारत के खिलाफ रहा। याद होगा कि 1981 में भूटानी विदेश मंत्री ने राष्ट्रीय असेंबली में घोषणा की कि भूटान चीन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करना चाहता है। इसके अलावा भारत-भूटान संबंधों में उत्तेजना के कुछ अन्य कारण और भी रहे जिसमें भूटान के आयात-निर्यात पर भारत के कानूनों का लागू होना प्रमुख है। 1972 के व्यापार समझौते की धारा 5 में इसकी व्यवस्था है। हालांकि नवंबर 1977 में बतौर विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भूटान यात्रा की तो भरोसा दिया कि ये नियम अब भूटान के आयात-निर्यात पर लागू नहीं होंगे। पर्यटकों के लिए आंतरिक परमिट व्यवस्था को लेकर भी भूटान की भारत से नाराजगी रही है। उसका कहना है कि विदेशी पर्यटकों को भूटान आने में परमिट न मिलने से उसे राजस्व की हानि होती है। लेकिन तथ्य यह भी है कि पिछले एक दशक में चीन की भूटान में घुसपैठ भारत के लिए चिंता का सबब बना है। उचित होगा कि जिस तरह भारत भूटान की शिकायतों को लगातार दूर कर रहा है उसी तरह भूटान भी भारत की चिंता पर गौर करे। गत वर्ष पहले जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूटान यात्रा हुई तब दोनों देशों ने दशकों पुराने रिश्ते को उर्जा से भर दिया। दोनों देशों ने अंतरिक्ष अनुसंधान, विमानन, आईटी, उर्जा, और शिक्षा के क्षेत्र में 10 सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने शब्दरुंग नामग्याल द्वारा 1629 में निर्मित शिमटोखा जोंग में खरीदारी कर रुपे कार्ड की भी शुरूआत की। भारत और भूटान के बीच रिश्तों में गरमाहट इसलिए आवश्यक है कि सामरिक दृष्टि से भूटान भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। भारत की उत्तरी प्रतिरक्षा के संदर्भ में भूटान को भेद्यांग की संज्ञा दी जाती है। चुम्बी घाटी से चीन की सीमाएं सिर्फ 80 मील हैं। अगर चीन चुम्बी घाटी तक अपनी पकड़ बनाने में कामयाब हो जाता है तो वह उत्तरी बंगाल, असम और अरुणाचल प्रदेश को भारत से अलग करने की साजिश रच सकता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# विश्व गुरु बनने का सपना, पूरा न हुआ अपना

## समय संदर्भ

**विमलशंकर सिंह**



हम सबनें ठाना है वर्षों से की विश्व गुरु बन जाना है अब । पीएम् नरेंद्र मोदी जी का सपना, वस्तुतः बन गया था हम सब का अपना ।क्या कहा था पीएम् नें समय समय पर की सारे जहां में विश्व गुरु की कभी पहचान थी हमारी, किन्तु काल के प्रवाह में गुरु पद जाता रहा ।तो क्या वह फिर वापस नहीं आ सकता है? पूछते हैं सब ? आ सकता है, जैसे कि प्रधान मंत्री से लेकर सभी प्रमुख अधिष्ठानपति एक स्वर से बोल उठते हैं अब ।क्या कहा था पीएम् नें की मजबूत आध्यात्मिक और पारम्परिक मूल्यों के आधार पर भारत आने वाले समय में विश्व गुरु बन जायेगा । तो हम महान शक्ति या महा शक्ति बनना चाहते हैं । तो क्या यह एक शुभ सपना नहीं है ? यद्यपि कि बहुतों नें तो कहना भी शुरू कर दिया था कि हम विश्व गुरु बन गए हैं अब । लेकिन जैसे संसार नें भी ठान लिया है हमें बताने को की अभी दिल्ली दूर है हमारी । हाल में आई खुशहाली रिपोर्ट, हमारे सपनें को तोड़ती लगती है । वह बताती है कि अभी कोसों दूर हैं हम अपने लक्ष्य से ।तो सपनें टूट गए हमारे । क्या बताती है खुशहाली रिपोर्ट और कैसे हमारे सपनों पर कुठाराघात किया है इसने, आइये समझें ।

योग, अध्यात्म और अनेक धर्मों को जन्म देनें वाला देश भारत, विश्व गुरु बन जानें की उद्घोषणा करने वाला भारत, आज एक अप्रसन्न जीवन जीने के लिए अभिशप्त है ।यह बात बताती है सन 2023 की खुशहाली रिपोर्ट ।137 देशों की लिस्ट में भारत 126 वें स्थान पर है । भारत (4.036) की स्थिति बड़ी दयनीय है इस रिपोर्ट में । तो विश्व के केवल ग्यारह देश ही हमसे नीचे हैं, ज्यादा अप्रसन्न जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कोमोरोस (3.545), मलावी (3.495), बोत्सवाना (3.435), कांगो (3.207), जिम्बाब्वे(3.204), सिएरा लियॉन (3.138), लेबनान (2.392) और अफगानिस्तान(1.859) इनमें शामिल हैं और क्रमसः सबसे कम खुशहाल देशों में हैं । इनमें से तो बहुतों के नाम तो आप पहली बार सुन रहे होंगे ।ये छोटे देश भी हैं और खुशहाली के मामले में बेचारे देश भी साबित हुए हैं ।लेकिन भारत भी तो इन्ही जैसा साबित हुआ है । चीन (5.818), नेपाल (5.360), बांग्लादेश (4.282), पाकिस्तान (4.555), श्रीलंका (4.442) जैसे हमारे पडोसी देश भी हमसे खुशहाल स्थिति में हैं । किन्तु पड़ोसियों की खुशहाली भी नहीं पचती, हजम होती है हमारे अपने बहुतों को ।

तो विश्व के सबसे खुशहाल देश कौन से हैं ? इस रिपोर्ट नें तीन वर्षों, 2020-2022 के औसत में पाया कि फिनलैंड (7.804), डेनमार्क(7.586), आइसलैंड (7.530), इसराइल (7.473), नीदरलैंड(7.403), स्वीडेन(7.395), नार्वे (7.315), स्विट्जरलैंड (7.240), क्रमानुसार सबसे खुशहाल और प्रसन्न देशों में से हैं जो उनके अंकों से स्पष्ट है । स्पष्ट है कि इन देशों नें न केवल आर्थिक तरक्की को ही महत्व दिया है वरन खुशमिजाजी के अन्य आयामों को भी पर्याप्त महत्व दिया । फिनलैंड जैसे देश, एक स्थिर, सुरक्षित और सुशासन वाले देश के रूप मेँ ही नहीं उभरे हैं बल्कि उन्होंने सामाजिक रूप से एक प्रगतिशील देश के रूप मेँ भी अपनी पहचान बनाई है ।हर नागरिक की मुफ्त चिकित्सा नें उसके नागरिकों के जीवन को खुशहाल बनाने मेँ भारी योगदान दिया है । बताते हैं कि इन देशों नें अपनी जनता के जीवन को खुशनुमा बनाने के लिए विभिन्न सक्षम संस्थाओं का निर्माण कर रखा है जो बहुत प्रभावी हैं ।तो क्या आप ऐसे ही समाज, देश का निर्माण नहीं करना चाहेंगे ? किन्तु होता तो उल्टा दिखता है । इस रिपोर्ट नें हमारे नेतृत्व वर्ग में एक तूफान सा खड़ा कर दिया है ।वह इस रिपोर्ट से इत्तेफाक रखती नहीं प्रतीत होती हैं । कहां विश्व गुरु बन जानें की बार बार हमारे द्वारा घोषणा और कहां आँख चुराने की नौबत ? उनकों यह रिपोर्ट सुहाती नहीं, सच नहीं लगती है । तो सच क्या है? आइये पड़ताल करें कि विश्व के देशों की खुशहाली की स्थिति, पायदान जानने के लिए यह रिपोर्ट खुशहाली के किन आयामों को शामिल करती है और उसके लिए सूचनाएं कहां से प्राप्त करती है। कुल छः निर्धारक कारकों का यह उपयोग करती है ।

इन कारको में सम्मिलित हैं :प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक समर्थन, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, खुद के जीवन के सम्बन्ध में निर्णय लेने की स्वतंत्रता, सामान्य जनता में उदारता की भावना एवं आतंरिक और बाह्य भ्रष्टाचार के बारे में लोगों की धारणायें । स्पष्ट है कि खुशहाली की केवल आर्थिक समृद्धि से ही यारी नहीं है । समाज के बीच सद्भाव तथा सामंजस्य, विपत्ति के समय एक दूसरे की मदद करना, भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना और आम जन में निर्णय लेनें की स्वतंत्रता, उदारता का होना अति आवश्यक है । तो आर्थिक सम्पन्नता के साथ साथ ही आपसी सद्भाव, सहायता, उदारता, स्वतंत्रता, जीवंतता और ऊर्जा भरे जीवन सम्बन्धी आयामों से खुशहाली, खुश और प्रसन्न होती है । भ्रष्टाचार भरे जीवन की नकारात्मकता भी जानने, उजागर करने का प्रयास भी यह करती है । इन निर्धारक कारकों से सम्बंधित देशों के प्रकाशित आंकड़ों का उपयोग करके और प्रश्नावली और अवलोकन विधि से यह रिपोर्ट यह जानने की कोशिश करती है कि विभिन्न देश खुशहाली के किस पायदान पर खड़े हैं? तो इस विधि से एकत्रित सूचनाओं से विश्व संस्था नें यदि यह निष्कर्ष निकाला की हमारा हाल, बेहाल है तो इसमें रिपोर्ट गलत कैसे ? तो क्या विश्व संस्था को हम भारतीयों को खुश करने के लिए आंकड़े ही बदल देना चाहिए था ? आप क्या ऐसा चाहेंगे ? प्रश्न तो यह है कि असत्य के बिना पर आप क्या विश्व गुरु बनना चाहेंगे ? हमारा आध्यात्मिक ज्ञान तो यह नहीं सिखाता ।

अब उन कारकों, बिंदुओं के आधार पर भी गवेषणा कर ली जाय जिनका उपयोग विश्व संस्था ने किया है ।खुशहाली का एक कारक प्रति व्यक्ति जीडीपी है और यह आवश्यक है जानना कि अर्थव्यवस्था का आकार कितना है और वह कैसा प्रदर्शन कर रही है । अर्थव्यवस्था का आकार धीरे ही सही बढ़ा है और वह लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर की हो गई है । दूसरे, अभी हाल में यह रिपोर्ट आई की पिछले नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति जीडीपी दुगनी हो गई है । दोनों ही सूचनाओं से कुछ लोगों की खुशी का पारावार नहीं हैं, जैसे जग जीत लिया है। किन्तु कुछ गहरे जानें पर प्रश्न उठता है कि क्या प्रति व्यक्ति जीडीपी वस्तुतः दुगनी हुई ? अर्थशास्त्री बताते हैं कि इन वर्षों में इसमें केवल 35 प्रतिशत की वृद्धि ही हुई थी ।उनके अनेक तर्क हैं जो कि सत्य के करीब दिखते प्रतीत होते हैं ।जैसे, यदि आवाम की आय दुगनी हुई तो 82 करोड़ जनसँख्या को मुफ्त का 5 किलो अनाज प्रति माह सरकार क्यों बाँट रही है ? तो देश में भूख की विकराल स्थिति क्यों है आजादी के 75 साल बाद भी ? सन 2021 में विश्व की कुल कुपोषित जनसँख्या का लगभग 29 प्रतिशत (करीब 22.4 करोड़ भारतीय) कुपोषण के शिकार थे, तो क्यों थे? सन 2022 में 5 वर्ष से छोटे बच्चों में मृत्यु का 65 प्रतिशत कारण भूख और कुपोषण कैसे रहा ? यदि आमदनी बढ़ी तो किसानों में आत्म हत्या क्यों बढ़ी है ? वो अचंभित भी हैं जो बेरोजगार हैं कि वे बेरोजगार भी हैं किन्तु उनकी आमदनी दुगनी हो गई बताते हैं बिना रोजगार पाए, बिना काम किये? वस्तुतः बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे उच्चतम स्तर पर हो गई। तो आय बढ़ी तो रोजगार क्यों न बढ़ा? आय बढ़ी तो जेब में वह खनकी क्यों नहीं? ऊपर से तेजी से बढ़ते जिंसों के दामों नें दिन का चैन और रात का आराम हराम कर रखा है हम सब का । महंगाई से आरबीआई क्या बेचैन नहीं ? फिर सरकार की कर आय क्या तेजी से नहीं बढ़ी और हम सबकी जेबें तेजी से खाली नहीं हुईं ? ऊपर से क्या विकराल होती असमानता, जी का जंजाल नहीं बनीं हुई है आम हिंदुस्तानी के लिए ? तो अर्थव्यवस्था की इन चुनौतिओं नें क्या आवाम का दिल बाग बाग का दिया है? क्या खाली जेबें, खाली पेट, खुशहाली का सबब बन सकतीं हैं किसी भी देश के लिए ? क्या विश्व गुरु की पहचान खाली जेब, खाली पेट, रोती आँखें, सुबकता बचपन और ठिठकता यौवन होता है? तो विश्व गुरु बनने की चाहत ने प्रश्न ही प्रश्न खड़े कर दिए हैं ।

खुशहाली को प्रिय है सामाजिक सहयोग, सौहार्द और समरसता ।संकट के समय यदि आपको किसी की मदद मिलती है,वे आपके सहयोगी हों या आपके रिस्तेदार अथवा समाज का कोई भी व्यक्ति सहायता करता है तो सामाजिक सहयोग, सौहार्दपूर्ण होता है जिसकी की सर्वाधिक आवश्यकता होती है खुशहाल जीवन के लिए । आप लम्बी उम्र पाते हैं यदि आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य होते हैं । तो प्रश्न यह उठता हैं कि आज हिन्दोस्तान में सहयोग का माहौल हैं या कि तनाव का ? उत्तर है-यह दौर है मॉब लिंचिंग, साम्प्रदायिक विद्वेष का । क्या मॉब लिंचिंग बढ़ी नहीं हैं जिसके लिए न कोई व्यवस्थित कानून बन पाया है और न कोई अलग से रिकॉर्ड ही रखे जाते हैं । कबीर, फिराक,मीरा,निराला, समाज के उद्धारक, मार्ग दर्शक नहीं हैं आज ।नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार सन सन 2017 में 723, सन 2018 में 512, सन 2019 में 438, सन 2020 में 857 और सन 2021 में 378, साम्प्रदायिक या धार्मिक दंगे हुए थे । तो क्या कम हैं? हमारी आध्यात्मिकता कहां जाती है तब ? हम क्या तनाव में जीते नहीं हैं ? तो क्या दंगो के बिना पर हम विश्व गुरु बनेंगे ?

इसी तरह, रिपोर्ट कहती है कि आप की स्वयं के बारे में निर्णय लेनें की स्वतंत्रता, खुशहाली को द्विगुणित कर देती है। मानव अधिकार भी इसी का अंग है ।इसमें बिना भेदभाव के जीवन जीने और विचार रखने, शिक्षा और कार्य करने की स्वतंत्रता आदि शामिल हैं ।उदारता और दान इसी का अंग है जो समुदायों की सकारात्मक सोच और क्रिया को दर्शाती, प्रभावित करती है और साथ ही उनकों एक साथ रखने, जोड़ने का कार्य भी करतीं है । निश्चय ही चिंता, उदासी और निराशा के इस दौर में हमने अवश्य बढ़ाये थे विश्व गुरु बनने की तरफ कदम, जब कोरोना काल में आम हिंदुस्तानिओं नें यथा संभव दान किया, एक दूसरे की सहायता की। लंगर लगाए, सरकारी कर्मचारियों ने वेतन कटवाया, कलाकारों और उद्योगपतिओं ने पीएम् रिलीफ फण्ड में दान किया । तो एक बड़े वर्ग नें आशा का दीप जलाये रखा था । अशोका यूनिवर्सिटी की सन 2020-21 की एक रिपोर्ट बताती है कि हमने धार्मिक संस्थाओं को रु. 16600 करोड़ और भिखारिओं को रु. 2900 करोड़ दान किया । तो भारत में सभी धर्मावलम्बिओं में दान की परंपरा है । लेकिन प्रश्न तो यह भी है कि अन्य देशों में दान नहीं दिया जाता क्या? फिर क्या दान देनें की उदारता ही उदारता होती है? महिलाओं की सुरक्षा, स्वतंत्रता की स्थिति की भी जांच करनी चाहिए । महिलाओं के साथ अपराध तेजी से बढ़े हैं ।सन 2020 में 3,71,503 मामलों की तुलना में सन 2021 में 4,28,278 मामलें महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के हुए थे अर्थात अपराधों में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । एनसीआरबी के आंकड़े यह भी बताते हैं कि दिल्ली में सन 2021 में प्रतिदिन दो अवयस्क लड़कियों के साथ बलात्कार होता था । ऊपर से दहेज,अपहरण,पति द्वारा क्रूरता किये जानें में तो जैसे दिल्ली ही विश्व की अगुवाई करती दिखाई देतीं है, सम्पूर्ण भारत को तो छोड़ ही दीजिये । महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध क्या आँख खोल देने वाली, विचलित करने वाली स्थिति नहीं है ? तो क्या हम विश्व को इन्ही आंकड़ों को दिखाने निकले थे ? इसी तरह, भ्रष्टाचार तो हमारे खून में जैसे समा गया है । एक सौ अस्सी देशों के बीच यद्यपि सन 2022 में हमारा स्थान 85 सबसे कम भ्रष्ट देश के रूप में था । लेकिन भारत में सन1997 (26.3 इंडेक्स पॉइंट ) की तुलना में सन 2022 (40 इंडेक्स पॉइंट ) में भ्रष्टाचार दुगने होनें की तरफ तेजी से बढ़ रहा था और वह दिन बहुत दूर नहीं जब यह दुगना हो जायेगा । अपयश गाथा के अनेक बिंदु हैं । हम अनेक वैश्विक इंडेक्सों में भी बहुत पीछे हैं । इंडेक्सों की लम्बी फेहरिस्त में हम प्रायः सबसे निचली पायदान पर ही पाते हैं अपने को । ये वैश्विक इंडेक्स बताते हैं कि कहां खड़ा है विश्व और कहां खड़े हैं हम, जिसके विश्व गुरु हम बनना चाहते हैं ।अनेक मानवीय गुणों रहित हैं हम अभी भी । सैन्य ताकत तो नहीं ही हैं । तो न तो हम महान शक्ति हैं और न महा शक्ति ।फिर भी कहते, मानते और जिद करते हैं हम, की विश्व गुरु बन गए हैं हम ।

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी.कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष थे)**

**वस्तुतः बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे उच्चतम स्तर पर हो गई। तो आय बढ़ी तो रोजगार क्यों न बढ़ा? आय बढ़ी तो जेब में वह खनकी क्यों नहीं? ऊपर से तेजी से बढ़ते जिंसों के दामों नें दिन का चैन और रात का आराम हराम कर रखा है हम सब का। महंगाई से आरबीआई क्या बेचैन नहीं ? फिर सरकार की कर आय क्या तेजी से नहीं बढ़ी और हम सबकी जेबें तेजी से खाली नहीं हुईं ? ऊपर से क्या विकराल होती असमानता, जी का जंजाल नहीं बनीं हुई है आम हिंदुस्तानी के लिए ? तो अर्थव्यवस्था की इन चुनौतिओं नें क्या आवाम का दिल बाग बाग का दिया है?**

# विघटनकारी राजनीति चमकाने की कवायद

## प्रसंगवश

**राम पुनियानी**



इस साल रामनवमी पर देश के कई हिस्सों में हिंसा हुई। इनमें शामिल हैं, हावड़ा, छत्रपति संभाजी नगर (जिसे पहले औरंगाबाद कहा जाता था), मुंबई के कुछ उपनगर, दिल्ली और बिहार के कुछ कस्बे। पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी पर जुलूस निकालने की नई प्रथा शुरू हो गई है। मीडिया के एक बड़े हिस्से ने हिंसा को रामनवमी के जुलूसों पर पत्थरबाजी की प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया है। इस बात की चर्चा मीडिया में नहीं है कि जुलूसों में भड़काऊ नारे लगाए जा रहे थे, रामभक्त हथियारों से लैस थे और मस्जिदों के बाहर उकसाने वाली हरकतें की जा रहीं थीं। पिछले साल भी रामनवमी पर हिंसा हुई थी। इसमें सबसे गंभीर घटनाक्रम मध्यप्रदेश के खरगौन में हुआ था जिसके बाद राज्य की भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के 51 घरों पर बुलडोजर चलवा दिया था।

पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी मनाने के तरीके में आमूल परिवर्तन आया है। अब रामनवमी के दिन जुलूस निकाले जाते हैं जिनमें कई युवक हाथों में नंगी तलवारें लिए रहते हैं। इस बार तो एक रामभक्त पिस्तौल के साथ जुलूस में शामिल हुआ था। जुलूस के साथ अक्सर बैंड या डीजे होता है जो जोर-जोर से संगीत बजाता है। मुसलमानों को लांछित और अपमानित करने वाले नारे खुलकर लगाए जाते हैं, यह सुनिश्चित किया जाता है कि, जुलूस शहर के मुस्लिम-बहुल इलाकों से निकले, फिर चाहे उसकी प्रशासनिक अनुमति हो या न हो। जुलूस में भाग लेने वालों से न्यूनतम अपेक्षा यह रहती है कि वे रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों पर गुलाल फेकें और अगर वे मस्जिद पर चढ़कर उस पर भगवा झंडा फहरा दें तो वे विशेष प्रशंसा के पात्र बन जाते हैं।

पश्चिम बंगाल में रामनवमी के जुलूसों के दौरान काफी गड़बड़ियां हुईं। जहां भाजपा, ममता बैनर्जी पर मुसलमानो के साथ नरमी बरतने का आरोप लगा रही है वहीं राज्य की मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा, ह्यह्यकोई धर्म हिंसा को उचित नहीं मानता। हर धर्म शांति की बात कहता है...जो कुछ हुआ वह दंगे भड़काने की भाजपा की योजना का हिस्सा था। कल भाजपा ने देश में करीब सौ स्थानों पर हिंसा भड़काई। हावड़ा की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने बार-बार कहा था कि जुलूस को उस रास्ते से नहीं जाना चाहिए। परंतु जुलूस में अपराधी शामिल थे। उनके पास बंदूकें और पेट्रोल बम थे। यहां तक कि जुलूस बुलडोजर भी शामिल थे। इन लोगों ने उन इलाकों में हमले किए जहां अल्पसंख्यक रहते हैं...यह सब भाजपा, हिन्दू महासभा, बजरंग दल और न जाने किन-किन नामों से जाने जाने वाले उनके संगठनों ने किया। उन्होंने जानते-बूझते सीधे अल्पसंख्यकों पर हमले किए...।

धार्मिक जुलूसों के दौरान हिंसा का भारत में लंबा इतिहास रहा है। ब्रिटिश काल में गणपति विसर्जन, शिवरात्रि, मोहर्रम इत्यादि के मौकों पर निकाले जाने वाले जुलूसों में आवश्यक रूप से हिंसा होती थी। इस हिंसा में हिन्दू और मुस्लिम साम्प्रदायिकतावादी एक बराबर निष्ठा से भाग लेते थे।

स्वाधीनता के बाद समाज के विभिन्न तबकों और विशेषकर पुलिस में व्याप्त पूर्वाग्रहों के चलते प्रशासन के निदेशों के विपरीत जुलूसों के अलग राह पकड़ने की घटनाओं को नजरअंदाज किया जाने लगा। जाहिर है कि जुलूसों के आयोजक और उनमें शामिल लोग दोनों जानते थे कि उन्हें सरकार का वरदहस्त प्राप्त है।

तर्क यह दिया जाता है कि आखिर आप हमें किसी भी इलाके में जाने से कैसे रोक सकते हैं। अगर यह तर्क मान भी लिया जाए तो सवाल यह है कि जुलूस में शामिल लोगों के हथियारबंद होने और उनके द्वारा भड़काऊ नारे लगाने के अपराधों का क्या? जाहिर है कि प्रशासनिक मशीनरी साम्प्रदायिकता की गिरफ्त में है और सरकार चाहे जिस भी पार्टी की हो वह अपनी मनमानी करती ही है।

मीडिया का फोकस पत्थरबाजी पर होता है और वह भड़काऊ नारों और धारदार व आग्नेय अस्त्रों के प्रदर्शन पर चुप रहती है। जुलूसों के दौरान हुई साम्प्रदायिक हिंसा की जांच अनेक न्यायिक आयोगों द्वारा की जा चुकी है। अप्रैल 2022 में प्रकाशित सिटीजन्स एंड लायर्स इनीशिएटिव की विस्तृत रपट, हनुमान जयंती और रामनवमी के जुलूसों के दौरान हुई हिंसा पर विस्तार से प्रकाश डालती है। रिपोर्ट की भूमिका में एडवोकेट चन्दर उदय सिंह ने जुलूसों के दौरान और उनके बाद हुई साम्प्रदायिक हिंसा की मुख्य घटनाओं की चर्चा की है। रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि जुलूसों में शामिल लोग मुस्लिम आराधना स्थलों और मुस्लिम-बहुल रहवासी इलाकों को निशाना बनाते हैं। इन जुलूसों के दौरान और उनके जरिए क्या किया जाता है इसे कुछ उदाहरणों से और स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है।

भागलपुर की हिंसा में जुलूस का रास्ता मुख्य मुद्दा था। ह्यह्यन्यायमूर्तिगण रामनंदन प्रसाद, रामचन्द्र प्रसाद सिन्हा और एस. शम्सुल हसन, जोकि सभी पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश थे, की सदस्यता वाले न्यायिक जांच आयोग ने पाया कि 1989 से एक वर्ष पहले से ही भागलपुर में रामशिला जुलूसों के कारण तनाव बढ़ रहा था परंतु प्रशासन ने उसे नजरअंदाज किया। जांच आयोग ने पाया कि जुलूस को तातरपुर के रास्ते ले जाने के लिए कोई आवेदन नहीं दिया गया था और जुलूस के आयोजकों को जारी अनुमति में तातरपुर का कहीं जिक्र नहीं था (कंडिका 578)।

कोटा में 1989 में हुए दंगों की जांच के लिए नियुक्त न्यायमूर्ति एस. एन. धरावा आयोग का निष्कर्ष था, ...अभिलेखित साक्ष्य को समग्र रूप से देखने पर मेरा यह मत है कि जुलूस में शामिल लोगों ने भड़काऊ और आपत्तिजनक नारे लगाने शुरू किए और इन आपत्तिजनक नारों से भड़ककर मुस्लिम समुदाय ने भी इसी तरह की नारेबाजी की।

भिवंडी-जलगांव दंगों की जांच करने वाले न्यायमूर्ति मादोन का निष्कर्ष था कि ह्यह्यभिवंडी में हुई गड़बड़ियों का तात्कालिक कारण था शिव जयंती जुलूस में शामिल लोगों का सोचा-समझा दुर्व्यवहार। भिवंडी में 7 मई 1970 को निकाले गए जुलूस का उद्देश्य मुसलमानों को भड़काना था...। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग जुलूस में लाठियां लिए हुए थे और बाम्बे पुलिस एक्ट, 1951 की धारा 37(1), जो सार्वजनिक स्थलों पर हथियारों का प्रदर्शन प्रतिबंधित करती है, से बचने के लिए इन लाठियों पर भगवा झंडे और बैनर बांध दिए गए थे...।

हालांकि जो लोग भड़ककर पहला पत्थर फेंकते हैं उनकी भूमिका को भी कम करके नहीं आंका जा सकता परंतु मुद्दा यह है कि त्यौहारों और जुलूसों का उपयोग कुटिलतापूर्वक हिंसा भड़काने के लिए किया जाता है। इसका नतीजा होता है ध्रुवीकरण और साम्प्रदायिक पार्टी की ताकत में बढ़ोत्तरी। येल विश्वविद्यालय के एक शोध प्रबंध के अनुसार, ह्यह्यदंगों से नस्लीय ध्रुवीकरण होता है जिससे नस्लीय-धार्मिक पार्टियों को कांग्रेस की कीमत पर लाभ होता है...। हिन्दू राष्ट्रवादी पार्टियों के कुल वोटों में हिस्से पर दंगों के प्रभाव का विश्लेषण करते हुए शोध प्रबंध कहता है ...चुनाव के पहले की एक साल की अवधि में हुए दंगों से भारतीय जनसंघ / भारतीय जनता पार्टी के वोट प्रतिशत में औसतन 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यह स्पष्ट है कि इस तरह की घटनाओं में वृद्धि से यह पता चलता है कि साम्प्रदायिक पार्टी आने वाले चुनावों में लाभ प्राप्त करने के लिए समाज को और ध्रुववीकृत करते जाने पर आमादा है। इस आशय की रपटें अत्यंत चिंताजनक हैं कि अब बुलडोजर भी धार्मिक जुलूसों का भाग होते हैं।

**( लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

## व्यंग्य



# मुझे भी कोई कुत्ता खरीद ले

**रामविलास जांगिड़**

कई कुत्ते मेरे पीछे घूम रहे हैं और आजकल वे मुझे पालने की फिराक में हैं। बहुत सारे कुत्तों को मैंने देखा है, जिन्होंने बढ़िया से बढ़िया मालिक पाल रखे हैं। हर एक प्रतिष्ठित कुत्ते के पास अपने ढंग का एक खास पालतू मालिक है। कुत्ते अपने-अपने मालिकों को सुबह-शाम सैर कराने ले जाते हैं। झील किनारे, गार्डन घास में, कुत्ते सैर कराते हैं अपने मालिकों को! और साथ ही उनको कुछ खिलाते-पिलाते कुत्ता मालिकों का एक विशिष्ट दल भी दिखा है। अंतरराष्ट्रीय कुत्ता आयोग में इनकी मीटिंगें देख कर मुझे लगता है कि कोई भला कुत्ता मुझे भी खरीद कर पाल ही लेगा। इन कुत्तों के ऊंचे ओहदे हैं। कुछ मंत्री बने हुए हैं और कुछ अफसर! जब अच्छे-खासे नेता-मंत्री तक कुत्तों के हाथों पाले जाते हैं। खेल सहित खिलाड़ी भी कुत्तागर्दी में ढाले जाते हैं। कवि और लेखक भी पालतू बन गए हैं। नीति, नियम, संस्कृति, कायदे, सारे फालतू बन गए हैं। कला और संस्कृति भी पाल ली गई है। तब मैं इस निर्णय पर पहुंचा हूं कि कोई ढंग का कुत्ता आए और मुझे भी पाल ले। जब बड़े-बड़े इंसानों के गले में पट्टे बंधे देखता हूं और उन्हें कुत्ते अपने हाथ में रस्सी पकड़ कर चलते दिखाई देते हैं, तो मेरा मन उछल रहा है कि अब मैं भी किसी न किसी कुत्ते का पालतू बन ही जाऊं। अर्थात कुत्ते को अपना मालिक बना ही लूं। कुत्ता मुझे पालेगा तो बड़ा अच्छा रहेगा। वह मुझे नदी किनारे घुमाने ले जाएगा। सैर कराएगा। किसी शॉपिंग मॉल में ले जाकर ढेर सारे गिफ्ट दिलाएगा। मुझे ढंग से पेशाब करवाने ले जाएगा। ऐसे कुत्ते की मुझे तलाश है। ऐसे अशिष्ट-वान शिष्ट कुत्ते किसी सरकारी कार्यालय में होंगे या फिर किसी सियासी पार्टी के दलदल में! भारत में होंगे या अमेरिका में! या फिर लंदन में! लंदन की टेम्स नदी के किनारे घूमने का मजा ही कुछ और है! सुंदर सी मुलायम गोरी कुतिया आएगी और मुझे खरीद कर ले जाएगी। मुझे नरम-नरम हाथों से सहलाएगी। क्या हसीन ख्वाब है!

हे कुत्ते भाइयो! आप जल्दी आ जाइए। मैं बिकने को तैयार हूं। कल को कोई गधा खरीद लेगा, तो फिर मुझे कुछ मत कहना। पिछवाड़े का एक चमगादड़ भी उल्टा लटक कर मुझे खरीदने के लिए तैयार बैठा है। संसद भवन के पीपल वाले पेड़ पर बैठे उल्लू ने मुझे पालने-खरीदने का ऑफर दे दिया है। मैं पता नहीं कब, कैसे, किसके हाथों बिक जाऊं; किस पार्टी का पट्टा गले में लटकाऊं; पता नहीं कब किसका हो जाऊं; जाने किस दलदल में खो जाऊं; ये खुद मुझे मालूम नहीं है। बड़े लुभावने ऑफर आ रहे हैं मेरे सामने! चारों और बिके हुए लोगों को देखता हूं, तब मैं अनबिका कैसे रह सकता हूं? किसी के गले में कौन सी पार्टी का पट्टा! किसी की पूंछ में कौन सी पार्टी का झंडा! कुछ कहा नहीं जा सकता! बढ़िया होगा कि मुझे कोई खरीद ले। मुझे एक अच्छा-खासा पट्टा पहना दे, ताकि मैं उसकी परिक्रमा करते हुए, उसके चरणों को चाटता-चूमता रहूं। मालिक के रात कहने पर दिन को रात कहूं। मालिक की बातों में ही बहूं। फालतू दिमाग से बोझिल न रहूं। चाटूं और पूंछ खिलाऊं! बस इसी मंत्र का फूल खिलाऊं! पूंछ हिलाने व चरण चाटने के बदले गाड़ी, कोठी, नौकर, चाकर के साथ प्यारी सी मालकिन! वाह! जल्दी आ जाइए कुत्ते भाई! आइए और मुझे खरीद कर ले जाइए!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों की क्षति

**अगलगी**

## गल्ला व्यवसायी का सारा गल्ला जलकर राख

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया।** शॉर्ट सर्किट से गल्ला व्यवसाई के घर लगी आग, लाखों रुपए का गल्ला जलकर हुआ खाक। अतरौलिया थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी विजयपाल पुत्र राममिलन के घर में लगे विद्युत मीटर के समीप शॉर्ट सर्किट से चिंगारी उठी थी जो पास में ही रखें कपास व प्लास्टिक की बोरी पर जा गिरी ,मौसम गर्म होने के कारण बोरी में आग पकड़ ली और देखते ही देखते लगभग 80 कुंटल गेहूं ,चावल व धान,सरसों सहित गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया।पास पड़ोस व ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया कि उसके पहले ही आग ने अपना विकराल रूप दिखाते हुए विजयपाल की गृहस्थी जलाकर खाक कर चुकी थी। दोपहर आग ने जब अपना तांडव शुरू किया उस समय पछुआ हवा भी जोरों से चल रही थी जिसकी वजह से आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस व राजस्व टीम पहुंचकर नुकसान का आकलन किए। विजयपाल व उनके भाई अर्जुन पाल गल्ला व्यवसाई है उन्होंने बताया कि लगभग 2 से 3 लाख का गल्ला व गृहस्थी का सामान जलकर के खाक हो गया , अगर ग्रामीणों द्वारा आग पर जल्द ही काबू नहीं पाया जाता तो आग अपनी जद में कई घरों को ले लेती जिससे भारी तबाही हो जाती। ग्राम प्रधान रमेश कुमार निषाद ने बताया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से दोपहर को आग लग गई जिसकी वजह से विजयपाल के घर में रखा काफी गल्ला व गृहस्ती का जरूरी सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया, अन्यथा भारी तबाही हो सकती थी।



आग से जले गल्ले को देखता गल्ला व्यवसायी।



आग से जली फसल को देखता किसान।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दो बीघा गेहूं जल कर खाक

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के रसूलपुर अहमद अली गांव में रविवार दिन में चार बजे शार्ट सर्किट से लगी आग से दो बीघा गेहूं जल कर खाक हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अहरौला थाना क्षेत्र के रसूलपुर अहमद अली गांव निवासी शीतला प्रसाद पाण्डेय और विजय शंकर पाण्डेय का अगल बगल खेत है। इनके खेत के बीच से ही बिजली के खंभे लगे है जिसके माध्यम से विद्युत आपूर्ति होती है। तेज हवा के कारण नीचे लटके तार आपस में सट गए जिससे निकली चिंगारी खेत में जा गिरी। जिससे गेहूं में आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक शीतला प्रसाद पाण्डेय और विजय शंकर पांडेय का दो बीघा गेहूं जल कर स्वाहा हो गया। ग्रामीण इसकी जानकारी दमकल विभाग को देना चाहा पर उनका फोन नही उठा।

## प्रत्येक माह की प्रथम तारीख को वेतन भुगतान किया जाय सुनिश्चित : शैलेश राय

**आजमगढ़।** माध्यमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक डीएवी कालेज के प्रांगण में जिलाध्यक्ष बालकेश दूबे की अध्यक्षता में की गयी। कार्यक्रम का संचालन साकेत चतुर्वेदी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय मंत्री शैलेश राय ने जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग किया कि प्रत्येक माह की प्रथम तारीख को शिक्षकों कर्मचारियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाय क्योंकि सभी शिक्षक व कर्मचारी बैंक व वित्तीय संस्थान से लोन लिए हुए है जिसकी किस्त समय से न जमा होने पर लोन डिफाल्टर घोषित हो जाता है। तथा एनपीएस की धनराशी समय से खाते में उपलब्ध कराने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेषनाथ मिश्र एवं जिला मंत्री साकेत चतुर्वेदी ने अधिक से अधिक सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। बैठक में सुनील राय, नागेन्द्र कुमार, सनील सिंह, बलवन्त सिंह, बलवन्त श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, जीतलाल, रविशंकर लाल आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### मड़ई में आग लगने से लाखों की क्षति



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहरा गांव में अज्ञात कारणों से मंडई में आग लग गयी जिससे लाखों का नुकसान हुआ। आग की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण पहुच गये और काफी मसक्कत करने बाद आग पर काबू पाया। अतरौलिया थाना क्षेत्र के लोहारा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल ही रात्रि कोएक मंडई में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे आग पूरी तरह से बेकाबू हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और स्वयं आग को बुझाने लगे। आग लगने के कारण मंडई में रखा ट्रैक्टर, इंजन, लिफ्ट की मशीन समेत भारी नुकसान हुआ जो पूरी तरह से जल गया। नागेश सिंह पुत्र हौशिला प्रशाद ने बताया कि आग लगने के कारण भारी नुकसान हुआ है वही मंडई के बगल ही स्थित दो गुमटीओ जो यमुना प्रसाद और फौजदार की थी उसको भी आग ने अपनी गिरफ्त में ले लिया जिसके कारण दुकानदार का भी काफी नुकसान हुआ।

### नई परम्परा का जन्म नहीं होने दिया जायेगा



**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना परिसर में आगामी त्यौहार, अलविदा जुमा की नमाज व डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती को ध्यान में रखकर रविवार को एक पीस कमेटी कि बैठक थानाध्यक्ष राजेश कुमार कि चैकी प्रभारी राजीव सिंह कि देख रेख मे मिटींग आयोजन किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी तरह की नई परंपरा का जन्म नहीं होने दिया जाएगा जो रूट के डायवर्शन है उसी आधार पर अपने अपने शोभा यात्रा निकाली जाएगी जहां भी विवादित स्थल हो कृपया अवगत कराएं समय रहते उसका निस्तारण कर लिया जाएगा साथी आप लोग कानून को हाथ में ना लें अगर कहीं भी किसी प्रकार की दिक्कत हो और सुविधा हो तो थाने को सूचित करें। इस अवसर पर रामप्रेश, प्रवीण कुमार, राशीद, पंकज कुमार, अतुल, राजकुमार, रामजीत, जलाल अख्तर, सूबेदार, राम अवध, राजमन, राम आसरे, राजा, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

### गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति रहें गंभीर : डा. खुशबू



**आजमगढ़।** रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निःशुल्क कैम्प का आयोजन रविवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि वर्तमान में मौसम बदल रहा है ऐसे में लापरवाही बिल्कुल न करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा बच्चा दोनों ठीक रहे। गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे। रमा परिवार सभी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य महिलाओं से अपील किया कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाये ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 68 महिलाओं का निःशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य की हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का प्रशिक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। महीने के 9 तारीख कभी न भूले अपने घर के अगल-बगल हर किसी को यह बात बताएं की रमा हॉस्पिटल में 9 तारीख को निःशुल्क शिविर गर्भवती महिलाओं के लिए चलता हमारा उद्देश्य पूर्वांचल के लोगो तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। लम्बे समय समय से प्रत्येक माह के 9 तिथि में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे हजारों लोग अब तक लाभांवित हो चुके है। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे पिता पुत्र की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। अतरौलिया थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव निवासी लालचंद कन्नौजिया पुत्र स्व बुद्धू कन्नौजिया उम्र 65 वर्ष एवं उनके पुत्र साहबदीन पुत्र लालचंद कन्नौजिया उम्र लगभग 35 वर्ष शनिवार को अपनी मोटरसाइकिल से अंबेडकर नगर जिले के कटका थाना क्षेत्र के कोइरी का पूरा गांव अपने रिश्तेदार के यहाँ शोक सम्बेदना ब्यक्त करने जा रहे थे। यहां पर लालचंद अपने सगे भाई मूलचंद की लड़की के घर जा रहे थे उनकी लड़की का मुंबई में इलाज के दौरान 2 दिन पहले मौत हो गई थी। शाम को कटका बाजार में ही किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही बाप बेटे की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। निरीक्षक कटका, क्षेत्राधिकारी जलालपुर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के जेब से मिले कागजात के आधार पर पहचान अतरौलिया थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव की हुई पुलिस ने अपने स्तर से मृतकों के घर सूचना दी। मृतक लालचंद तीन भाइयों में सबसे छोटे थे जो अलग रहते थे एवं मृतक साहबदीन दो भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार की आर्थिक स्थिति भी बहुत दयनीय थी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### फर्जी संगठनों से सतर्क रहने की जरूरतः मूलचन्द

**आजमगढ़।** मेहता पार्क में अखिल भारतीय चैहान महासभा की बैठक की गयी बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए चुनाव अधिकारी ने चैहान समाज व वौधिक वर्ग से अपील किया कि इस संगठन के नाम पर फर्जी तरीके से लोग अपने को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अनय पदो पर आसीन बताकर समाज को बरगला रहे हैं जिससे समाज को सतर्क रहने की जरुरत है। उन्होने उपस्थित लोगों को बताया कि 16 अप्रैल को।

# संजीव राय का पीसीएस में चयन से क्षेत्र में खुशी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनपद स्थित मन्दूरी पंचखोरा के संजीव कुमार राय का पीसीएस में चयन से गांव में खुशी का माहौल है। इनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

जनपद के कंधरापुर थाना अंतर्गत मंदूरी पंचखोरा गांव के संजीव कुमार राय का चयन पीसीएस के तहत डिप्टी एसपी पद के लिए हुआ। यह सुनते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई क्षेत्र के आसपास के लोग और सारे नात रिश्तेदारों का बधाई देने के लिए ताता लगा हुआ है इस अवसर पर गांव के हरि प्रकाश राय ने पहुंचकर बधाई दी।



संजीव राय।

गांव वालों ने बताया कि बचपन से ही संजीव कुमार राय प्रतिभा के धनी थे इनके बाबा स्वर्गीय सत्यदेव राय ग्राम पंचायत अधिकारी से रिटायर थे इनके पिताजी कमलेश राय जो इस समय कानपुर जनपद में पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं।

संजीव कुमार राय तीन भाई और एक बहन है। इनको उत्तर प्रदेश में 93 रैंक मिला है और उनका चयन डिप्टी एसपी पद के लिए हुआ है। इनकी प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर मंदूरी से हुई थी और हाई स्कूल इंटरमीडिएट की शिक्षा लखनऊ में हुई थी इन्होंने बीटेक की शिक्षा मैकेनिकल ट्रेड लखनऊ से की थी उसके बाद तैयारी में लगे हुए थे इसका श्रेय उन्होंने अपने मां-बाप और गुरुजनों को दिया है। इनके घर पर इस समय बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# भू-माफिया से जमीन बचाने की लगायी गुहार



पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते अशोक सिंह।

आजमगढ़। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चन्द कदम दूरी पर बैनामाशुदा जमीन पर भू-माफिया भाजपा नेता पर असलहाधारियों को खड़ा कर जबरन जमीन कब्जा कराये जाने का आरोप जहानागंज थाना क्षेत्र के लप्सीपुर गांव निवासी अशोक सिंह कुंदन ने प्रेतवार्ता के दौरान लगाया।

पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता में अशोक सिंह ने बताया कि अपनी माता सावित्रि सिंह के नाम से कोलबाजबहादुर में 60 एयर भूमि 24 जुलाई 2014 को बैनामा लिया था। उन्होने बताया कि 9 वर्ष बाद सिविल लाइन निवासी भू-माफिया भाजपा नेता अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए लगातार बैनामशुदा जमीन को मिट्टी पाटकर कब्जा कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि जबरन कब्जा किये जा रहे जमीन की शिकायत डीएम एसपी से की गयी तो राजस्व टीम ने सीमांकन कर दिया। इसके बाद भी दबंग सरकारी सीमांकन को नहीं मान रहे हैं और असलहाधारियों को खड़ा करके मेरे मां के नाम से ली गयी बैनामाशुदा जमीन को कब्जा किया जा रहा है उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्रक भेजकर दबंग द्वारा किये जा रहे कब्जे को तत्काल रोकवाने और बैनामा की जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की।

# मेरी छवि खराब करने की कोशिश : ज्ञानू सिंह

जनसंदेश न्यूज



**आजमगढ़।** अपने ऊपर जमीन कब्जा का आरोप लगाये जाने को लेकर भाजपा नेता ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ ज्ञानू सिंह ने मीडिया से रूबरू होकर बताया कि साजिश के तहत मेरी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। जिस जमीन का मामला सामने आया है उस पर मेरा करीब 20 साल से कब्जा है। आरोप लगाने वालों ने जमीन कहीं और बैनामा कराया है और मेरी खाली जमीन देखकर इसमें अपनी जमीन ढूढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में सपा विधायक दुर्गा प्रसाद यादव द्वारा भी मेरे ऊपर जमीन हथियाने का आरोप लगाया था, कुछ लोगों द्वारा उनकी पत्नी के नाम से फर्जी तरीके से एग्रीमेंट करा लिया गया था, उस समय सपा की सरकार थी और दुर्गा प्रसाद यादव मंत्री भी थे। पूरा प्रशासनिक अमला मिलकर मौके की पैमाइस कराया लेकिन आरोप के आधार पर कुछ भी हासिल नहीं हुआ। आज फिर मेरे ऊपर मिथ्या आरोप लगाया गया है जो मेरी छवि को खराब करने का हिस्सा है। ये लोग पुनः जमीन की पैमाइस करा लें। भाजपा सरकार में कोई भी व्यक्ति किसी की जमीन जबरिया कब्जा नहीं कर सकता।

# धूमधाम से मनी सांकृत्यायन की जयंती

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय आजमगढ़।** पंदहा गांव स्थित महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती जन्म स्थली पर रविवार को धूमधाम से मनाई गयी। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गोष्ठी मे वक्ताओं ने विचारों को आत्मसात किया। कहा आज भी विचारों में है राहुल।

प्रातः विद्यालय के छात्रो के साथ ही लोगो स्थली पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। लोगो ने राहुल की याद में नारे लगाए, राहुल तेरे अरमानों को हम मंजिल तक पहुंचाएंगे। अपने संबोधन मे कामरेड जितेंद्र हरि पांडेय ने कहा कि राहुल जी ने भागो नही दुनियां को बदलो, बाईसवीं सदी, मेहरारुन के दुर्दशा, मानव समाज, घुमक्कड़ स्वामी जैसे आदि ग्रंथों के लेखन से महा पंडित कहलाये। आज भी इनके विचार प्रासंगिक है। अपने घुमक्कड़ी जीवन मे जहा गये वहा को जाना परखा और लेखनी मे पिरोया। अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किये। बिहार से आई एथलेटिक्स सोनी ने कहा कि राहुल की जन्मस्थली पंदहा तो कर्मस्थली बिहार थी। मेरी जन्मस्थली बिहार है और मेरी कर्मस्थली राहुल सांकृत्यायन का दयार होगा। एथलेटिक्स में यहां इतना दम खम लगाएंगे जिससे हम राष्ट्रीय स्तर पर खिताब पाकर ही अपनी जन्मभूमि पर वापस जायेंगे। गोष्ठी को हरिगेन राम,रामचेत यादव.त्रिभुवन पांडे. ठाकुर प्रसाद. आदि लोग उपस्थित रहे। जन पुस्तकालय के संयोजक राधेश्याम पाठक ने आभार जताया।



राहुल सांकृत्यायन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग।

**निजामाबाद, प्रतिनिधि** के अनुसार रविवार को तहसील निजामाबाद स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय पर महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 130 वीं जयंती पर उनके चाहने वालों ने उन्हें याद किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज भी देश और दुनियां के अंदर राहुल जी के विचार बहुत प्रासंगिक है।

आजादी के आंदोलन के दौर में राहुल जी ने भागो नही दुनियां को बदलो,तुम्हारी क्षय,मेहरारुन के दुर्दशा, बाईसवीं सदी,मानसिक गुलामी, साम्यवाद ही क्यों जैसे ग्रंथ लिखकर सम्पूर्ण मानवजाति के इतिहास और विकास का एक मार्ग दिखाया।

# रामगणेश प्रजापति को पार्टी की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी

**आजमगढ़।** कांग्रेस प्रवक्ता ओंकार पाण्डेय ने बताया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति ने कांग्रेस नेता राम गणेश प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह में स्पष्टीकरण माँगा है। बैठक के दौरान रामगणेश प्रजापति द्वारा शीर्ष नेताओं के प्रति अमर्यादित टिप्पणी और उन पर दबाव बनाने की कोशिश की गयी थी। जिस पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति ने संज्ञान लिया है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया यदि एक सप्ताह के अंदर राम गणेश प्रजापति द्वारा अनुशासन समिति को समुचित स्पष्टीकरण नही दिया गया तो सख्त अनुशासनात्म कार्यवाही की जायेगी। पूर्व में भी प्रजापति को ऐसे कृत्य के लिये कई बार मौखिक चेतावनी दी जा चुकी थी। अनुशासन तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को पार्टी कत्तई बख्सने वाली नहीं है। अनुशासनहीनता करने वाले अन्य लोगों को भी चिह्नित करने का काम चल रहा है। भविष्य में उन पर भी कार्यवाही की जा सकती है।

# डीएसपी बने उमेश का गांव में हुआ जोरदार स्वागत

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अतरौलि क्षेत्र के मीरपुर निवासी उमेश यादव का चयन डीएसपी पर होने पर क्षेत्र में खुशी है घर पहुंने पर मदियापार मोड़ पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। अतरौलिया क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी उमेश यादव पुत्र स्व. भीमल यादव का चयन डीएसपी पद पर होने से जहाँ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है वही रविवार को उनके घर पहुंचते ही अतरौलिया स्थित मदियापार मोड़ पर लोगो ने उनका माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।इनके एक ही भाई कन्हैया यादव है जो उमेश को गले लगाकर रोने लगे ये आँशु उनकी अपार खुशी के थे। पिता की मौत के बाद उमेश यादव ने अपने हौसलों की उड़ान को कम नहीं होने दिया और लगातार परिश्रम की वजह से आज उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ ।जैसे ही यह खबर मिली परिजनों तथा क्षेत्र के लोगों में खुशी व्याप्त हो गयी। रविवार को इनके घर आगमन पर मदियापार मोड़ तथा पैतृक गांव मीरपुर में तैयारी की गई थी जहाँ उनका जोरदार स्वागत किया गया। उमेश यादव ने बताया कि इसके पहले भी उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी है। पिता के गुजर जाने के बाद सारी जिम्मेदारियां इनके भाई कन्हइया के कंधों पर आ गई। अपनी सफलता का श्रेय इन्होंने अपने भाई माता पिता व सभी मित्र बंधुओं को दी, उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति के बदौलत किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है,युवा अपनी मेहनत के बदौलत किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर यादव, चन्द्रकेश यादव, विनोद यादव, जितेंद्र यादव, अनिल यादव, जशवंत यादव, चंद्रभूषण यादव, रणविजय यादव, हरिश्चंद्र, राहुल, सत्यवान, दुर्गेश यादव समेत लोग मौजूद रहे।



माला पहनाकर उमेश का स्वागत करते ग्रामीण।

# अल्लाह की रहमत हासिल करने का जरिया रोजा : अब्दुल बारी

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया आजमगढ़।** रमजान उल मुबारक में रातों दिन अल्लाह की रहमतैं, बरकतैं, इनायतैं और नवाजिशैं नाजिल होती हैं। इससे पूरा फायदा वही लोग उठा पाते हैं जो उसकी रहमत के सच्चे तलबगार होते हैं, दिन में अल्लाह की रहमत हासिल करने का जरिया अगर रोजा है तो रात में अल्लाह की रहमत हासिल करने का जरिया नमाज ए तरावीह है। जिस तरह दिन में रोजा रखने पर बड़ा सवाब है, यूं ही रात में नमाज ए तरावीह पढ़ने पर भी बड़ा अजरो सवाब है।

पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलैहे वसल्लम ने इरशाद फरमाया! कि रमजान के दिनों में रोजे रखो, और उसकी रातों में कयाम करो। तरावीह मर्द औरत सबके लिए सुन्नते मोअककेदा है। इसका तर्क करना जायज नहीं, अल्लामा अमजद अली आजमी मोसननिफ बहारे शरीयत फरमाते हैं, कि नमाज ए तरावीह पर खोलफाए राशेदीन ने मदावेमत फरमाई है और नबी ए करीम सल्लल्लाहो ताला अलेहे वसल्लम का फरमान है कि मेरी सुन्नत और खोलफाए राशेदीन की सुन्नत को अपने ऊपर अनिवार्य कर लो, पैगंबर ए इस्लाम ने नमाज ए तरावीह पढ़ी और उसे बहुत पसंद फरमाया। हजरत अबू हुरैरा रजि अल्लाह ताला अनहो से रवायत है कि आप सल्लल्लाहो ताला अलैहे वसल्लम ने इरशाद फरमाया जो रमजान उल में ईमान की वजह और सवाब हासिल करने की गरज से रातों में कयाम करेगा, तो उसके अगले गुनाह बख्श दिए जाएंगे। पैगंबर इस्लाम की सुन्नत से साबित है कि आपने नमाज ए तरावीह को जमात के साथ पढ़ा है, ताकि इसका मसनून होना मालूम हो जाए,उसके बाद आपने इस सुन्नत को तर्क कर दिया, इस अंदेशा के पेशे नजर कि कहीं मेरी उम्मत पर फर्ज न हो जाए, अगर फर्जियत का अंदेशा न होता तो आप हमेशा पढ़ते रहते, पैगंबर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद ने सहाबये केराम को घरों में तरावीह की नमाज पढ़ने का हुक्म दिया आपके विसाल के बाद नमाज ए तरावीह के फर्ज होने का अंदेशा खत्म हो गया ,तो हजरत उमर रजियललाहो तआला अन्हो (जो इस्लाम के दूसरे खलीफा हैं) रमजान में एक रात मस्जिद तश्रीफ ले गए, लोगों को अलग-अलग नमाज पढ़ते हुए देखा, कोई तन्हा पढ़ रहा है, किसी के साथ कुछ लोग पढ़ रहे हैं, फरमाया मैं मुनासिब समझता हूं कि इन सब को एक इमाम के साथ जमा कर दूं ,तो बेहतर हो, आपने सबको एक इमाम उबै इब्न काब रजियललाहो तआला अन्हो के साथ इकट्ठा कर दिया। फिर दूसरे दिन तश्रीफ ले गए तो देखा कि सब लोग एक इमाम के पीछे नमाज पढ़ते हैं, फरमाया ! यह अच्छी बिदअत है।



मौलाना मोहम्मद अब्दुल बारी नईमी।

हजरत उमर फारूक रजियल्लाह तआला अन्हो के जमाना में लोग तरावीह की नमाज 20 रकआतैं पढ़ा करते थे,यूंही हजरत उसमान गनी और शेरे खुदा, मौला ए कायनात हजरत अली के जमाना में भी था। रमजान में लोगों को 20 रकआतैं नमाज ए तरावीह की हिकमत यह है कि रातों दिन फराइजो वाजेबात 20/रकआतैं हैं, लिहाजा मुनासिब है कि यह भी 20 हों, तरावीह की 20 रकआतों से फ्राईज व बाजेबात की तकमील होती है। दौराने तरावीह पूरे रमजान में एक मर्तबा कुरान खत्म करना सुन्नते मुअक्केदा है ,दूसरी मर्तबा फजीलत ,और तीसरी मर्तबा अफजल है। रमजान उल मोबारक का चांद देखने के बाद तरावीह की नमाज शुरू की जाए और ईद का चांद देखने के बाद छोड़ दी जाए ।नमाज ए तरावीह को बिला उजर ए शरई तर्क करने वाला गुनहगार है। और रमजान के पूरे महीना पढ़ना सुन्नति मोअक्केदा है। अक्सर कुछ दिनों में तरावीह में कुरआन खत्म हो जाता है, तो लोग समझते हैं कि इसके बाद तरावीह की नमाज नहीं पढ़ना है ,और तरावीह की नमाज पढ़ना छोड़ देते हैं, जो कि गलत है, क्योंकि रमजान में खत कुरआन करना मुस्तकिल सवाब का काम है और पूरे महीना तरावीह की नमाज पढ़ना खोलफाए राशेदीन, सहाबा और सल्फो सालेहीन की पाबंदी और अलहदा सुन्नत है। यह उक्त बातैं मौलाना मोहम्मद अब्दुल बारी नईमी आजमी पेश इमाम जामा मस्जिद अतरौलिया एंव उस्ताद मदरसा अरबिया पैजे नईमी सरैया पहाड़ी ने कहीं।

# चतुर्थ पुण्यतिथि पर याद किये गये शिक्षाविद् दीनानाथ लाल श्रीवास्तव

**आजमगढ़।** प्रखरवक्ता, शिक्षाविद और गांधीवादी विचारधारा को आत्मसात करने वाले बाबू दीनानाथ लाल श्रीवास्तव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन ए. एन. मेमोरियल चिल्ड्रेन स्कूल के प्रांगण में किया गया।

सर्वप्रथम श्रद्धांजलि सभा में विजय यादव अध्यक्ष जिला पंचायत आजमगढ़ द्वारा बाबू जी व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पांजलि देकर प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात हरिहरपुर घराने के प्रतिष्ठित गायक शंभू नाथ द्वारा कबीर भजन एवं गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात वक्ताओं ने बाबूजी के व्यक्तित्व व कृतित्व विस्तृत रूप से चर्चा की जिनमें प्रमुख रूप से निरंकार प्रसाद श्रीवास्तव पूर्व प्राचार्य, भानु प्रताप श्रीवास्तव, डॉक्टर भक्तवत्सल, विवेक श्रीवास्तव, अजेंद्र राय, एडवोकेट संतोष कुमार श्रीवास्तव अविनाश चौहान शामिल रहे। आए हुए सभी अतिथियों स्वागत सलिल श्रीवास्तव व सुधांशु श्रीवास्तव ने किया। इस सत्र का संचालन नगर के प्रमुख रंगकर्मी सुनील दत्त विश्वकर्मा द्वारा किया गया। तत्पश्चात एक बृहद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता साहित्यकार हरिहर पाठक द्वारा किया गया। इस कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से बालेदीन बेसहारा द्वारा भ्रूण हत्या पर एक मर्मस्पर्शी रचना प्रस्तुत कर समाज में व्याप्त बुराइयों के प्रति लोगों को आगाह किया। हास्य व्यंग की प्रमुख शिल्पकार शैलेंद्र मोहन राय अटपट ने जबसे पड़ल वरमाला हो रामा मुहवां पे ताला। सुनाकर लोगों को हंसा कर लोटपोट कर दिया। प्रख्यात गीतकार ईश्वर चंद्र त्रिपाठी ने मेरा जिंदा जमीर रहने दे फकीर हूं फकीर रहने दे। प्रसिद्ध गजलकार अशोक कुमार, अशोक चिरैयाकोटी ने दीप ऐसे मोहब्बत के जलते रहे हम अंधेरों से बाहर निकलते रहे सुना कर समा बांध दिया। गीतकार विजेंद्र प्रताप श्रीवास्तव करुण ने बाबू जी को समर्पित करते हुए अंधेरे में राह दिखाएं सदा सत्य पथ पर ले जाएं हारूं जब मैं कहीं अगर तो मंत्र विजय का जो बतलाए। सुना कर बाबूजी का स्मरण सबके मन मस्तिष्क में ताजा कर दिया। बैजनाथ यादव ने अपनी रचना सुनी ना गई वो सदा हो गया हूं मैं मिलने से पहले जुदा हो गया हूं। श्वेता सिंह ने वह कौन कहां से आता आंखों से नजर नहीं आता ।



स्व. दीनानाथ लाल श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डा. संग्राम यादव।

सरोज यादव ने मुफलिसों का दर्द है या झोपड़ी की पीर है मेरी कविता मेरे युग की द्रोपदी की चीर है सुनाया, राजनाथ राज ने विषधरों को दूध है बछड़ों को सूखी घास है सुनाकर समाज को सोचने के लिए मजबूर कर दिया डॉक्टर मुश्ताक अहमद उनको करता हूं जब स्मरण नींद में, रात भर चलता है जीवन मरण नींद में। अमरीश श्रीवास्तव ने बिना कनेक्शन लगे ही बिल आया है, यही तो बिजली विभाग की माया है। सुना कर व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया। घनश्याम यादव ने मैं हूं शहर का बाशिंदा कुछ दूर भले हूं मैं फिर भी है गांव मेरे दिल में जिंदा सुना कर माटी की खुशबू से सबको सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विजेंद्र प्रताप श्रीवास्तव करुण ने किया तथा आभार विद्यालय के प्रबंधक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के मध्य में अतरौलिया विधानसभा के विधायक संग्राम यादव द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्रों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद यादव, अरविंद चित्रांश, हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव, प्रणीत श्रीवास्तव हनी, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, डा. भक्तवत्सल, डॉक्टर सलमानी, सिद्धार्थ राम सिंह, विनोद अग्रवाल, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राय अनूप श्रीवास्तव, अशोक अस्थाना, अजय गौतम, गोविंद दूबे, संतोष श्रीवास्तव फिल्म अभिनेता आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रोता गण देर रात तक कवि सम्मेलन का आनंद लेते रहे।

# जिले में पानी नहीं, आंसू बहा रही है एक नदी

**यह है हाल**

**लोहंदी नदी के अस्तित्व पर संकट**

**पानी जहरीला होने से कई जानवरों की हो चुकी है मौत**

**कभी सांसद फूलन देवी ने दिया था धरना, नाले में तब्दील हो गई नदी**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले में लोगों को जीवन और उनकी दिनचर्या को गति देने वाली लोहंदी नदी प्रदूषण के चलते नाले में तब्दील हो गई हैं। सिटी विकास खण्ड के लौरिया गांव की बंधी से पानी लेकर करीब आठ किलोमीटर का सफर कर गंगा में समाहित होने वाला जल जहरीला हो गया है। बहते गंदे पानी का सेवन कर आधा दर्जन से अधिक गाय भैंस की मौत हो चुकी हैं। जिले की सांसद बनी दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने नदी को बचाने के लिए 1996 में नदी किनारे ग्यारह तख्वा के बगल में कुटी पर धरना दिया था।

उनका धरना प्रदर्शन नदी के संरक्षण में काम न आया। अधिकारियों के वादे के बावजूद नदी का पानी जहरीला बनता गया।

इसके पीछे एक कॉरपोरेट कम्पनी को ज़िम्मेदार बताया जा रहा है।

## नाले में तब्दील हो गई नदी

**लौरिया में बड़का तो लोहन्दी में बहता था ग्यारह तख्वा का झरना**

अदवा, भोगवा और हनुमान बंधा का पानी लौरिया बंधी में इकट्ठा होता था। जल संरक्षण के लिए बंधी पर पक्का निर्माण किया गया था। जो वक्त की मार से ध्वस्त होते गए। रख रखाव के नाम पर खर्च तो किया गया पर निर्माण कुछ नजर नही आता। इस बंधी से झरना के रूप में गिरने वाला जल गंगा में समाहित होने के लिए निकलता था। जो नकहरा गांव से होते हुए बथुआ मोहल्ले में पत्थर से बने गांधी घाट पर लोगों को सुकून देता था। इस घाट पर लोगों की नहाने के लिए भीड़ लगी रहती थी। इतना ही नहीं लोग फुर्सत के दिनों में इसके किनारे पिकनिक मनाने आते थे। यह नदी फिर आगे लोहंदी में जाकर ग्यारह तख्वा पर तीन जगह पत्थर का घाट अपने गौरव की गाथा कहता है। नदी का जल लोगों को राहत देती थी। सावन के महीने में प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को लोहन्दी महावीर के मन्दिर पर मेला लगता हैं। लोग इस नदी में नहाते और बाटी चोखा, चुरमा का स्वाद लेते थे । नदी के किनारे के कुआं का मीठा जल हर मर्ज की दवा था। नदी की बदहाली के बाद मेला तो लगता हैं पर वह रौनक नही रह गया हैं।



नदी में बहता गंदा पानी

### स्थानीय लोगों ने बनाई समस्याएं

**पढ़े लिखे लोगों ने नदी को नाला बना दिया**

बंधी के प्रति विभागीय उपेक्षा, नदी के मार्ग पर अतिक्रमण से बंधी का पानी नदी में आना बन्द हो गया है। नकहरा में स्थित कार्पेट कम्पनी के साथ ही बढ़ती आबादी के कारण लोगों के घरों से निकले पानी ने नदी को नाला बनाकर रख दिया है। जिसका गंदा पानी विभिन्न गांवों से होते हुए ओझला पुल के नीचे से होकर गंगा नदी में मिलता है। गंगा स्वच्छता अभियान के तहत भारी भरकम धनराशि खर्च करने के बाद भी जहरीले पानी के कारण उसके निवारण पर किसी जन प्रतिनिधि या जिम्मेदार अधिकारी ने ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।

### गंगा में जहरीला पानी, जलीय जीवों पर संकट

कारपेट कंपनी और लोगो के घरों से निकल रहे रासायनिक और गंदे जल का प्रवाह क्षेत्र में दुर्गंध बिखेरता हुआ गंगा नदी में समाहित हो रहा हैं। जहरीले जल का गंगा में रहने वाले जलीय जंतुओं पर पड़ना स्वाभाविक है। गंगा नदी में जहर कब तक प्रवाहित होगा यह तो प्रदूषण का जिम्मा संभालने वाला विभाग जाने।

### सांसद फूलन देवी ने नदी बचाने के लिए दिया था धरना

बीहड़ से निकलकर संसद पहुंची दस्यु सुंदरी फूलन देवी मीरजापुर भदोही संसदीय सीट से 11वीं लोकसभा में 1996 में पहली बार सांसद बनी थी। इस दौरान उन्होंने सपा नेता कैलाश चौरसिया के लोहंदी आवास पर रहते हुए नदी को बचाने के लिए धरना प्रदर्शन किया था। जो आश्वासन के बाद खत्म तो कर दिया गया। लेकिन समस्या का समाधान किए जाने को कौन कहे नदी पर लगा ग्रहण गहराता गया। आज भी वही हाल हैं। अब इसके जल में नहाने को कौन कहे दुर्गंध के कारण लोग खड़ा होना भी उचित नहीं समझते।

### प्रदूषित पानी बहने के बावजूद भी अधिकारी अनजान

लोहंदी नदी के किनारे ग्यारह तख्वा के पास रहने वाले पशुपालक अपने आधा दर्जन से अधिक धन पशु खो चुके हैं। पशु पालकों ने बताया कि बंधे हुए पशु को वह गंदा पानी नहीं पिलाते। लेकिन किसी प्रकार खूंटे से खुलकर बह रहे पानी पीने के दो चार दिन में ही उनकी मौत हो जाती हैं। जयराम यादव और पार्वती ने बताया कि नदी कभी हम सबके परिवार का सहारा था। लोगों ने तैरना सीखा था। अब तो उसके पास जानवर भी नही जाने देते। नदी में स्वच्छ जल के जगह फेन वाला दुर्गंध युक्त गंदा पानी देखकर ही लोग सिहर जाते हैं। लेकिन यही पानी गंगा नदी में जाकर जलीय जीवों के लिए खतरा बना हुआ है। लोगों ने लोहन्दी नदी के साथ ही गंगा नदी को भी प्रदूषण से बचाने की जरुरत जताया।

### कागज पर दौड़ रही जल संरक्षण की योजनाएं

एक तरफ केंद्र और प्रदेश सरकार गंगा निर्मलीकरण और जल संरक्षण की योजनाओं पर काम कर रही है। जबकि उन योजनाओं का असर जिले में कही नजर नहीं आ रहा हैं। नया कुछ करने को कौन कहे धरोहर भी खतरे में दिखाई पड़ रहा हैं।

### फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** देहात पुलिस द्वारा षडयंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि का क्रय-विक्रय करने के अभियोग से सम्बंधित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना को0देहात मीरजापुर पर 07 नवम्बर 2022 को किरन उर्फ मीरा निवासिनी छोटा मीरजापुर थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर आपराधिक षड़यंत्र के तहत कूटरचित तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का क्रय व विक्रय करने के सम्बंध में लिखित तहरीर के आधार पर थाना देहात पर धारा 420, 467, 468, 471,120बी /506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए प्रभारी निरीक्षक को0देहात को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गये थे। उक्त निर्देश के क्रम में रविवार को उ0नि0 विजय कुमार राय चौकी प्रभारी बरकछा मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से उपरोक्त अभियोग से सम्बधित एक आरोपी रामलाल पुत्र स्व0 रामअचल उर्फ ब्रम्हा निवासी भिस्कुरी थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# दूसरे दिन भी पुलिस ने पकड़ी 65 लाख रुपये की शराब

**कार्रवाई**

**दो शराब तस्करों को पुलिस ने ट्रक समेंत किया गिरफ्तार**

**लगातार एसपी के दबाव में हुई बड़ी कार्रवाई**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** 65 लाख की ट्रक में लदी 1100 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आगामी उप-विधानसभा चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि थाना राजगढ़, एसओजी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।



पत्रकारों को जानकारी देते एसपी सिटी

रविवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजगढ़, एसओजी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्र से सघन चेकिंग कर ट्रक वाहन सवार 02 व्यक्तियों रमाशंकर पुत्र रोशन लाल (चालक) व नितिन उर्फ प्रिंस सिंह चौहान पुत्र स्व0 अनिल सिंह को गिरफ्तार किया गया। बरामद वाहन की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त ट्रक में लदी हुई कुल 1100 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ( स्टार ब्लू डिलक्स व्हीस्की ब्राण्ड ) बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर धारा 420, 467, 468, 471 भादवि व 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया। तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त ट्रक अंकित वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

# अवैध मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

**कामयाबी**

**वाहन चेकिंग के दौरान गांजा बरामद**

**पुलिस ने अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल**

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर पूरे जनपद में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के लिए सभी थानाध्यक्षों को आदेश जारी किए गए हैं जिसके क्रम में राजगढ़ थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर प्लेट की पीकअप में 54 बन्डल गांजा बरामद किया गया जिसका वजन 94 किग्रा बताया जा रहा है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपए है। जनपद में विधानसभा चुनाव एवं निकाय चुनाव को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूरा प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। वहीं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ऐसे में राजगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत विगत दिनों मोटरसाइकिल चोरों के गिरोह का भी पदार्फाश किया गया था। जिसमें तीन मोटरसाइकिल सहित तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई थी। वहीं एसओजी व स्वाट टीम की मदद से थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव ने पिकप वाहन से जय प्रकाश विश्वकर्मा स्व सूर्य नारायण, सत्येन्द्र कुमार उर्फ मुनीम, निवासीगण कोटवा थाना मेजा जनपद प्रयागराज, संतोष पाण्डेय पुत्र जगदीश पाण्डेय निवासी सदहा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।



पकड़े गये गांजे के साथ एसपी सिटी व सीओ सदर

## संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**मीरजापुर।** किसान मोर्चा मिजार्पुर के सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा मंडल जमालपुर द्वारा भदावल ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जमालपुर मंजू सिंह, बिशिष्ठ अतिथि आनंद सिंह, मुख्य वक्ता किशोर सिंह एवं अध्यक्षता अवधेश कुमार पाण्डेय मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मंडल जमालपुर ने किया। इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से पुष्प शंकर पाण्डेय, सुखपाल सिंह, रणजीत सिंह, सुभाष राय, रामजन्म मौर्या, नीरज धीरज सिंह, दीपक विरार, हनुमत शरण सिंह, महिला मोर्चा की पदाधिकारी गण के साथ अनेक किसान बन्धु उपस्थित रहे।

### अज्ञात परिस्थिति में लगी आग से जल गई किसानों की फसल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कठवार गांव में 5 बीघे गेहूं की फसल कट कर खलिहान में रखी थी कि रविवार सुबह 11 बजे अज्ञात परिस्थिति में आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधन के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया किंतु आग बुझाते बुझाते 5 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा तब तक पूरी फसल जल चुकी थी। कठवार गांव निवासी बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज के सेवानिवृत्त क्लर्क पंडित तेज बहादुर दुबे पुत्र स्वर्गीय रविनंदन दुबे उर्फ मुरली करिंदा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की गेहूं की फसल कटकर उनके घर के बगल खलिहान में रखा गया था कि रविवार सुबह 11 बजे अज्ञात परिस्थिति में आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीण दौड़ पड़े और अपने निजी संसाधन से आग बुझाने का प्रयास किया किंतु आग बुझाते बुझाते पांच बीघे खेत की गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया था किंतु फायर ब्रिगेड पहुंचते-पहुंचते सब कुछ जल चुका था। किसान तेज बहादुर दुबे द्वारा तहसील स्तरीय कर्मचारियों को सूचित कर दिया गया है।

### पुनः एक दूजे के साथ रहने को राजी हुए बिछड़े 6 दंपति

**मीरजापुर।** प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली। काउंसिलिंग के माध्यम से 06 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 06 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, मुख्य आरक्षी प्रमोद पाण्डेय, महिला आरक्षी प्रीति चौबे, महिला आरक्षी सपना, पार्वती पाण्डेय व डॉ.कृष्णा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### स्वस्थ जीवन का आधार है प्राकृतिक खेती

**लालगंज।** भाजपा किसान मोर्चा दुबार मंडल द्वारा रविवार को प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न विषयक संगोष्ठी का आयोजन दुबार कला में संपन्न हुई। मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री शिवपूजन सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से किसान लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम का संचालन वीपी दुबे ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री नीरज सिंह, मंडल अध्यक्ष झल्लर मौर्य, उपाध्यक्ष लवकुश बिंद, पुष्पराज सिंह, महामंत्री धनन्जय सिंह सहित दुबार मंडल के सभी पदाधिकारी गण उपस्थिति रहे।

### स्कूटी अनियंत्रित होने से परिजन घायल

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के चिकान टोला मुहल्ला निवासी आकाश पाल अपने बहन भांजे के साथ स्कूटी पर सवार होकर मीरजापुर की तरफ से अपने घर के लिए निकले थे। जैसे ही अमरावती चौराहे के पास स्थित पेट्रोल टंकी के पास पहुँचे थे कि स्कूटी अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी करीब 15 फीट दूरी से घसीटते हुए डिवाइडर से टकरा गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने प्राइवेट साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल भर्ती कराया। इलाज के दौरान बिल्लो कुमारी 15 को गंभीर होने पर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। आकाश पाल 25 वर्ष, ज्योति कुमारी 12 वर्ष तथा चीनू 3 वर्ष घायल हो गये। इलाज के दौरान सभी को छोड़ दिया गया।

### ट्रक से ओवरटेक करने में पीछे से भिड़ा दूसरा ट्रक

**अहरौरा।** क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित वन विभाग कार्यालय के समीप शनिवार देर रात ट्रक को ओवरटेक कर रही दूसरी ट्रक जो सोनभद्र कोयला लोड करने जा रही थी। अचानक से आगे चल रही ट्रक में भिड़ी जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक पर खलासी का कार्य कर रहे चालक का साला अजीत यादव पुत्र निर्मल यादव उम्र 21 वर्ष निवास निवास मधुपुर सोनभद्र बाल बाल बच गये। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल चालक तीरथ यादव पुत्र चतुरी यादव उम्र 28 वर्ष निवासी सोनबरसा थाना पन्नूगंज सोनभद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। ट्रक मालिक सहित परिजनों को पुलिस ने घटना की सूचना दे दी थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी शंकर 54 वर्ष अपने दो पुत्र कमलेश 23 वर्ष व राजेश 27 वर्ष के साथ बाइक से शनिवार को राजापुर गांव आये थे। रविवार की सुबह उपकार हॉस्पिटल देवरी गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। धक्का लगते ही तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहुलूहान हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुँची पीआरवी पुलिस घायलों को सीएचसी मड़िहान ले गयी। परिजनों को मोबाइल से घटना की जानकारी दी गयी। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुँच गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से फसल जलकर राख

**जमालपुर।** क्षेत्र के गुलौरी गांव स्थित सीवान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से शनिवार को किसानों का लगभग 9 बीघे गेहूं का पुवाल जल कर राख हो गया। संयोग इतना अच्छा था कि ग्रामीणों के अथक परिश्रम से आस पास खड़ी गेहूं की फसल को बचाया लिया गया। गुलौरी गांव निवासी किसान अवनीश सिंह, विजय प्रकाश सिंह, पंकज सिंह सहित ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 6 एकड़ गेहूं का पुआल पशुओं को खाने के लिए रखा गया था कि अचानक पुआल से शनिवार को दोपहर में आग उठने लगा। आग विकराल रूप धारण कर धू धू जलने लगा, जिसको देख ग्रामीणों ने तत्परता से हरी टहनियों और पानी फेंककर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बेजूबानों के लिए रखा गया गया गेहूं का पुआल जल कर राख हो गया था। ग्रामीणों की सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच पाई।

# चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 शातिर वाहन चोरों को पुलिस ने गिरफार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा वाहनों की चोरी व चोरी के वाहनों की बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। रविवार को ब0उ0नि0 परमात्मान्द यादव मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ 02 शातिर वाहन चोर रंजीत कुमार पाठक पुत्र दिलीप कुमार व बिहारी गोड पुत्र शिवजी निवासीगण नियाजीपुर थाना सेमरी जिला बक्सर बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक अपाचे मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर धारा 41, 411 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया।



पकड़ गये बाइक चोर

## लकड़ी के बोटा से दबकर चालक की हुई मौत

**शव पहुंचा घर परिजनों में मचा कोहराम**

**हलिया।** क्षेत्र के नदौली गांव निवासी एक व्यक्ति चेन्नई में ट्रेलर चलाता था अचानक शुक्रवार को तमिलनाडु के एक जनपद में लकड़ी लादकर गया था। जहां श्रमिक गाड़ी से लकड़ी गिरा रहे थे। लकड़ी ट्रक के पीछे खड़े ड्राइवर के उपर लकड़ी का बोटा गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रविवार को एंबुलेंस से शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। नदौली गांव निवासी शिवदत्त का 35 वर्षीय पुत्र प्रमोद शुक्ला चेन्नई में ट्रेलर चालक का काम करता था। ट्रेलर पर लकड़ी लाद कर तमिलनाडु के एक जनपद में गया था और वहां लकड़ी उतारते समय लकड़ी के बोटा के नीचे दब जाने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिवार के लिये भरण पोषण करने का वही व्यक्ति सहारा था। शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार सहित पत्नी शव देखते ही दहाड़ दहाड कर रोने लगी। मृतक को पांच वर्ष का पुत्र व तीन वर्ष की पुत्री है।

# उपचुनाव के पूर्व कांग्रेसजनों को जगाने झारखंड से आये मंत्री

**बैठक**

**विचारों से कांग्रेस पदाधिकारियों को झकझोरा**

**कहा भाजपा ने की राहुल गांधी के साथ साजिश**

**मीरजापुर।** जनपद में पहुँचे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री राजेश तिवारी ने आगामी चुनावों में सशक्त भागीदारी के लिए राय शुमारी की। मिशन कंपाउंड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक कर विधान सभा उप चुनाव, नगर निकाय के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 पर चर्चा किया। कहा कि आप लोग जनता के बीच जाकर कांग्रेस की नीति और रीति के बारें में बताएं।

नगर के मिशन कंपाउंड स्थित कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण महंगाई बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है । आम जनता विकास के नाम पर ठगा सा महसूस कर रही हैं। कांग्रेस के लोग जनता के बीच में जाकर सरकार की जन विरोधी नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने साजिश के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त कर दी। यह लोगों के बीच जाकर बताने की जरूरत बताया। कहा कि पहले कांग्रेस को एक तरफा वोट मिलता था। अन्य दल महज कुछ हजार वोट पर सिमट जाते थे। अब जाति धर्म के नाम पर दूसरे दल वोट ले रहे हैं। कहा कि समय बदलता है । आप सब जनता के बीच जाकर कांग्रेस की रीति और नीति के बारे में बताएं। जनता आशा भरी निगाहों से कांग्रेसी और देख रही है। उन्होंने छानबे विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव, नगर निकाय चुनाव के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के बारे में विस्तृत चर्चा किया।



पत्रकारों को संबोधित करते प्रभारी मंत्री

# दुनिया हो रही मुट्ठी में, सिकुड़ रहा दिल

**आयोजन**

**भारत विकास परिषद मिजार्पुर का दायित्व ग्रहण समारोह**

**वक्ताओं ने कहा सेवा एवं संस्कार सनातन धर्म की धरोहर**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** हर इंसान को समर्पण के साथ सेवा करने का मौका नहीं मिलता। कोरोना काल ने सेवा का सबक सिखाने के साथ ही बता दिया कि कफन में जेब नहीं होता। आज अपने संस्कारों को जीवित रखने के लिए भावी पीढ़ी को उसे संरक्षित रख कर सौंपने की हैं। युक्त उद्गार भारत विकास परिषद मिजार्पुर के दायित्व ग्रहण समारोह में परिषद के क्षेत्रीय महा सचिव नवीन श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। उन्होंने नव गठित टीम को पद एवं गोपनीयता का शपथ दिलाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। दीप प्रज्ज्वलन डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शशांक चतुर्वेदी, वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा, ऋषि शुक्ल, क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव तत्कालीन अध्यक्ष गोवर्धन त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि भोला नाथ कुशवाहा ने कहा कि संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के पांच सूत्री वाक्य को लेकर समाज के बीच कार्य करने वाले परिषद के कार्यकर्ता बधाई के पात्र है।

बदलते दौर में दुनिया मुट्ठी में होने के साथ ही लोगों का दिल भी सिकुड़ता जा रहा है। मुख्य वक्ता नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि कितना भी कमा लो सब यही रह जायेगा। कोरोना ने सिखाया कफन मे जेब नही होती । कहा कि अगर भगवान ने दिया है तो समाज के वंचित लोगों को उपर लाये। कार्यक्रम में अनिल तिवारी, रोशन लाल, राजेंद्र अग्रवाल, निर्मला राय, नीलू श्रीवास्तव, गोपाल जी, राजू द्विवेदी, आनंद कुमार, गणेश गंभीर, डा. टीएन द्विवेदी एवं डा. संजीव श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीलू सिंह एवं विष्णु नारायण मालवीय ने किया।



कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी

### मोदी की योजनाओं को लेकर निकला राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज

**मीरजापुर।** भाजपा समर्थित राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा समाज के कार्यकर्ताओं ने विंध्याचल क्षेत्र के कंतित में भ्रमण कर मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान समाज के तमाम लोगों ने मोदी पर भरोसा जताते हुए बताया कि वह जिस मकान में रह रहे हैं वह मोदी सरकार की देन हैं। घर में जल रहा गैस का चूल्हा भी मिला है। कंतित वार्ड में समाज के संयुक्त सचिव मुनीर अहमद के निवास पर जिलाध्यक्ष चांदबाबू के नेतृत्व में बैठक की गई। घर घर चलो, गांव गांव चलो अभियान के तहत लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जनसंपर्क अभियान के दौरान मोहल्ले के लोगों ने अपना आवास दिखाते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी भेदभाव के आवास मिला है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चांद बाबू, सलीम अहमद भुट्टो नगर अध्यक्ष, मुनीर अहमद संयुक्त सचिव, सरफराज अहमद जिला सचिव, अब्दुल रहमान, टीटू एवं शकील अहमद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रथम आगमन पर काशी अध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बरौंधा कचार मीरजापुर के सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष (काशी क्षेत्र) दिलीप पटेल के प्रथम आगमन पर पार्टी पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष का चील्ह चौराहा पर जिलाध्यक्ष ने स्वागत कर, विंध्याचल जाकर माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर सीधा जिला कार्यालय पहुँचे। सभागार कक्ष में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने नये क्षेत्रीय अध्यक्ष का अंगवस्त्र व माला से सम्मान किया। तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का आये हुए सभी कार्यकर्ताओं की तरफ से हार्दिक स्वागत किया। उसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष का संक्षिप्त राजनैतिक जीवन परिचय बताया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में आये हुए सभी विधायकगण व पूर्व पदाधिकारीगण, पदाधिकारीगणों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्ययोजना के बारे में बताया।

कार्यक्रम का संयोजक व संचालन जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव ने किया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, मनोज श्रीवास्तव, शुचिस्मिता मौर्या, लाल बहादुर सिंह पटेल, गंगासागर दूबे, मनोज जायसवाल, उत्तर कुमार मौर्य, अनिल सिंह, बालेन्दुमणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष जगदीश पटेल, अमित पाण्डेय, निर्मला राय, जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल, रवि शंकर पाण्डेय, दिनेश वर्मा उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।



मंच पर आसीन काशी प्रांत के अध्यक्ष व भाजपाध्यक्ष

# कांग्रेसियों ने काली पट्टी बांधकर निकाला शांति मार्च

**आक्रोश**

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने का किया विरोध, अडानी द्वारा किये गये घोटाले की जेपीसी जांच की उठायी मांग

जनसंदेश न्यूज



काली पट्टी बांधकर शांति मार्च निकालते कांग्रेसी

**सोनभद्र।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विरूद्ध सत्ताधारी मोदी सरकार द्वारा षड़यंत्र पूर्वक मुकदमा दर्ज कराकर कोर्ट के आदेश पर आनन फानन में स्पीकर द्वारा लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध व अडानी घोटाले की जेपीसी जांच कराने की मांग को लेकर रविवार को कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष कौशलेश पाठक के नेतृत्व में चंडी तिराहे से मुंह पर काली पट्टी बांधकर हाथों में तख्ती लेकर शांति मार्च निकाला। इस दौरान नगर भ्रमण करते हुए बढ़ौली चौराहे पर सभा कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में मोदी के नेतृव में अडॉनी द्वारा बीस हजार करोड़ के घोटाले की जेपीसी जांच की मांग करते हुए कहा कि जब तक जेपीसी जांच की मांग पूरी नहीं होती, तब तक पूरे देश में चरणबद्ध आंदोलन चलता रहेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी लगातार अडॉनी के घोटालों पर आवाज बुलंद कर रहे थे। जिससे मोदी सरकार बौखलाकर साजिश के तहत उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द करा दी, जो अन्याय है, जिसको बर्दास्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेसी मंहगाई, बेरोजगारी, गलत नोटबन्दी, जीएसटी, अडॉनी की लूट के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहेंगे। धीरज पांडेय, अमित चतुर्वेदी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी व मृदुल ने कहा कि भाजपा अपने ही विधायक से मुकदमा करा कर एक तरफ न्यायपालिका के पीछे छुप रही है तो वही दूसरी तरफ छद्दम राजनीति के लिए ओबीसी का अपमान बता रही है,जो हास्यप्रद है।

कांग्रेस पार्टी जातिधर्म की राजनीति नही बल्कि देशहित, लोकतंत्र हित, सर्व समाज हित के लिए आवाज उठाती है और उठाती रहेगी। इस मौके पर रमेश देव पांडेय, राजपति साहनी, रामानंद पांडेय, सेराज हुसैन, कन्हैया पांडेय, नूरुद्दीन खान, पंकज मिश्रा, भानु जायसवाल, गुंजन श्रीवास्तव, वेद प्रकाश, रमेश भंडारी, राहुल सिंह पटेल, सन्नी शुक्ला, वंशीधर देव पांडेय, नूरुद्दीन खान आदि मौजूद रहे।

# एएसपी ने किया बभनी थाने का वार्षिक निरीक्षण

**बभनी।** अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने रविवार को बभनी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम पुलिस द्वारा एएसपी को सलामी दी गयी। सलामी के तत्पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए एएसपी ने कार्यालय, हवालात, शस्त्रागार, कम्प्यूटर कक्ष, मेस, बैरक, महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। वहीं सम्पूर्ण परिसर को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर को बेहतर व अद्यावधिक करते हुए को व्यवस्थित रखरखाव हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने, नक्सली संचरण पर रोकथाम हेतु समय-समय पर प्रभावी काम्बिंग करने, महिला सम्बन्धी अपराध पर त्वरित कार्रवाई करने, मिशन शक्ति कक्ष/महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने, बैंकों व वित्तिय संस्थानों की सुरक्षा के साथ ही एंटी रोमियों टीम को क्षेत्र में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने हेतु सम्बंधितों को निर्देशित किया।

### अवैध बालू परिवहन में ट्रैक्टर पकड़ाया

**विंढमगंज।** स्थानीय वन रेंज क्षेत्र अंतर्गत कनहर नदी के पास से रविवार को अवैध बालू परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को रेंजर इमरान खान ने अपने हमराहियों के साथ दबोच लिया। बता दें कि क्षेत्र में कनहर नदी में बालू खनन व परिवहन प्रशासन के लाख कवायद के बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रेंजर ने बताया कि इलाके में अवैध खनन व परिवहन की सूचना मिलती रहती है। खनन, परिवहन करने वाले बालू माफियाओं को दबोचने के लिए वन विभाग की टीम के साथ औराडंडी, करहिया, बोधाडीह महुली इलाके में गश्त के दौरान कनहर नदी से अवैध बालू लोड करके आ रहे एक ट्रैक्टर को पकड़कर वन रेंज कार्यालय लाया गया। हालांकि ट्रैक्टर मालिक मौके से भागने में सफल रहा।

## संक्षेप

### नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 38 मरीजों की हुई जांच



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करते चिकित्सक

**सोनभद्र।** रावर्ट्सगंज नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला के तहत आरबीएस के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला में निःशुल्क कैंप लगाया गया, जिसमें 38 मरीजों की जांच कर दवाएं दी गयीं। वहीं शिविर में हेरिटेज अस्पताल से आए डा. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों के दवा इलाज किया जाएगा। जिसमें आपरेशन सहित अन्य कार्ड मुक्त किए जाएंगे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सोनभद्र एवं हेरिटेज हास्पिटल वाराणसी के तत्वाधान में जन्मजात कटे होंठ व तालू के मुफ्त आपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन शिविर में 20 ऐसे बच्चे मिले जिनको आपरेशन के लिए हेरिटेज अस्पताल वाराणसी में बुलाया गया। इस अवसर पर डा जे.पी सिंह, मनोज कुमार, राकेश कुमार, अरुण शाह, पीके निगम, चन्द्रकला, छाया, ज्ञान नारायण आदि मौजूद रहे।

### जिला कारागार में फिट इंडिया थीम के तहत किया गया योगाभ्यास



जिला कारागार में योगाभ्यास करते लोग

**सोनभद्र।** गुरमा स्थित जिला कारागार में फिट इंडिया थीम के तहत दो दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान द्वारा संचालित कार्यक्रम का उदघाट्न मुख्य अतिथि एसपी डा. यशवीर सिंह ने करते हुए बंदियों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान बंदी रक्षकों ने गदा एवं मुग्दल चलाकर अपनी फिटनेस एवं शक्ति का प्रचार किया। वहीं कारागार में चल रहे साक्षरता अभियान के क्रम में कक्षा 5 की परीक्षा में पहले 3 स्थान अर्जित करने वालो बंदियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आये राज्यमंत्री संजीव सिंह गोड़ को गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे सत्यजीत पाठक ने बंदियों का उत्साहवर्धन किया। राज्यमंत्री ने योगाचार्य अजय पाठक, अनामिका एवं अंशिका को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं गणेश मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बंदीरक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस दौरान राज्यमंत्री ने जेल भ्रमण कर सुव्यवस्था एवं योग कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर सत्यदेव पांडेय, शरद प्रसाद गोंड़ समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### जनमानस में लोकप्रिय होम्योपैथ : डॉ. संजय



**सोनभद्र।** विश्व होम्योपैथ दिवस के अवसर पर वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. संजय कुमार सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को पूरे विश्व में विश्व होम्योपैथ दिवस के रूप में होम्योपैथिक चिकित्सा के जनक डा. हैनीमैन का जन्म दिवस मनाया जाता है। सर्जरी को छोड़कर एक्यूट व क्रॉनिक रोगों को ठीक करने के कारण होम्योपैथी की मीठी गोली लोगों में काफी प्रिय है। होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियम पर आधारित है, इसलिए शरीर पर इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। पैनाडेमिक कोरोनावायरस से प्रभावित होने पर भी होम्योपैथ काफी कारगर रहा। अपने सभी लक्षणों को क्रमबद्ध तरीके से बताया जाए तो चिकित्सक द्वारा चयन की गई दवा निश्चय ही लाभ देती है। चेचक, खसरा, संक्रामक रोग, संचारी रोगों में भी होम्योपैथिक चिकित्सा विधा काफी कारगर है।

### विभागीय उपेक्षा का शिकार शक्तेश्वर मंदिर क्षेत्र, पार्क

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में कई वर्षों से कार्य कर रही ज्वाइंट वेंचर यूटिलिटी पावरटेक लिमिटेड के कॉन्ट्रेक्ट निरस्त होने से उस संस्था द्वारा किए जा रहे प्लांट व प्लांट से बाहर के सभी कार्य ठप होने से पूर्व कई सेनिटेशन, विद्युत अनुरक्षण, चिकित्सालय आदि महत्वपूर्ण जगहों पर संबंधित अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संपादित कर कार्य जारी रखा, परंतु टाउनशिप सिविल अनुरक्षण विभाग को इस तपते मौसम का पूवार्नुमान नहीं था, अथवा कालोनी परिसर के पार्कों, उद्यान, चिल्कालेक, सुभाष पार्क और अन्य बागवानी के अनुरक्षण की उपेक्षा के कारण लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए पुष्पों की बगिया, आवासीय परिसर स्थित शिव मंदिर में पूजा और परिसर की खूबसूरती हेतु लगाए गए फूल धूप में बिना पानी और देखरेख से झुलस गए हैं। वहीं एक विभागीय अधिकारी ने बताया कि कुछ महत्वपूर्ण जगहों में फूल पौधों की हरियाली बनाए रखने के आवश्यक उपाय किए गए हैं, लेकिन नए कांट्रेक्ट होने तक समस्या बनी रहने की संभावना है। उधर मंदिर संचालन समिति से आए शिवभक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा के दौरान यहां के झुलस रहे फूलों की ओर ध्यान देने की अपील की थी, परंतु अभी तक समस्या जस की तस बनी हुई है। कालोनीवासियों ने प्रबंधन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### वध को ले जाये जा रहे चार पशु बरामद, दो गिरफ्तार

**करमा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस ने केकराही बाजार से एक पिकअप से वध हेतु ले जाये जा रहे चार पशुओं को बरामद करते हुए प्रेमशंकर पाल पुत्र नान्हू पाल निवासी ग्राम पिण्डारिया, नगर उटारी, गढ़वा, झारखण्ड व चन्द्रिका गुप्ता पुत्र शिवनाथ शाहू ग्राम विलासपुर, नगर उटारी, झारखण्ड को गिरफ्तार करते हुए गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

# राजा चण्डोल प्रतिभा सम्मान परीक्षा संपन्न



परीक्षा में शामिल बच्चे

**म्योरपुर।** विकासखंड के लिलासी कला स्थित राजा चंडोल इंटर कालेज में राजा चंडोल बनवासी सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को राजा चंडोल प्रतिभा सम्मान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं प्राईवेट के पन्द्रह विद्यालय के 253 बच्चों ने पंजीकरण कराया। लेकिन परीक्षा में 190 बच्चे शामिल हुए। अध्यापक उमाशंकर गुप्ता, देवेंद्र बहादुर, शिव धनी, राजकमल एवं प्रधानाचार्य राजा चंडोल इंटर कालेज जयंत प्रसाद की देखरेख में पारदर्शिता पूर्वक प्रतियोगी परीक्षा संपन्न हुई। चंडोल बनवासी सेवा समिति के द्वारा बच्चों के प्रतिभा पहचान के लिए बीते पांच वर्षों से राजा चंडोल प्रतिभा सम्मान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा में जूनियर वर्ग में सत्यम कुमार कम्पोजिट विद्यालय नौडीहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजा चंडोल इंटर कालेज के छोटेलाल द्वितीय एवं पुनीता तृतीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर के परीक्षा में नवीन कुमार प्रथम, नीतीश कुमार द्वितीय, सावन गुप्ता तृतीय स्थान प्राप्त किए। प्रबंधक डा. लखन राम जंगली ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कमलेश कुमार, राम लखन यादव, भाग्य नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को दी गयी कानून की जानकारी

**सोनभद्र।** भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन द्वारा वार्ड 10 चुर्क में रविवार को पुष्पा जायसवाल के आवास पर बैठक की गयी। इस दौरान महिलाओं को कानून व योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। पवन कुमार सिंह ने कहा कि लोगों को कानून का सही ज्ञान न होने के कारण वे विवादों में उलझ जाते हैं। वहीं एसोसिएशन की महिला विंग जिलाध्यक्ष पुष्पा अपनी टीम के साथ कानून का ज्ञान व सलाह देकर उनके बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण रखने का सराहनीय प्रयास कर रही हैं। संदीप जायसवाल ने कहा कि मानव के अधिकार सर्वोपरि हैं। किन्तु आज के समय में यह देखा जा रहा है कि हर व्यक्ति अधिकार के बारे में बात तो करता है, किन्तु वह कही न कही अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से नही कर रहा है। आवश्यकता है कि व्यक्ति को अपने अधिकार के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना होगा। संचालन धीरेंद्र जायसवाल ने किया। इस मौके पर काकू सिंह, चंदा देवी, रीना जायसवाल, पूजा भारती, ललिता यादव, अर्चना देवी, सुषमा भारती, शिवम जायसवाल, राजेन्द्र यादव, राम सूरत यादव, सुरेंद्र जायसवाल मौजूद रहे।

# श्रीअन्न प्रदर्शनी: मोटे अनाज को बढ़ावा देने पर जोर

## भाजपा कार्यालय पर जागरूकता रैली व किसान संगोष्ठी का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



जागरूकता रैली निकालते भाजपाई

**सोनभद्र।** समाजिक न्याय सप्ताह तहत भाजपा किसान मोर्चा द्वारा श्री अन्न प्रदर्शनी व किसान गोष्ठी का रविवार को आयोजन किया गया। इसमें श्रीअन्न मोटे अनाज (सावा, कोदो, ज्वार, मक्का, जोहरा) की प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया था। तत्पश्चात किसान संगोष्ठी कर किसानों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत जुलूस निकाल कर प्राकृतिक खेती और श्री अन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन के लिए जनजागरण यात्रा की गयी।

जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि सामाजिक न्याय सप्ताह का कार्यक्रम अत्यंत धूमधाम से पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय पर प्राकृतिक खेती व किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। हम सभी को मोटे अनाज का उपयोग करना चाहिये। मोटे अनाज से हम स्वस्थ्य होंगे, तो देश स्वस्थ्य रहेगा। सदर विधायक भूपेश चौबे ने प्राकृतिक खेती व अन्न की संगोष्ठी में किसानों के सामाजिक योगदान की चर्चा करते हुए किसानों की सराहना किया। बताया कि किसानों द्वारा उत्पादन किये हुए अन्न की हर इंसान को आवश्यकता है। श्री अन्न जो हमारे अखंड भारत की परंपरागत खेती रही है। किंतु मुगलों,अंग्रेजो के शासन काल के पश्चात सभ्यता के साथ अनाज भी हमारे भारत पर हावी होता गया। इस मौके पर अशोक मिश्रा, यादवेंद्र दत्त द्विवेदी, अजीत रावत, ई. प्रकाश पाण्डेय, सुरेश शुक्ला, छोटेलाल खरवार, राजेश मिश्रा, गंगा सिंह, उमेश सिंह, गोपाल सिंह, मीनू चौबे, सूर्यदेव पाण्डेय, संतोष बैसवार, अभय कांत दुबे, प्रथम श्रीवास्तव, प्रिंस पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, गौरीशंकर, धीरेंद्र सिंह, सौरभ पाण्डेय आदि मौजूद रहे। संचालन नार सिंह पटेल व अनिल सिंह ने किया।

# पूर्वांचल पीसीएल ने सीपीपी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष

**अनपरा।** ऊर्जांचल कप लैदर क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे मैच में पूर्वांचल यूपीपीसीएल ने सीपीपी अनपरा को 51 रनों से हराकर अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष नागेश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। पूर्वांचल पीसीएल ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 212 रन बनायी। जिसमें फैजान हैदर ने 74, अरिज अलिव ने 52 रन बनाए। अविरल ने 2 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी सीपीपी अनपरा ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 161 रन ही बना पाई। अरबाज खान ने 46 रन, अमित राय ने 36, शुभम ने 22 रन बनाए, सुफियान ने 3 विकेट, रोहित ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार पूर्वांचल के फैजान हैदर को अजय मौर्या द्वारा दिया गया। सोमवार को अनपरा बोर्ड और सीपीपी अनपरा में मैच होगा। अम्पायर की भूमिका सुमित मिश्रा एवं आयुष सिंह ने निभायी।

# आगजनी से पीड़ितों में युवा मोर्चा ने वितरित की राहत सामग्री

**ओबरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने रविवार को आगजनी के पीड़ित लोगों को राहत सामग्री वितरित किया। बता दें कि बीते 6 अप्रैल को थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुआ टोला में झोपड़ी बनाकर रह रहे 3 परिवार के लोगों की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के चलते वह पूरी तरह से जलकर खाक हो गयी थी। अचानक आग लगा देख पड़ोसियों ने शोर-शराबा कर आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी से पीड़ित मूलतः कोन निवासी लक्ष्मण प्रसाद, जवाहिर एवं चरकराम ने बताया कि वह नगर में मोची का काम करके किसी तरह अपनी जीविका चलाते हैं। विगत चालीस वर्षों से इसी तरह झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहा करते हैं। बताया कि घर में रखा सामान जल गया और कुछ भी खाने को नहीं बचा। वहीं घर के मरम्मत हेतु पैसे भी नहीं हैं। ऐसे में रविवार को युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने तीनों परिवारों को खाद्य सामग्री देकर मदद किया।

# राम नाम का हो जाप, हर घर करें प्रचार: कन्हैया दास

**सोनभद्र।** रावर्ट्सगंज नगर स्थित हर्ष नगर के श्री सीताराम नाम बैंक में रविवार को बैठक करते हुए मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय सीताराम नाम बैंक अयोध्या के सहायक बैंक मैनेजर कन्हैया दास द्वारा ने श्री राम भक्तों को नौ दिवसीय जिले में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाते हुए जिम्मेदारियों से अवगत कराया। सहायक बैंक मैनेजर ने बताया कि सीताराम नाम बैंक संबंध सीताराम नाम के माध्यम से भक्तों को राम से जोड़ना तथा अलग-अलग कार्यक्रम करते हुए लोगों को प्रेरित करना, हर घर राम का नाम पहुंचाना और नाम के साथ राम का जप कराना, हर व्यक्ति को अयोध्या राम दरबार तक पहुंचाना आदि अभियान को मुखारविंद देने के लिए राम भक्तों से अपील की गयी। प्रधान कार्यालय अंतर्राष्ट्रीय राम सीता राम नाम बैंक के रावर्ट्सगंज शाखा प्रबंधक के नेतृत्व में संबंधित राम भक्तों के माध्यम से सभी क्षेत्रों में जागरूकता गोष्ठी व राम कथा भजन गोष्ठी के माध्यम से जोड़ने पर बल दिया गया। अयोध्या से आए विजय रामदास ने अधिकाधिक राम भक्तों को जोड़ने व आमजन को प्रेरित करने पर बल दिया।



कन्हैया दास

# राज्यमंत्री के हाथों टैबलेट पाकर खिले छात्रों के चेहरे



छात्र को टैबलेट देते मंत्री संजीव गोड़

ओबरा। स्थानीय पीजी कालेज में रविवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एम.ए, एम.एस-सी, एम.कॉम तृतीय सेमेस्टर के 402 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव गोंड व ब्लाक प्रमुख चोपन लीला देवी, प्राचार्य प्रो डॉ प्रमोद कुमार शामिल रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर भविष्य संवारने के साथ देश को भी सशक्त, सुदृढ़ बनाने हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने महाविद्यालय में ऑडिटोरियम की अनुपलब्धता एवं शिक्षकों की कमी को देखते हुए शीघ्र ही एक ऑडिटोरियम बनवाने एवं शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों को भरे जाने तथा स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन पदों को सृजित करवाने के संबंध में कार्यवाही करने की घोषणा की। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. संतोष कुमार सैनी ने किया। इस मौके पर प्रोफेसर डा. उपेंद्र कुमार, डा. राधाकांत पांडेय, डा. विकास कुमार, डा. राजेश प्रसाद, डा. रंजीत सिंह, विभा पांडेय, महीप कुमार, प्रमोद कुमार केसरी, धर्मेंद्र, महेश पांडे, शरफुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# रसोइयों ने बगैर वेतन कार्य बहिष्कार का लिया निर्णय

**दुद्धी।** माध्यमिक भारतीय रसोइयां वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक उपाध्यक्ष उषा साहू की अध्यक्षता में रविवार को खेल मैदान में सम्पन्न हुई। इसमें रसोइयां लोगों को 10 माह का मानदेय देकर 12 माह काम कराने पर विरोध किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि कई वर्षो से रसोईयां को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने और महंगाई के सापेक्ष मानदेय बढ़ाकर 10 हजार प्रतिमाह करने आदि सवाल पर सरकार व विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन सरकार इसे अनसुना कर रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि मई व जून का मानदेय दिये बगैर काम कराया जायेगा तो वे कार्य का बहिष्कार करेंगी। वहीं इस पर आर-पार लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया जायेगा। रसोइयों ने वेतन नही तो काम नहीं का नारा लगाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक में शांति देवी, कबुतरी देवी, महादेवी, फूलमत देवी, फूलवंती देवी, शांति, चम्पा, सुनीता, सोमारी देवी, हीरावती, राजकुमारी, देवती, दशमतियां आदि उपस्थित रहे।

# उमरा कर लौटी बिलकिश जहां देशवासियों के लिए की दुआ

**दुद्धी।** स्थानीय नगर के वार्ड नम्बर ग्यारह के रहने वाली बिलकिश जहाँ पत्नी स्व. नजीर अहमद मक्का मदीना से उमरा कर लौटी तो घर वालों सहित चाहने वालों ने फूलों की माला पहनाकर इस्तकबाल किया।

मिलने जुलने वाले लोगों को सिर पर हाथ फेर लोगों के सलामती की दुआ की। जानकारी के मुताबिक बिलकिश जहाँ के पति के इंतकाल के बाद मानो जैसे टूट सी गई थी, लेकिन बच्चे होनहार निकले।

उनके बच्चे जब अपने पैर पर हुए तो दिल में ठाना था कि अपनी मां को हज जरूर कराऊँगा और कुछ दिन पहले मक्का मदीना शरीफ के लिए रवाना किया था। बिलकिश अपने वतन हिंदुस्तान लौट आई हैं। बिलकिश के लौटने के बाद परिवारजनों ने मकान को दुल्हन की तरह सजाकर इस्तकबाल किया। सभी के चेहरे पर मुस्कान दिखी और उनको फूल मालाओं से लाद दिया। उन्होंने कहा कि उस दर पर मैं अपने मुल्क की सलामती और अपने बच्चों सहित परिवार, कौम की दुवा की हूं, रब जरूर मेरी दुआ कुबूल करेगा।



माला पहना कर स्वागत करती मुस्लिम महिलाएं

# ईश्वर का भजन कर अपने को नरक में जाने से बचायें

**बोले नीरज महाराज**

## पंकज महाराज का हजारों भक्तों ने किया भव्य स्वागत



अपने भक्तों को ज्ञान देते नीरज महराज

**जमालपुर।** आपसी सौहार्द, परस्पर प्रेम, सामाजिक समरसता, आत्म कल्याण एवं अच्छे समाज निर्माण के लक्ष्य को लेकर 33 दिवसीय शाकाहार सदाचार, आध्यात्मिक एवं वैचारिक जनजागरण यात्रा के 26 पड़ाव पर रविवार को जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के अध्यक्ष पंकज महाराज ग्राम पंचायत सुरहा स्थित गुरु काष्णि महाविद्यालय कसिहर पहुंचने पर हजारों भक्तों ने गाजे बाजे के साथ द्वीप प्रज्जवलित कलशों के साथ पंकज महाराज का भव्य स्वागत किया। वही मंच पहुंचने पर जयगुरुदेव प्रचारक संस्था के जिलाध्यक्ष घूरन प्रसाद, महाविद्यालय के प्रबंधक सिद्धार्थ सिंह, पंकज उपाध्याय एवं डा.अशोक ने पुष्पहार भेंट कर स्वागत किया। प्रवचन सुनाते हुए पंकज महराज ने कहा कि हम कौन हैं, कहां से आए है एवं मृत्यु के बाद कहा जाएंगे, यह मानव के लिए जटिल प्रश्न बना हुआ है। मनुष्य को इन जटिल प्रश्नों की जानकारी महात्माओं के सत्संग से ही मिलती है। काल जब अपनी दाढ़ से दबाता है तब नेत्रों से पानी निकलता है एवं इंद्रिया टूट टूट कर चकनाचूर हो जाती है। इसलिए सतगुरु की तलाश कर मनुष्य को गृहस्थ जीवन में रहते हुए प्रतिदिन दो घंटे ईश्वर का भजन कर अपने को नरक में जाने से बचाने का उपाय करना चाहिए। इस दौरान भानू प्रताप सिंह, मोतीलाल सिंह, अतुल केशरी, चंद्रशेखर सिंह, पीके पाल, चंद्रशेखर सिंह, अलगू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण न होने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध


ताजपुर में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बन रही सड़क

**सकलडीहा।** ताजपुर गांव में हरिहरपुर और गैस गोदाम मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का विशेष मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। रविवार को ग्रामीणों ने विभागीय ठेकेदार पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने व कोरमपूर्ति का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने सैयदराजा विधायक सुशील सिंह को समस्या से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग किया है। विधायक ने बेहतर कार्य कराने का भरोसा दिलाया है।

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सकलडीहा अलीनगर मुख्य मार्ग से ताजपुर गैस गोदाम की ओर जाने वाली शंभुनाथ सिंह के घर तक करीब छह सौ मीटर और हरिहरपुर आश्रम मार्ग करीब डेढ़ किलोमीटर विशेष मरम्मत के तहत कार्य होना है।

इस कार्य के लिये विभाग की ओर से करीब अठ्ठारह अठ्ठारह लाख रुपए धन स्वीकृत है। इसी गांव के विधायक सुशील सिंह मतदाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय ठेकेदार द्वारा सड़क की गिट्टी को उखाड़कर बगैर बख्शी दिये सिर्फ कोरमपूर्ति किया जा रहा है। ऐसे में सड़क पहली ही बरसात में उखड़ जायेगा। गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताया है। सैयदराजा विधायक सुशील सिंह को फोन कर शिकायत दर्ज कराते हुए मानक के अनुरूप कार्य कराने और जिला प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग किया है। इस मौके विरोध जताने वालों में पूर्व प्रधान अमित सिंह, विक्की सिंह, चंदन मौर्या, अंकुर सिंह, शिवशंकर कुशवाहा, राहुल सिंह, संदीप सैनी, मुन्ना सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### मंत्री से शिकायत के बाद भी नहीं बनी सड़क लोगों में रोष

**नियामताबाद।** सकलडीहा रोड पर तारापुर फ्लाईओवर के पास एक दशक पूर्व बना सीसी सड़क टूट कर गड्ढों में तब्दील हो जाने के कारण राहगीरों के लिए दुर्घटना का सबब बना हुआ है। इसको लेकर राहगीरों में भारी रोष व्याप्त है। अलीनगर सकलडीहा सड़क का मरम्मत लगभग 19 करोड़ रुपए लागत से कराया गया। यही नहीं उक्त सड़क पर सबसे बड़ी रुकावट की समस्या को दूर करने के लिए मटकुड़ा ओवर ब्रिज का निर्माण भी कराया गया। लेकिन तारापुर गांव के समीप रेलवे ओवर ब्रिज के पास मात्र 500 मीटर सीसी सड़क का निर्माण लगभग एक दशक पूर्व कराया गया था। जो पूरी तरह टूटकर गड्ढों में तब्दील हो जाने के कारण अक्सर राहगीर आवागमन करते समय गिर कर चोटिल हो जा रहे हैं। जिसकी शिकायत भी राहगीरों ने मटकुड़ा रेलवे ओवर ब्रिज के उद्घाटन के दौरान सांसद महेंद्र नाथ पांडेय से की थी। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसको लेकर कोरी गांव निवासी राकेश तिवारी बाबा ने बताया कि मात्र 500 मीटर सड़क ही 19 किलोमीटर सुंदर सड़क को मुंह चिढ़ा रहा। जिस पर आवागमन करते समय अक्सर राहगीर गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। धूसखास गांव निवासी जैनेंद्रधर दुबे ने बताया कि फ्लाईओवर के पास सीसी रोड मरम्मत की मांग हम लोग केंद्रीय मंत्री व सांसद महेंद्र नाथ पांडेय से किया है। लेकिन विभागीय अधिकारी इस पर कोई पहल नहीं किया। चंदौली खुर्द गांव निवासी राजेश सिंह ने बताया कि वर्षों पूर्व सीसी रोड निर्माण का कार्य कराया गया था। इसके बाद कई बार सड़क मरम्मत का कार्य कराया गया लेकिन मात्र 500 मीटर सड़क का मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने से राहगीर आवागमन करते समय अक्सर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

# सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाना लक्ष्य : सूर्यमुनि


कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी

**सकलडीहा** विधानसभा क्षेत्र के खड़ेहरा में भारतीय जनता पार्टी सकलडीहा विधानसभा की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके की गई, बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री राजेंद्र पाण्डेय व संचालन मंडल अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने किया, बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी व विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री किरन शर्मा रहीं। मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 100वें संस्करण को वृहद स्तर पर आयोजित करना है। मन की बात कार्यक्रम में सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी शामिल करना आम जनमानस तक सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना हम सब लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री किरन शर्मा ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम सकलडीहा विधानसभा के चारों मंडल के सभी शक्ति केंद्रों व बूथों पर डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम में मंडल टीम, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ की टीम, योजनाओं के लाभार्थी सहित आम जनमानस मोदी के 100वें मन की बात कार्यक्रम को सुनकर सफल बनाएगा। बैठक में अरुण, संकठा, भानुप्रताप, बनवारी, दीनबंधु, पूनम, शशिकला, आनंद, घनश्याम, कुमुद बिहारी, रामभरोष गुप्ता, श्याम सुंदर मौर्या, रामदयाल साहनी, दीपक सिंह, भगवान दास सहित शक्ति केंद्र संयोजक पार्टी पदाधिकारी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# स्टेशन पर इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगने से यात्रियों को परेशानी

**डीडीयू नगर।** डीडीयू स्टेशन के प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगने से यात्रियों को ट्रेनों के कोच की स्थिति का पता नहीं चल पाता है। जिससे ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने पर यात्रियों को कोच तक पहुंचने के लिए दौड़ लगानी पड़ती है। साथ ही ट्रेन छूटने की भी आशंका बनी रहती है।

स्थानीय रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 110 से अधिक ट्रेनों का आवागमन होता है। यहां प्रतिदिन 20 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों पर सवार होते और उतरते हैं। इतने महत्वपूर्ण स्टेशन पर रेलवे प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगे हैं। इससे ट्रेनों में कौन सा कोच कहां लगेगा। इसका पता नहीं चलता है। कई बार यात्री एसी कोच में सवार होने के लिए स्टेशन के एक तरफ खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करते हैं जबकि ट्रेन आती है तो कोच दूसरे कोने पर होती है। ऐसे में यात्री को दौड़ कर सवार होना पड़ता है। यही हाल जनरल कोच के साथ होता है। कोच का सही पता नहीं होने के कारण ट्रेन के आते ही स्टेशन पर भगदड़ की स्थिति मच जाती है। पूर्व में कोच इंडिकेशन बोर्ड के संचालन की जिम्मेदारी सिग्नल विभाग के पास थी। बाद में यहां निजी कंपनी के सहयोग से कोच इंडिकेशन बोर्ड (सीआईबी) लगाने की योजना तैयार की गई। इसके लिए ठेका भी दे दिया गया। कंपनी की ओर से प्लेटफार्म संख्या एक पर कंट्रोल रूम बनाया गया। इंडिकेशन बोर्ड लगाने की तैयारी शुरू हुई थी।कुछ दिन बाद अचानक पता नहीं क्यों काम बंद कर दिया गया। इसके बाद अब दूसरे कंपनी की खोज की जा रही है। दूसरी तरफ विभागीय चक्कर में स्टेशन पर सीआईबी न होने से लोगों को स्टेशन पर दौड़ भाग करनी पड़ रही है। इस संबंध में हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुविधा रेलवे की प्राथमिकता में है। सीआईबी लगाने की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही इसे लगा दिया जाएगा।

# कोरोना वायरस: स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद में 570 बेड स्थापित

**चंदौली।** प्रदेश में काफी तेजी से कोरोना संक्रमण का ग्राफ बढ़ रहा है। इससे कोरोना मरीजों की संख्या में भी इजाफा होता जा रहा है। बीते दिनों जिले में भी दो कोरोना संक्रमित पाए गए थे। इसमें एक पुरूष व एक महिला की रिपोर्ट कोविड पाजिटिव पायी गई थी। इसे देखते हुए जिले का स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड़ में हो गया है। सभी कोविड हास्पिटलों में आक्सीजन प्लांट, कन्सेंटेटर मशीनें, दवाइयां आदि उपलब्ध करा दिया गया है। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफों को सचेत कर दिया गया है। आरटीपीसीआर व एंटीजेन जांच व सैम्पलिंग करायी जा रही है।

कोरोना वायरस के चौथी लहर को देखते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार ने सतर्कता बरतने के साथ ही अस्पतालों में संक्रमण से निपटने को हर स्तर से तैयारी पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। इस क्रम में जिले का स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोविड से निपटने को लेकर हर स्तर से तैयारी कर ली है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद में 570 बेड स्थापित किया जा रहा है। इसमें एमसीएच विंग में 50 बेड बच्चों के लिए भी बनाया गया है। सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट के माध्यम से आक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल व चकिया हास्पिटल में पीआईसीयू वार्ड बनाकर 100-100 बेड की व्यवस्था की गई। वही सभी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 50-50 की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी 50-50 बेड की व्यवस्था की जा रही है। बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए बाल रोग विशेषज्ञ के माध्यम से अन्य चिकित्सकों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### चौथी लहर से बच्चों को बचाने के लिए सभी तैयारी मुकम्मल

**चंदौली।** जिले में कोविड की चौथे लहर से बच्चों को बचाने के लिए सभी मुकम्मल तैयारी कर ली है। मुख्यालय स्थित एमसीएच विंग व चकिया जिला अस्पताल में बाल गहन चिकित्सा इकाई भी स्थापित की गई है। बच्चों को समर्पित 100 बेड का बाल चिकित्सा कोविड देखभाल वार्ड बनाया गया है। इन अस्पतालों में 30-30 बेड पर इंटीग्रेटेड आक्सीजनयुक्त पाइप की सुविधा भी है। साथ ही 20-20 बेड पर वेंटिलेटर की व्यवस्था है। इसके अलावा अन्य सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आक्सीजन का इंतजाम किया गया है। ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसे प्रयोग में लाया जा सके।

### आरटीपीसीआर व एंटीजेन जांच जारी

**चंदौली।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए शासन-प्रशासन के निर्देश पर जनपद में आरसीपीसीआर व एंटीजेन की जांच की जा रही है। जिला अस्पताल में स्थापित पीएसएल लैब में प्रतिदिन करीब 500 से अधिक आरटीपीसीआर व एंटीजेन की जांच की जा रही है। वहीं स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा कंट्रोल रूम को सक्रिय कर दिया गया है। वर्तमान में कोविड के कुल 18485 केस हैं। इसमें अब तक 18097 स्वस्थ्य हो चुके हैं। बीते दिनों भी जिले के नियामताबाद ब्लाक क्षेत्र में दो लोग कोरोना पाजिटिव पाए गए थे।

### कोविड संक्रमण से रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क

विदेश व अन्य देशों से आने वाले लोगों पर नजर रख रहा है। वहीं जनपदवासियों से सावधानी बरने की अपील की जा रही है। साथ ही लोगों से भीडभाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने, मास्क का प्रयोग करने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, सेनेटाइजर का इस्तेमाल करने आदि को लेकर जागरूक किया जा रहा है। हालांकि जिले में कोविड प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन नहीं हो पा रहा है। इससे कोरोना संक्रमण बढ़ने की आशंका बनी रहती है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. वाईके राय ने कहा कोरोना संक्रमण के बढ़े ग्राफ को देखते हुए पूरी तैयारी कर ली गई है। कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिया गया है। सभी कोविड हास्पिटलों में आक्सीजन प्लांट, कंसेंटेटर, दवाइयां, मशीनें दवाइयां आदि उपलब्ध कराया गया है। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफों को सचेत कर दिया गया है। आरटीपीसीआर व एंटीजेन जांच व सैम्पलिंग करायी जा रही है।

# सभी दलों ने समाज के गरीबों को छलने का किया काम

**बोले चंद्रिका**

### प्रमासपा के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति



**चंदौली।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी जिला इकाई की बैठक रविवार को मुख्यालय धरना स्थल पर जिसमें संगठन सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही 18 जून को मथुरापुर में एक विशाल रैली आयोजन के लिए रणनीति बनाई गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद बिंद ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी समर्थकों कार्यकताओं के साथ पदाधिकारियों को आयोजित रैली को सफल बनाने की जरूरत है:इसके लिए जगह जगह पर नुक्कड़ सभा और चौपाल के साथ-साथ सदस्यता अभियान भी चलाया जाए और बूथ का गठन कर उसे मजबूत किया जाए, ताकि संगठन मजबूत और सशक्त हो सके। बिंद बियार मल्लाह सहित तमाम छोटी छोटी जातियों को लोगों ने सिर्फ चुनाव के वक्त ही याद किया है ऐसे लोगों से हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है समाज की भलाई के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए तैयार रहे। केंद्र प हम सभी के आरक्षण को खत्म करना चाहती है।ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि अपने बच्चों के भविष्य के लिए आरक्षण के लिए संघर्ष करें। भाजपा सरकार में समाज का भला होने वाला नहीं है यह सिर्फ आपस में लड़ा कर अपनी राजनीत कर रहे हैं। गरीबों और अल्पसंख्यकों, मजदूरों और किसानों के साथ पूरी तरह से भेदभाव किया जा रहा है। इस दौरान रमेश पासवान, मुरारी लाल, रामलाल, मोती बिंद, रामकृत यादव, मोहन रसिया, बेचन, गणेश प्रधान, महेश कवि, संतोष, रामअवतार, रमेश बिंद, रामजन्म, सत्येंद्र बिंद आदि उपस्थित रहे।

### तालाब की सुरक्षा के लिए बैठक आयोजित

**डीडीयू नगर।** सूर्य देव मंदिर छठ पूजा कमेटी मानसरोवर तालाब के सदस्यों की बैठक रविवार को हुई। जिसमें तालाब की सुरक्षा के लिए छठ पूजा घाट को मशाल लेकर मानव श्रृंखला बनाकर पूरे तालाब को घेरकर जनपद के अधिकारी व जनप्रतिनिधि गणों से मांग करने के निर्णय लिया गया। 30 अप्रैल को शाम 5 बजे मानसरोवर तालाब पूरे छठ पूजा घाट को मशाल लेकर मानव श्रृंखला बनाकर 1 घंटे तक रहेगे। बैठक में पवन, आनंद कुमार, श्रीकांत, विनोद, मुकंदे, आदित्य, विक्की, राकेश, अनिल, ओमप्रकाश आदि सदस्य मौजूद रहे। अध्यक्षता कृष्ण गुप्ता ने की।

# गेहूं क्रय केंद्र नहीं बनाए जाने से किसानों में रोष

**डीडीयू नगर।** शासन के निर्देश पर गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ एक अप्रैल से कर दिया गया है। अभी तक किसी भी समिति पर बोहनी तक नहीं होने से क्रय केंद्र विरान पड़ा हुआ है। वहीं कई जगह गेहूं क्रय केंद्र नहीं बनाए जाने से किसानों में रोष व्याप्त है। शासन स्तर पर एक अप्रैल से गेहूं क्रय केंद्र खोल दिया गया है। जिसका समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति कुंतल है। बरसात होने के बाद किसानों के खेतों में गेहूं की कटाई धीमी गति से होने से अभी तक क्रय केंद्रों पर बोहनी तक नहीं हुई है। जिससे का केंद्र वीरान पड़ा हुआ है। क्षेत्र के साधन सहकारी समिति डिग्घी, संघती, महरखा को गेहूं क्रय केंद्र बनाया गया है। किसानों का आरोप है कि इस समिति से 19 गांव संबद्ध है। जिससे किसानों को औने पौने दामों में अपने उपज को बिचौलियों के हाथों बेचना पड़ता है। इसको लेकर क्षेत्र के किसान विजय मिश्रा, केदार यादव, सूबेदार सिंह, बलवंत मौर्य, बनवारी यादव, सोम बिंद, श्याम नारायण सहित तमाम लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए चेताया कि जल्द चंद्र नहीं खोला गया तो हम किसान प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# बिना मुआवजा दिए किसानों के घरों को तोड़ने का हो रहा प्रयास : महेंद्र


फगोईया गांव में धरना देते किसान

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के फगुइया गांव में रविवार के चौथे दिन भी उत्तर प्रदेश किसान न्याय मोर्चा का धरना प्रदर्शन जारी रहा इस दौरान किसानों ने जिला प्रशासन को चेताया कि जब तक किसानों को चार गुना मुआवजा व अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। तब तक सड़क का चौड़ीकरण नहीं किया जाएगा अन्यथा किसान बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे।

सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता महेंद्र प्रसाद एडवोकेट ने कहा कि चंदौली से सैदपुर घाट के रोड को चौड़ी करण करने के नाम पर किसानों को बिना मुआवजा दिए उनके घरों को तोड़ने के प्रयास किया जा रहा है। लड़ाई लंबी है। तमाम प्रभावित लोगों को इस लड़ाई में भागीदार होना होगा। उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक किसानों को 4 गुना मुआवजा व अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष समीम मिल्की ने कहा कि हम लोकसभा में पारित किए गए किसान अधिकार की मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं। और जब तक जिला प्रशासन किसानों को मुआवजा नहीं देगा तब तक हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। इस दौरान मन्नू यादव, चुनमुन यादव, रोहित यदुवंशी, राजेंद्र गौड़, जोखू गुप्ता आदि लोग बैठे सभा में राम सिंह, धर्मदेव मौर्य सुशील यादव लक्ष्मण, इंद्रजीत शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन जितेंद्र कुमार मौर्य ने किया।

# कंप्यूटर व मोबाइल के प्रयोग से बच्चों में बढ़ जाता है ग्लूकोमा का खतरा

**चंदौली।** कंप्यूटर व मोबाइल स्क्रीन पर अधिक समय तक टिके रहने पर स्कूली बच्चों और युवाओं को मायोपिया तेजी से बढ़ रहा है। मायोपिया 20 से 30 वर्ष के लोगों में काफी धीमी गति से विकसित होता है। लेकिन बच्चों में यह काफी तेजी से बढ़ता है। मायोपिया की स्थिति गंभीर होने पर मोतियाबिंद और ग्लूकोमा होने का खतरा भी बढ़ जाता है। वर्तमान में मायोपिया व ग्लूकोमा से पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल के आई विभाग में इस तरह के करीब दर्जनों की संख्या में मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। वहाँ निजी नेत्र चिकित्सालयों में भी मरीजो की अच्छी खासी भीड़ हो रही है।

बता दे कि चिकित्सीय भाषा में निकट दृष्टि दोष को मायोपिया कहा जाता है। इसमें दूर की चीजों को स्पष्ट रूप से देखने में परेशानी होती है। मायोपिया में आंख की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिबिंब रेटिना पर बनने के बजाय थोड़ा आगे बनता है। ऐसा होने से दूर की वस्तुएं धुंधली और अस्पष्ट दिखाई देती है। लेकिन पास की वस्तुएं देखने में कोई परेशानी नहीं होती है। मायोपिया तब होता है। जब आंख की पुतली बहुत लंबी हो जाती है। या आंखों की सबसे बाहरी सुरक्षात्मक परत की अकृता बहुत बढ़ जाती है। इससे जो रोशनी आंखों में प्रवेश करती है। तो ठीक प्रकार से फोकस नही करती इससे प्रतिबिंब रेटिना के थोड़ा आगे फोकस होते हैं। यही कारण है कि नजर धुंधली ही जाती है। मायोपिया की समस्या बहुत बढ़ जाती है तो मोतियाबिंद और ग्लुकोमा होने का खतरा बढ़ जाता है। नेत्र चिकित्सकों के अनुसार निकट दृष्टि दोष विश्वभर में दृष्टि प्रभावित होने का सबसे प्रमुख कारण है। अगर माता-पिता दोनों को निकट दृष्टि दोष है। तो बच्चों में इसका खतरा बढ़ जाता है। टीवी, कम्प्युटर मोबाइल के सामने अधिक समय बिताने से भी इसका खतरा बढ़ जाता है। मायोपिया के चलते आंखों में दबाव के बढ़ने से ग्लुकोमा होता है। अधिकांश लोगों में यह खानदानी होता है। इसकी शिकायत मां व बाप को है। तो बच्चे को भी होने की संभावना होती है। अगर शुरू में ध्यान न दिया जाए तो बच्चा आजीवन के लिए अंधा हो सकता है।

### धूम्रपान व शराब के सेवन से होता है आंखों पर बुरा असर

धुम्रपान और अधिक शराब का सेवन आंखों को प्रभावित करता है। वहीं डायबिटीज, बीपी, थायराइड आदि ग्लूकोमा में आंखों की नसों को क्षतिग्रस्त करते है। ग्लूकोमा दो तरह का होता है। एक मीठी समलबाई होती है। इसमें आखो में दर्द नहीं होता है। इसका पता काफी बाद में चलता है जब आंखें छतिग्रस्त हो जाती हैं इसका पता जितना जल्दी लग जाए उतनी ही जल्दी मरीज की रोशनी बचाने की संभावना रहती है।

### जल्द पता नहीं होने पर ग्लूकोमा हो जाता है लाइलाज

ग्लूकोमा एक सामान्य नेत्र रोग है। यह आष्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंचाता है। जो आंखों से मस्तिष्क तक जानकारी पहुंचाता है। इसके परिणामस्वरूप दृष्टि हानि होती है। यदि ठीक से इलाज नहीं किया जाता है। तो दृश्य हानि अस्थायी या स्थायी हो सकती है। इसका पता लोगो को आसानी से नही चल पाता ये बीमारी लाइलाज हो जाती है। मोतियाबिंद के बाद लोगों में अंधेपन की सबसे बड़ा कारण ग्लूकोमा है।

### आंखों की नियमित रूप से कराएं जांच

छोटे बच्चों व युवाओं अथवा वरिष्ठ नागरिकों को आंखों की नियमित जांच करानी चाहिए। इससे मायोपिया के गंभीरता और ग्लूकोमा होने की शिकायत को जल्द पता चल जाता है। साथ ही समय पर इसका उपचार हो जाता है। इसके चलते आंखों की रोशनी जाने से बचायी जा सकती है। इसमें लापरवाही करने से आंखों की रोशनी जाने का खतरा हो जाता है।

### खाने में मछलियों व फलों को करें शामिल

आंखों को सूरज की परा-बैंगनी किरणों के हानिकारक प्रभाव से बचाने के लिए घर से बाहर निकलते समय चश्मा जरूर लगाना चाहिए। खाने में फल और सब्जियों व मछलियों को शामिल करना चाहिए। पढ़ने और कम्प्यूटर पर काम करने के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर का ब्रेक लेना चाहिए। हमेशा अच्छी रोशनी में पढाई करनी चाहिए। बच्चों को दो घंटे से अधिक टीवी और मोबाइल नहीं चलाने देना चाहिए। बच्चों को चहारदीवारी में बद करके नहीं बल्कि बाहर धूप में खेलने देना चाहिए।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

नेत्र चिकित्सक डा. के निरंजन ने बताया कि जीवन शैली में बदलाव और कंप्यूटर व मोबाइल स्क्रीन से दूरी बनाकर बच्चे व युवा मायोपिया से बच सकते हैं। मोतियाबिंद ग्लूकोमा होने का खतरा नहीं रहेगा ग्लूकोमा पूरी तरह से ठीक नहीं होता लेकिन इसे नियंत्रित किया जा सकता है। मायोपिया नान सर्जिकल उपचार में नेगेटिव नंबर के चश्मे या कांटेक्ट लेंस की जरूरत पड़ती है।

## संक्षेप

### राजेश खरवार अध्यक्ष व मनीष बने महामंत्री



**चंदौली।** खरवार सहायता समिति जिला इकाई की बैठक रविवार को मुख्यालय स्थित खरवार भवन में हुई। इसमें संगठन की मजबूती के बाबत विचार विमर्श किया गया। और सदर ब्लाक कमेटी के लिए राजेश खरवार को अध्यक्ष और मनीष खरवार को महामंत्री बनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष खरवार ने कहा कि समाज के पिछड़े लोगों को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है,तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा और हमारे समाज की उन्नति होगी। जो भी जिम्मेदारी पदाधिकारियों को मिले वह निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करें ताकि संगठन मजबूत हो और समाज भी आगे बढ़ सके। वहीं उन्होंने राजेश खरवार को अध्यक्ष और मनीष खरवार को महामंत्री बनाया इसके बाद उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जहां समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान रमाशंकर खरवार, ओंकार नाथ, शंभू खरवार, धर्मेंद्र खरवार, मुन्ना खरवार, दिलीप खरवार, मनोज कुमार, राजकुमार, दयाशंकर, शैलेश खरवार आदि उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय ने निजामुद्दीन व शिवम को किया सम्मानित

**डीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर के छात्र निजामुद्दीन अंसारी व शिवम अग्रहरि का चयन रेलवे में चयन होने पर महाविद्यालय के द्वारा रविवार को उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी ने उन्हें ईमानदारी और लगन से कार्य करने हेतु प्रेरित किया एवं भविष्य हेतु शुभकामना दी। प्राचार्य प्रो उदयन ने कहा कि सफलता के प्रथम सोपान पर सफल होने पर आप दोनों को बधाई है। इस अवसर पर प्रो संजय पाण्डेय, प्रो अमित राय, प्रो अरुण, डा भावना, डा गुलजबी, डा अमितेश राहुल, सुनील, रंजीत आदि उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक खेती के लिए किया जागरूक

**कंदवा।** भाजपा किसान मोर्चा कार्यकताओं द्वारा रविवार को ककरैत में रैली निकाल कर लोगों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक किया और प्राकृतिक खेती के फायदे गिनाए गए।इस दौरान ग्राम प्रधान रमाशंकर जायसवाल के दरवाजे पर आयोजित गोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि मोदी व योगी सरकार की नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ता बन्धुओं की है। इस दौरान विजय शंकर सिंह, आटू सिंह, इंदल बाबा, धर्मेंद्र सिंह, जयशंकर सिंह, अजय पांडेय, अनिल सिंह, राघवेंद्र सिंह, सतीश राय आदि लोग रहे।

### रोजा इफ्तार पार्टी में दिखी गंगा जमुनी तहजीब



**डीडीयू नगर।** नगर के जीटी रोड स्थित रिक्शा स्टैंड पर वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा रविवार की सायं रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी धर्मों के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया आयोजन के दौरान कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की गई। तत्पश्चात देश के अमन चौन, आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रामकिशुन, शमीम अहमद मिल्की, हरबंस सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबूलाल यादव, चंद्रशेखर यादव, पूर्व विधायक बब्बन सिंह चौहान ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य तिलकधारी बिंद, मुसाफिर सिंह चौहान, कयामुद्दीन अंसारी, भागवत नारायण चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य जहांगीर अहमद गुड्डू, अकील अहमद बाबू, टोनी खरवार, निहाल अख्तर बाबू, निजाम भाई, शाहिद तौसीफ , आदि लोग शामिल रहे।

### शिक्षा और रोजगार की समस्या पर किया गया चिंतन

**पीडीडीयू नगर।** भारत वर्षीय आदिवासी महासभा समिति द्वारा मुगलसराय तहसील के अंतर्गत जलीलपुर ग्राम सभा में रविवार को सामाजिक चेतना कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी समाज का प्रबोधन किया गया ।सामाजिक चेतना के अंतर्गत शिक्षा और रोजगार की समस्या पर चिंतन किया गया और कहां गया कि सभी लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा की जो भी रोजगार का साधन उपलब्ध हो उसका उपयोग करें साथ ही जनजाति का प्रमाण पत्र से संबंधित बातों पर भी विचार किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में डॉ उमेश चंद्र गोंड, प्रधान दुर्गावती देवी विशिष्ट अतिथि कृष्ण गोंड, प्रेमशंकर, ऋषि, शशि कुमार, चंद्रकेत, सुरेश प्रसाद, राधेश्याम, पूर्व प्रधान जयप्रकाश गौड़, अतुल कुमार गोंड, शेरू, अनु मौजूद रहे। मौके पर सर्वसम्मति से 6 पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसमें अवधेश नारायण ब्लॉक अध्यक्ष नियमताबाद, दुर्गावती देवी व हरिशचंद को ब्लॉक उपाध्यक्ष, ऋषि गोंड कोषाध्यक्ष, साथ ही पवन व बृजेश गोंड संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविशंकर व संचालन अंजनी कुमार ने किया।

### ब्राह्मण समाज ने बैठक कर निकाय चुनाव की बनाई रणनीति

**चंदौली।** ब्राह्मण समाज की बैठक सकलडीहा रोड वाटिका में हुई जिसमें समाज के सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं किसी भी कीमत पर ब्राह्मणों की, राजनीतिक दलों द्वारा उपेक्षा बर्दाश्त नहीं होगी। सभी ब्राह्मणों द्वारा एक स्वर में कहा गया दल से ना सही निर्दल ही सही चेयरमैन का चुनाव ब्राह्मण समाज का प्रत्याशी लड़ेगा। इस दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि सामान्य शीट आने पर कभी ब्राह्मणों को चुनाव नही जिताया गया जब कि चंदौली में ब्राह्मणों ने समय समय पर सभी जाति वर्ग से आने वाले प्रत्याशी राजपूत, यादव, बनिया,दलित सबको चुनाव जिताकर चेयरमैन, बनाया अबकी बार सभी से आग्रह है। आप सभी जाति के सम्मानित मतदाता ब्राह्मण को चुनाव जिताए। इस दौरान सत्य मूर्ति ओझा,राजीव पाण्डेय, पंकज मिश्रा, उपेंद्र तिवारी,संजय पाण्डेय, विनय तिवारी, रामाकांत पाण्डेय, सर्वेश द्विवेदी, पंकज ओझा, रामभरोष तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, श्री राम पाण्डेय, रिंकू चौबे, विनय कुमार पाण्डेय, रामविलास मिश्रा, उपेन्द्र उपस्थित रहे। अध्यक्षता सेचू मिश्रा व संचालन डा शशिकांत मिश्रा ने किया।

### नीलामी प्रक्रिया को एसपी ने रोका

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना परिसर में गुपचुप तरीके से चल रही वाहनों की नीलामी प्रक्रिया एसपी अंकुर अग्रवाल ने रुकवा दी। नीलामी अगले दिन की जाएगी। आपको बता दें कि अलीनगर थाना में पकड़े गए दो पहिया और चार पहिया वाहनों की नीलामी किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर नहीं कराई जा सकी। रविवार को इंस्पेक्टर ने बगैर उच्चाधिकारियों को सूचना दिए राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलकर गुपचुप तरीके से नीलामी प्रक्रिया शुरू करा दी। इसका प्रचार-प्रसार तक नहीं किया गया। उद्देश्य कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाना था। चुनिंदा लोग ही नीलामी प्रकिया में पहुंचे। सीओ अनिरुद्ध सिंह से पूछा गया तो उन्होंने भी नीलामी प्रक्रिया की जानकारी होने से इंकार किया। इसके बाद सूचना पुलिस कप्तान अंकुर अग्रवाल तक पहुंची। नीलामी प्रकिया को एक दिन के लिए टालने का निर्देश दिया। कप्तान का आदेश जारी होने के बाद नीलामी रोक दी गई। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि कुछ आपत्तियों के चलते नीलामी को रुकवा दिया गया। निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए ताकि विभाग को अधिक राजस्व प्राप्त हो सके।

### घाट पर राजस्थानी छतरी को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष



**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर राजस्थानी छतरी,पक्के घाट के बगल में पुराने घाट को नये पक्के घाट के समान मिलाने सहित कई मुद्दों को लेकर भाजपा नेता अरबिन्द पाण्डेय व गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल दिल्ली में केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय से मिले। बलुआ घाट के सतत विकास के लिए केंद्रीय मंत्री ने आश्वशन दिया। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट के विकास के लिए भाजपा नेता अरबिंद पाण्डेय व गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल लगातार केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय से मिलकर यहां के विकास के लिए लगे हुए। केंद्रीय मंत्री व सांसद चन्दौली द्वारा लगातार बलुआ घाट के चौमुखी विकास के लिए चिंतित है। इनके द्वारा ही बलुआ घाट पर पक्का सीढ़ी, जेट्टी आदि का विकास हुआ है। अब घाट पर राजस्थानी छतरी लगाने के लिए और पुराने घाट को नये घाट के बराबर कर पुनर्जीवित करने के लिए दोनो लोग दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर पत्रक सौंपा। केंद्रीय मंत्री को गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि घाट पर राजस्थानी छतरी लगने के बाद घाट का लुक और बढ़ जायेगा। वही पुराने घाट के बारे में भी बताया। रविवार की विशेष गंगा आरती में आने का निमंत्रण भी दिया। केंद्रीय मंत्री ने गंगा सेवा समिति संस्था द्वारा लगातार समाजिक कार्यो की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया व जल्द कार्य पूर्ण करने एवं गंगा आरती में शामिल होने के लिए आश्वशन दिया।

# स्पोर्ट्स

### हल्द्वानी: उत्तराखंड ने 4 गोल दाग कर दर्ज की शानदार जीत

**हल्द्वानी।** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के बैनर तले उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में हीरो सीनियर महिला फुटबॉल का आयोजन 14 दिनों तक चला। ग्रुप-2 का फाइनल मुकाबला रविवार को उत्तराखंड एवं पांडिचेरी के बीच खेला गया। फाइनल भिड़ंत में मैच के 7वें मिनट में उत्तराखंड की भगवती चौहान ने अपनी टीम के लिए पहला गोल दागा। मैच के 38वें, 55वें और 60वें मिनट में उत्तराखंड की अंजली ने लगातार 3 गोल कर अपनी हैट्रीक पूरी की। इसी के साथ उत्तराखंड ने 4-0 के साथ शानदार जीत दर्ज की। मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर नेशनल खिलाड़ी जतिन बिष्ट रहे। इस मौके पर नृपेन हलदर, रिपुनाथ गगोई, होपेन, मुरुगु, मुरली मनोहर समेत कई लोग मौजूद रहे।



# रिंकू सिंह ने गुजरात के जबड़े से छीनी जीत, आखिरी ओवर में लगाए पांच छक्के, कोलकाता को मिली रोमांचक जीत

## लगातार 5 छक्के मारकर रिंकू सिंह ने केकेआर को जिताया, दो-दो 'हैट्रिक' के बावजूद हारा गुजरात

**अहमदाबाद।** आखिरी ओवर में रिंकू सिंह के लगातार पांच छक्कों के बूते कोलकाता नाइटराइडर्स ने एक सांस थाम देने वाले मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया। कार्यवाहक कप्तान राशिद खान ने 16वें ओवर में हैट्रिक लेकर मैच पलट दिया था, लेकिन आखिरी ओवर में पेसर यश दयाल जरूरी 29 रन नहीं बचा पाए। रिंकू सिंह ने 21 गेंद में ताबड़तोड़ 48 रन बनाए।

आखिरी ओवर की पहली गेंद पर स्ट्राइक मिलने के बाद रिंकू ने अगली पांचों गेंदों को हवाई यात्रा पर भेजा। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन और विजय शंकर के अर्धशतकों के बूते




204/4 रन बनाए थे, लेकिन केकेआर ने आखिरी गेंद पर सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**गुजरात की पहली हार, केकेआर की दूसरी जीत**

पहला मैच हारने के बाद यह केकेआर की लगातार दूसरी जीत है। आरसीबी के खिलाफ स्पिनर्स ने जीत दिलाई थी तो आज गुजरात के विरुद्ध बल्लेबाजों ने 205 रन का टारगेट हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर जीत के हीरो रहे, जिन्होंने महज 26 गेंदों में अर्धशतक बनाया, लेकिन 16वें ओवर में 39 गेंद में 83 रन बनाकर आउट हो गए। अंत में रिंकू सिंह ने असंभव जीत को संभव कर दिखाया।

**बेकार गई राशिद खान की हैट्रिक**

हार्दिक पंड्या की गैरहाजिरी में आज कप्तानी कर रहे राशिद खान ने खुद का एक ओवर आंद्रे रसेल के लिए बचाकर रखा था। 16वें ओवर की पहली ही बॉल पर उन्होंने सिर्फ 1 रन पर रसेल को चलता किया। बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर गेंद पैड्स पर लगी और हवा में गई, जिसे लपकते ही विकेटकीपर केएस भरत ने अपील की। रिव्यू लेकर पहला विकेट मिला। अगली गेंद पर सुनील नरेन बिना खाता खोले चलते बने। लेग साइड पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में मिस टाइम हुआ, जिसे फील्डर ने लपक लिया। हैट्रिक बॉल पर आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज शार्दुल ठाकुर थे। गुड लेंथ पर टप्पा खाकर टर्न होती हुई अंदर की ओर आई गेंद सीधा पैड्स पर लगी जोरदार अपील पर अंपायर ने अंगुली खड़ी कर दी। केकेआर का रिव्यू बेकार गया। यह 16वें सीजन की पहली हैट्रिक थी, जिसने जीत के मुहाने से केकेआर को हार की ओर धकेला।

**विजय शंकर के हैट्रिक छक्के भी बेकार**

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाए। गुजरात ने आखिरी दो ओवरों में 45 रन बटोरे, जिसमें शंकर ने 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन के खिलाफ दो चौके और दो छक्के जबकि 20वें ओवर में शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार तीन छक्के लगाए। शंकर ने अपनी नाबाद पारी में चार चौके और पांच छक्के उड़ाए। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने 38 गेंद में 53 जबकि शुभमन गिल ने 31 गेंद में 39 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। केकेआर के लिए सुनील नरेन केकेआर के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिए। सुयश शर्मा (चार ओवर में 35 रन) को एक सफलता मिली।

## एर्लिंग हैलेंड के दो गोल से मैनचेस्टर सिटी जीता, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर

**मैनचेस्टर।** एर्लिंग हैलेंड के दो गोल से मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में साउथम्पटन के खिलाफ 4-1 की आसान जीत दर्ज की। सिटी के साथ पहले सत्र में खेल रहे हैलेंड के इन दो गोल के साथ मौजूदा सत्र में 30 गोल हो गए हैं। टीम की ओर से दो अन्य गोल जैक ग्रीलिश और जूलियन अल्वारेज ने दागे। साउथम्पटन की ओर से एकमात्र गोल सेकोउ मारा ने किया। इस जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी ने खिताब की दौड़ में आर्सेनल पर दबाव बनाए रखा है। आर्सेनल ने हालांकि अंक तालिका के शीर्ष पर पांच अंक की बढ़त बना रखी है। आर्सेनल ने 29 मैच में 72 अंक हैं जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 67 अंक हैं। आर्सेनल और सिटी के बाद शीर्ष चार में शामिल होने वाली दो टीम को लेकर भी जंग तेज हो गई है। शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में



न्यूकासल, मैनचेस्टर यूनाईटेड और टोटेनहैम शामिल हैं। न्यूकासल ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए डेविड राया के आत्मघाती गोल से 2-1 से जीत दर्ज की। न्यूकासल की ओर से एक अन्य गोल एलेक्सांद्र इसाक ने किया। मैनचेस्टर यूनाईटेड ने एवर्टन को 2-0 से हराया जबकि टोटेनहैम ने ब्राइटन को 2-1 से शिकस्त दी। तीसरे स्थान पर चल रहे न्यूकासल और मैनचेस्टर यूनाईटेड के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण न्यूकासल की टीम आगे है। टोटेनहैम के इन दोनों टीम ने तीन अंक कम है और वह पांचवें स्थान पर है।

# दिल्ली कैपिटल्स की हार के बाद खराब स्ट्राइक के लिये डेविड वार्नर की कड़ी आलोचना

## डेविड वॉर्नर पर भड़के सहवाग और गावस्कर, जानें वजह

**गुवाहाटी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और रोहन गावस्कर ने शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की हार के बाद खराब स्ट्राइक के लिये डेविड वार्नर की कड़ी आलोचना की है। राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में वॉर्नर की टीम 142 रन ही बना सकी। वार्नर ने राजस्थान के खिलाफ 55 गेंद पर 65 रन की धीमी पारी खेली, जिससे सहवाग और गावस्कर खफा नजर आये।

सहवाग ने क्रिकबज के एक कार्यक्रम में कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि हम वॉर्नर को अंग्रेजी में बताएं ताकि वह इसे सुन सकें और आहत महसूस करें। डेविड, अगर आप सुन रहे हैं, तो कृपया अच्छा खेलें और 25 गेंद में 50 रन बनाएं। (यशस्वी) जायसवाल से सीखें, उन्होंने 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अगर आप ऐसा नहीं कर सकते तो आईपीएल मत खेलिये।ङ्क उन्होंने कहा, ङ्कटीम के



लिये बेहतर होता अगर डेविड वार्नर 55-60 रन बनाने के बजाय 30 रन पर आउट हो जाते। रोवमैन पॉवेल और अभिषेक पोरेल जैसे खिलाड़ी बहुत पहले आ सकते थे और शायद कुछ कर सकते थे। उन खिलाड़ियों के लिये गेंदें ही नहीं बचीं जो वे टीम के लिये कुछ कर सकते।" गावस्कर ने भी दिल्ली के कप्तान की आलोचना की और कहा कि वॉर्नर को इस हार की जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। गावस्कर ने कहा, ङ्खअगर आप आठ गेंद पर आठ रन बनाकर आउट हो जाते हैं, तो कोई कह सकता है कि ठीक है वह लय हासिल नहीं कर सके। लेकिन आप टीम के कप्तान हैं, आपके पास वह अनुभव है।

वह आईपीएल में सबसे तेज 6000 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं इसलिए आप कभी भी इन पारियों में ऐसे खेलने की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, डेविड वार्नर अगर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान नहीं होते तो आईपीएल से बाहर हो चुके होते। अगर कोई भारतीय युवा इस तरह की पारी खेलता तो उसका टूर्नामेंट खत्म हो जाता। यह उनका आखिरी मैच होता। वार्नर को इस हार की जिम्मेदारी लेनी चाहिये।

# प्रियांशु राजावत ने जीता पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 खिताब, थॉमस कप का रह चुके हैं हिस्सा



**ओरलियंस।** भारत के प्रियांशु राजावत ने रविवार को यहां रोमांचक फाइनल में डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को तीन गेम में हराकर ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। थॉमस कप 2022 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मध्य प्रदेश के 21 साल के प्रियांशु ने दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी योहानसन को 68 मिनट में 21-15 19-21 21-16 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। क्वालीफायर से फाइनल तक का सफर तय करने वाले दोनों खिलाड़ियों ने फाइनल में शानदार खेल दिखाया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण मौकों पर अंक जुटाकर अपना पहला विश्व टूर सुपर 300 खिताब जीता।

## सीएसके की बढ़ी टेंशन, हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे दीपक चाहर...बेन स्टोक्स के खेलने पर भी संदेह

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैमस्ट्रिंग की संभावित चोट के कारण एक बार फिर क्रिकेट से कुछ समय के लिए दूर हो गये हैं। फ्रेंचाइजी ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि चाहर को जहां हैमस्ट्रिंग में चोट आई है, वहीं अनुभवी हरफनमौला बेन स्टोक्स के पांव का अंगूठा चोटग्रस्त हो गया है। गौरतलब है कि मुंबई इंडियन्स के विरुद्ध शनिवार के मुकाबले के पहले ओवर में गेंदबाजी करते हुए चाहर को हैमस्ट्रिंग में तकलीफ महसूस हुई। टीम के फिज़ियो से कुछ देर बातचीत के बाद चाहर ओवर की आखिरी गेंद फेंककर मैदान से बाहर चले गये। फ्रेंचाइजी ने बताया कि चाहर की चोट की गंभीरता चेन्नई लौटकर स्कैन करवाने के बाद पता चलेगी। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह चोट चाहर को एक बार फिर लंबे समय के लिये क्रिकेट से दूर कर सकती है। चेन्नई ने चाहर को 14 करोड़ रुपये की कीमत पर स्क्वाड में शामिल किया था। वह कमर की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में भी नहीं खेल सके थे। इसी बीच, क्रिकबज ने बताया कि स्टोक्स करीब एक सप्ताह के लिये आईपीएल से बाहर हुए हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान मुंबई इंडियन्स के विरुद्ध खेलने नहीं उतरे थे। रिपोर्ट के अनुसार वह राजस्थान रॉयल्स (12 अप्रैल) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (17 अप्रैल) के विरुद्ध होने वाले मुकाबलों में भी नहीं खेल सकेंगे। फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा, चेन्नई सुपर किंग्स का मेडिकल स्टाफ दोनों खिलाड़ियों पर कड़ी नजर रख रहा है और उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिये हर जरूरी मदद मुहैया कराएगा।" स्टोक्स के हमवतन मोईन अली भी भोजन विषाक्तता के कारण शनिवार का मुकाबला नहीं खेल सके थे, लेकिन चेन्नई के आगामी मुकाबलों के लिये वह उपलब्ध रहेंगे।



## विज्ञापनदाताओं ने टीवी छोड़ डिजिटल की ओर किया रूख, प्रायोजकों की संख्या भी घटी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सीजन में इस बार नये ट्रेंड के तहत विज्ञापनदाताओं ने टेलीविजन (टीवी) को छोड़ डिजिटल की ओर रुख कर रहे हैं। आज यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च कॉउंसिल (बार्क इंडिया) की टीवी रेटिंग में जहां पिछले वर्ष पहले मैच में करीब 52 एडवरटाइजर्स ने टीवी पर विज्ञापन दिए थे। वहीं इस वर्ष मात्र 31 विज्ञापनदाता ही नजर आए। यानी 40 फीसदी विज्ञापनदाताओं ने टीवी ब्रॉडकास्टिंग से मुंह मोड़ लिया है। पिछले आईपीएल सीजन में टीवी पर विज्ञापन देने वालों की संख्या करीब 100 थी।

इस बार टीवी पर 100 एडवरटाइजर्स का आंकड़ा छू पाएगा यह बेहद मुश्किल लग रहा है। टीवी पर प्रायोजकों की संख्या में भी कमी आई है, पिछले वर्ष 16 प्रायोजक थे जो इस बार घटकर 12 रह गए। इनमें से एक प्रायोजक तीसरे मैच से जुड़ा है। रिलायंस से जुड़ी कंपनियां विज्ञापनदाताओं की लिस्ट से पूरी तरह गायब हैं। वजह है रिलायंस समूह की कंपनी वायकॉम-18, जिसे आईपीएल के डिजिटल ब्राडकॉस्टिंग राइट्स मिले हैं। टीवी का साथ छोड़ने वाले अन्य बड़े विज्ञापनदाताओं में बायजूस, क्रेड, मुथूट, नेटमेड्स, स्विगी, फ्लिपकार्ट, फोन पे, मीशो, सैमसंग, वनप्लस, वेदांतु, स्पॉटिफाई और हैवेल्स शामिल हैं। स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क भारत में टीवी पर आईपीएल के मैचों का सीधा प्रसारण कर रहा है। टीवी एड रेवेन्यू के बड़े हिस्से पर डिजिटल ने कब्जा कर लिया है। 125 से अधिक विज्ञापनदाताओं ने टीवी की अनेदखी कर, डिजिटल एडवरटाइजिंग के लिए वायकॉम-18 से समझौते किए हैं। उनमें में अमेजन, फोनपे, सैमसंग, जियोमार्ट, यूबी, टीवीएस, कैस्ट्रोल, ईटी मनी, प्यूमा, आजियो जैसी कंपनियां शामिल हैं।

# आरसीबी के लिए फाफ डू प्लेसी झोंकेगे ताकत या केएल राहुल लगाएंगे एलएसजी का बेड़ा पार? दोनों टीमों के बीच मुकाबला आज

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे बल्लेबाजों से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से अधिक अनुशासन की उम्मीद होगी। आरसीबी की टीम पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 81 रन की करारी हार के बाद इस मुकाबले में उतर रही है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर टिकी होंगी। अभी टूनार्मेंट अपने शुरूआती चरण में है लेकिन आसीबी के लिए डेथ ओवरों की गेंदबाजी चिंता का सबब बन गई है। नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी ने 12वें ओवर में विरोधी टीम का स्कोर पांच विकेट पर 89 रन कर दिया था लेकिन इसके बावजूद नितीश राणा की अगुआई वाली टीम सात विकेट पर 204 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने में



सफल रही। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी आरसीबी ने अंतिम पांच ओवर में 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन दर से रन दिए। नई गेंद से प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज और डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल ने अंतिम ओवरों में काफी रन लुटाए है। राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े हुए वानिंदु हसरंगा और एड़ी की चोट से उबर रहे जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी ने आरसीबी की समस्या बढ़ा दी है। इन दोनों के हालांकि इस हफ्ते टीम से जुड़ने की उम्मीद है लेकिन तब तक रीस टॉप्ली के विकल्प के रूप में टीम में शामिल वेन पार्नेल को जिम्मेदारी निभानी होगी। आरसीबी की बल्लेबाजी में गहराई है। मुंबई के खिलाफ विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी की सलामी जोड़ी ने टीम की जीत का मंच तैयार किया लेकिन नाइट राइडर्स के खिलाफ पूरा बल्लेबाजी क्रम फिरकी के जादू में उलझ गया। लखनऊ के स्पिनर आरसीबी की परेशानी बढ़ा सकते हैं जिन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को पांच विकेट की जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई अब तक छह विकेट चटका चुके हैं जबकि अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा और कृणाल पांड्या ने भी प्रभाव जोड़ा है। संयुक्त रूप से टूनार्मेंट के अब तक के सबसे सफल गेंदबाज मार्क वुड फ्लू के कारण और आवेश खान चोटिल होने के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे और अब देखना होगा कि आरसीबी के खिलाफ ये दोनों तेज गेंदबाज उपलब्ध होते हैं या नहीं। अब तक दो मैच जीतने और एक मैच हारने वाली लखनऊ की टीम को अपने बल्लेबाजों से प्रदर्शन में अधिक निरंतरता की उम्मीद होगी।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, परिजनों ने किया चक्का जाम

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के विनायका इलाके में रहने वाले जितेंद्र मौर्य 35 साल की रविवार सुबह अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन तत्काल युवक को लेकर रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। अस्पताल से शव लेकर परिजन सीधे घर पहुंचे और विनायका चौराहे के समीप शव को रखकर जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लेकर मामला शांत कराया। मृतक जितेंद्र की मां सुशीला देवी का आरोप है कि उनका बेटा सिक्योरिटी गार्ड का नौकरी करता था। उसकी पत्नी से उसका नहीं बनती थी। जिसके कारण वह तनाव में भी रहता था, बीते 2 फरवरी को जितेंद्र सुंदरम अपार्टमेंट अस्सी में ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान 8,10 की संख्या में लोग पहुंचे थे और उसे जबरी अपने साथ उठाकर ले गए। इस मामले में भी सुशीला देवी ने अपनी बहू के ऊपर और उसके मायके वालों पर आरोप लगाते हुए भेलूपुर थाने में तहरीर दी थी। जितेंद्र का कोई अता पता नहीं चला। बीते 2 दिन पहले जितेंद्र लहरतारा इलाके में रहने वाले अपने दोस्त के घर पहुंचा था। इसके बाद शनिवार की रात परिजनों से फोन पर संपर्क किया। इस बीच रविवार की सुबह उसके साथी ने फोन करके जितेंद्र के परिजनों को उसकी हालत खराब होने की जानकारी दी। चार भाइयों में सबसे छोटा जितेंद्र था। प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर ने बताया कि मृतक की मां व परिजन उसकी पत्नी और मायके वालों पर उसको अपहरण करने और मानसिक रूप से परेशान किया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। शिकायत पत्र की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षा से हर बड़े सम्मान का बन सकते है हकदार: दिनेश चन्द्रा

**सकलडीहा।** डेढ़गांवा परिषदीय स्कूल में शनिवार को देर शाम तक प्रवेशोत्सव चहक सह वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंग्रेजी माध्यम की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सबकों मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश कुमार राय ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। बस इनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। आज भी शिक्षा से बड़ा कोई सम्मान नही है। वही विशिष्ठ अतिथि दिनेश चन्द्रा पूर्व वरिष्ठ भाषा अधिकारी पीडीडीयूनगर ने कहा कि शिक्षा की बदौलत मेरे जैसा व्यक्ति भी सम्मान पा सकता है। शिक्षा से सभ्य समाज की स्थापना की नींव रखी जा सकती है। वही जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रमेश राम ने कहा कि मेहनत करने वाला व्यक्ति जहां किसी भी वर्ग का हो उसे उसकी शिक्षा सम्मान दिलाता है। कार्यक्रम में शासन के निर्देशन पर अभिभावक और बच्चों को उत्साहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। अंत में बच्चों के साथ अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जयनारायण यादव, मदन कुमार तिवारी, अशोक सिंह,हिमांशु पांडेय,प्रशांत पांडेय, चन्द्रधर दीक्षित,रत्नाकर, रामेश्वर राम, संजय सिंह, बलवंत यादव,निठोहर सत्यार्थी, गिरजेश दादा, विनोद, महेन्द्र, रवि, श्याम कार्तिक सिंह,कमला शर्मा,कमलेश साहनी आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन वर्षा अवस्थी ने किया।

### दुर्घटना को दावत दे रहा ढलैया मार्ग

**कन्दवा।** बसंतपुर गांव के सीसी ढलैया मार्ग जर्जर हो गया है। स्थिति यह हो गई है कि मार्ग पर बिछाई गईं गिट्टियां पूरी तरह से उखड़ चुकी हैं। ऐसे में मार्ग पर राह चलना मुश्किल है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आरोप है कि अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। करीब दशक वर्ष पूर्व कंदवा-ककरैत संपर्क मार्ग से बसंतपुर गांव तक करीब एक किलोमीटर सीसी ढलैया कराया गया था। मार्ग बनने के बाद राहगीरों को आवागमन में काफी सुविधा मिल रही थी। समय बीतने के साथ अधिकारियों ने रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण दिन बीतने के साथ ही मार्ग जर्जर होता चला गया। अब स्थिति यह हो गई कि मार्ग पूरी तरह से उबड़-खाबड़ हो गया। दिन में तो किसी तरह वाहन सवार बच बचाकर आवागमन कर लेते हैं, लेकिन रात के समय अक्सर लोग गिरकर चोटिल होते रहते हैं। राहगीर इस मार्ग से आवागमन से बचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तीन वर्ष बाद गिट्टियां उखड़ने लगी और दोबारा मरम्मत किया गया था, लेकिन कुछ राहत मिली। अब मार्ग पूरी तरह उखड़ गया है। जगह-जगह बड़े छोटे गड्ढे हो गए हैं। जिससे आए दिन लोग गिरकर घायल हो जाते हैं और बराबर दुर्घटना को दावत दे रहा है। ग्रामीण उमेश दुबे, राजेंद्र दुबे, राजेश पांडेय, दिनेश पांडेय, रामज्ञा पांडेय आदि ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मार्ग के मरम्मत की मांग है।


### तमंचा-कारतूस बरामद एक गिरफ्तार

**पीडीडीयू।** नगर पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीनदयाल पांडेय के नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा रविवार को एक अभियुक्त बच्चा डोम मुगलसराय कालीमहाल निवासी को राम मंदिर भूपौली रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त के पास से पुलिस ने एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। अभियुक्त पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

## रवि शास्त्री ने की एमएस धोनी की सराहना, कहा- 'कैप्टन कूल' ने स्पिनरों का सही इस्तेमाल किया

***चेन्नई सुपरकिंग्स के लिये खेल चुके हरभजन सिंह ने गावस्कर की बात से सहमति जताते हुए कहा, रवींद्र जडेजा सही मायने में सुपरहीरो हैं।***

**मुंबई।** भारत के पूर्व कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री ने मुंबई इंडियन्स पर चेन्नई सुपर किंग्स की जीत के बाद महेंद्र सिंह धोनी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पिच का अच्छी तरह आकलन कर स्पिनरों का उपयुक्त प्रयोग किया। शास्त्री ने आईपीएल के आधिकारिक टीवी प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, "धोनी ने मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजों के खिलाफ (मिचेल) सैंटनर और (रवींद्र) जडेजा का बेहतरीन इस्तेमाल किया। उन्हें पता था कि ऐसी पिचों पर ये दोनों पासा पलट सकते हैं और इसलिए उन्होंने उन पर अधिक विश्वास दिखाया। चेन्नई ने टॉस जीतकर मुंबई को बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया और मेजबान टीम ने वानखेड़े स्टेडियम पर अपना पहला मैच खेलते हुए जोरदार शुरूआत की। मुंबई ने रोहित शर्मा का विकेट गंवाने के बावजूद पावरप्ले में 61 रन जोड़ लिये, जिसके बाद कप्तान धोनी ने गेंद स्पिनरों को सौंप दी। जडेजा-सैंटनर की जोड़ी धोनी की उम्मीदों पर खरी उतरी और आठ ओवर में 48 रन देकर कुल पांच विकेट लेते हुए मुंबई को 20 ओवर में 157 रन पर रोक दिया। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा, ङ्कअपने कप्तान की तरह जडेजा भी बिल्कुल निडर हैं। उन्हों ने (कैमरन) ग्रीन के



कैच को असंभव से संभव बनाने जैसा था। आप इस खिलाड़ी की कितनी भी तारीफ करें वह कम है। चेन्नई सुपरकिंग्स के लिये खेल चुके हरभजन सिंह ने गावस्कर की बात से सहमति जताते हुए कहा, ङ्करवींद्र जडेजा सही मायने में सुपरहीरो हैं। वह गेंद या बल्ले से कभी भी मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर सकते हैं।ङ्क चेन्नई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवन कॉनवे का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया, लेकिन मुंबई से आने वाले अजिंक्या रहाणे ने चेन्नई के लिये पदार्पण करते हुए 27 गेंद पर 61 रन की पारी खेल डाली। रहाणे ने इस पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये और चेन्नई को मजबूत स्कोर पर पहुंचाकर मुंबई की हार लगभग सुनिश्चित कर दी। हरभजन ने रहाणे की तारीफ करते हुए कहा, ङ्करहाणे की इस पारी की सराहना करने के लिये शब्द नहीं हैं। यह पारी सालों तक याद की जायेगी क्योंकि रहाणे ने अपनी असली क्षमता का प्रदर्शन किया है। हम सब उनके बल्लेबाजी के अंदाज को भूल गये थे, लेकिन उन्होंने हमें अपनी क्षमता याद दिला दी है।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**वार्षिकोत्सव**

### छात्र व छात्राओं की प्रस्तुती देख लोगों ने की तालियों की बरसात

जनसंदेश न्यूज



वार्षिकोत्सव समारोह में राज्यमंत्री का स्वागत करते विद्यालय के लोग

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सम्दहॉ गांव (गणेशनगर) में स्थित श्री गणेशजी बालोद्यान स्कूल पर धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य के रूप में पहुंचे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी सदा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देती आ रही है। शिक्षा ही वह क्षेत्र है जिससे समाज को बदला जा सकता है। शिक्षा से ही मनुष्य के जीवन का उद्धार होता है और शिक्षा से ही जीवन का विकास होता है। बच्चों का मानसिक विकास स्कूल से होता है इसलिए हर अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजता है ताकि उसके अंदर अच्छे गुणों का विकास हो सके और समाज के उद्धार में अपना योगदान दे सके। विशिष्ट अतिथि प्रदुम्य मिश्रा ने कहाकि स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता क्योंकि यह वह अवसर होता है जब अभिभावक, शिक्षक व छात्र व छात्राओं का मिलन एक स्थान पर होता है। यही वह अवसर होता है जब अभिभावक अपने बच्चों की प्रतिभा से रूबरू हो पाते है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुती करने वाले छात्र व छात्राओं को संस्थापक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संचालक मुन्ना शेट्टी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, संस्थापक सत्यदेव तिवारी, कृष्ण देव तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, विनोद बिंद, अमित तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## रेलवे सुरक्षा बल ने ई-टिकट बनाने वाले दलाल को दबोचा

**दुकान से लैपटॉप, मोबाइल और चार हजार रुपए का टिकट बरामद**

**शाहगंज।** रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने खेतासराय थाना क्षेत्र के गोरारी बाजार स्थित एक सहज जनसेवा केंद्र पर मोबाइल से ई-रेलवे टिकट का अवैध कारोबार करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। रेलवे सुरक्षा बल के थाना प्रभारी अनूप कुमार सिन्हा की संयुक्त टीम ने हमराहियों के साथ शनिवार की देर रात को मुखबिर की सूचना पर खेतासराय थाना क्षेत्र के गोरारी बाजार स्थित सहज जन सेवा केन्द्र पर छापेमारी की। टीम ने दुकान से चार हजार दो सौ रुपए का दो ई-टिकट व साथ कई टिकट का डाटा, मोबाइल, दो लैपटॉप बरामद करते हुए दुकान संचालक अजय कुमार पुत्र राम अचरज निवासी गोरारी थाना खेतासराय को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

**संक्षेप**



## सुधीर सिंह पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष मनोनीत

**मड़ियाहूँ।** पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश की कार्यसमिति में विकास खंड के बरमदेवा गांव निवासी प्रधान सुधीर सिंह विद्रोही को प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे ने जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। साथ ही उनसे अपेक्षा किया है कि वह संगठन में अनुशासित रहकर आस्था एवं निष्ठा के साथ इसे सुदृढ़, सक्रिय और संघर्षशील बनाने में अपना योगदान देंगे। इसी के साथ ही सावित्री यादव पत्नी ओम प्रकाश यादव प्रधान बेलवा को उपाध्यक्ष, अनिता गौतम को जिला सचिव, सुधीर द्विवेदी को जिला कमेटी जौनपुर में सलाहकार व विजय प्रकाश द्विवेदी को वाराणसी मंडल का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सबरहद गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के सबरहद उत्तरी बस्ती गांव निवासी राम सूरत पुत्र राम आधार न्यायालय में चल रहे मारपीट के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। रविवार की सुबह एसआई विजय सिंह गौड़, कांस्टेबल अमित यादव ने मुखबिर की सूचना पर घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

## ट्रैक्टर चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**खुटहन।** कम्मरपुर गांव निवासी दलित मजदूर की शनिवार को ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई सजीवन लाल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी 45 वर्षीय रामबचन गौतम मजदूरी पर काम करता था। वह कहीं रात भर काम करके रविवार को ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर वापस घर आ रहा था। गांव के पास ही वह ट्राली से नीचे गिर गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक मुकेश व नाम पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## निधन पर शोकसभा आयोजित

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के ग्राम काजीपुर स्थित सेन्ट जेवियर्स इण्टर कालेज के पीजीटी बायोलॉजी के अध्यापक मदन मिश्रा निवासी ग्राम देल्हुपुर शीतलगंज का बीती रात हृदय गति रुक जाने से देहांत हो गया। मृतक आत्मा की शान्ति के लिए विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं व शिक्षकों सहित दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

## मवेशियों संग तीन तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**सिकरारा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह दूदौली नहर पुलिया के समीप पिकअप पर लदे मवेशियों संग तीन पशु तस्करों को पिकअप सहित गिरफ्तार कर लिया। पशु तस्कर मवेशियों को वध के लिए ले जा रहा था।

पुलिस ने गिरफ्तार पशु तस्करों को कागजी कार्रवाही कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह सूचना मिली की पशु तस्कर पिकअप पर मवेशियों को लादकर वध के लिए ले जा रहे है। सूचना पर थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह,उपनिरीक्षक मो. सैफ, संजय कुमार, हेड कांस्टेबल अरुण यादव ने संयुक्त रूप से दुदौली नहर पुलिया के समीप पशु तस्कर का इंतजार करने लगे। तभी पशु तस्कर वध के लिए मवेशियों को पिकअप से ले जा रहा था। मौके से पुलिस ने पशु तस्कर असलम अली पुत्र दरोगा निवासी जन्सो बड़ई थाना अलीनगर चंदौली, आनंद सिंह पुत्र अखिलेश सिंह, गोलू यादव पुत्र संतोष यादव निवासी लौंदा थाना अलीनगर चंदौली, पिकअप पर लदे 3 जिंदा बैल 1 गाय सहित एक बंदूक व जिंदा कारतूस, मवेशियों को बरामद कर पशु क्रूरता में केस दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने बताया कि ये बहुत शातिर अपराधी है। इन सब के ऊपर पहले से कई थानों में पशु क्रूरता के केस दर्ज है, ये संगठित अपराध करते है।



गिरफ्तार पशु तस्कर व पुलिस टीम

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**मुम्बई से कमाकर घर जाने के दौरान हुआ हादसा**

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव बाजार में सड़क दुघर्टना में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

क्षेत्र के बड़ागांव बाजार में शनिवार की देर शाम अरगुपुर गांव निवासी 20 वर्षीय सर्वेश पुत्र विश्वराज गौतम मुम्बई से कमाकर शाहगंज स्टेशन पर उतर कर अपने मौसेरे भाई खेतासराय गांव निवासी 22 वर्षीय सुनील पुत्र मनवास के साथ बाइक से बड़ागांव बाजार पहुंच कर सामान खरीद कर घर जा रहे थे कि शाहगंज की तरफ से गैस सिलेंडर लदी तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया जिसमें सर्वेश गौतम की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मौसेरे भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक सर्वेश गौतम (फाइल फोटो)

# उड़ाका दल की टीम ने ली परीक्षार्थियों की तलाशी

**निरीक्षण**

### नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय संकल्पित

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षायें चल रही हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने परीक्षाएं शुचितापूर्ण व कड़ाई के साथ कराने के निर्देश दिए है। परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान में बनाए गए केंद्र पर शनिवार को उड़ाका दल ने कई बार औचक निरीक्षण किया। उड़ाका दल के सदस्य प्रो. अजय द्विवेदी और डॉ. मनीष कुमार गुप्ता की टीम ने प्रत्येक परीक्षा कक्ष में जाकर छात्रों की गहन जांच पड़ताल की। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार, सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. शशिकांत, डॉ. विनय वर्मा उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार को दोनों पालियों में कुल 754 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें रज्जू भैया संस्थान, विज्ञान संकाय, प्रबंध संकाय, फार्मेसी, मास काम, एप्लाइड साइकोलॉजी के छात्रों ने दोनों पालियों में परीक्षा दी। विद्यार्थियों को रज्जू भैया गेट के पास तलाशी लेने के बाद अंदर आने की अनुमति मिलती है। इसके बाद परिसर में बनायी गयी उड़ाकादल की टीम कई बार राउंड लगाती है। इसके चलते नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है। पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हो रही है।



परीक्षा कक्ष में तलाशी लेती उड़ाका दल की टीम

# डॉ. फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की 268वीं जयंती मनायी गयी



हैनीमैन जयंती समारोह को सम्बोधित करते वक्ता

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** होमियोपैथिक डीलर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में बीते दिन होमियोपैथिक के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 268वी जयंती को एक निजी होटल में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वाराणसी मण्डल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही इस कार्यक्रम में होमियोपैथिक की तमाम कंपनियों ने स्टाल लगाकर अनेक प्रकार की नई-नई दवाइयों की जानकारियां लोगों को दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजू पाठक व डीएचओ सुल्तानपुर डा. फरहाना सगीर रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएचओ डा. तुलसी दास ने की। कार्यक्रम के दौरान मौके पर होमियोपैथिक डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रविप्रकाश श्रीवास्तव, महासचिव डा. मनीष कुमार गुप्ता, समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, उपाध्यक्ष डा. सुमित सिंह, अंजनी कुमार, धीरज मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, विवेक, विनोद प्रकाश, डा. शशिप्रकाश श्रीवास्तव, मनोज विश्वकर्मा, उमंग श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौके पर मौजूद रहे।

## गुमटी सहित दो दुकानें जली

**खुटहन।** पिलकिछा गांव में गोमती नदी पुल के पास शनिवार की रात अज्ञात कारणों से लगी आग से गुमटी में संचालित एक किराना और दूसरी दाना बिक्री की दुकान जल गई। गांव निवासी सुनीता गुप्ता पत्नी हरिश्चंद्र की किराने की दुकान में अचानक आग की लपटें उठने लगीं।

आग बढ़ते हुए बगल चंद्रावती गुप्ता पत्नी देवनारायण के दाना भूंजने की दुकान तक पहुंच गई। देखते ही देखते गुमटियां सहित दोनों दुकानें जल कर नष्ट हो गई। पीड़ितों के द्वारा थाने पर तहरीर नहीं दी गई है।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**खुटहन।** पुलिस ने रविवार को बियसिया तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान कोकना (पिलकिछा) निवासी मनीष तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से चाकू मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध थाने में हत्या, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट सहित 11 मुकदमे दर्ज हैं।

## अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन से कटकर महिला सहित दो की मौत



**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र के बेलापार एवं पुरेरामजी गांव के पास रविवार को अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन से कटकर पश्चिम बंगाल की महिला व खमपुर निवासी व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। बेलापार गांव के पास वाराणसी-सुल्तानपुर मार्ग पर थाना क्षेत्र के खमपुर गांव निवासी करीब 45 वर्षीय रामजीत की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त पश्चात सूचना परिजनों को दी तो घर में कोहराम मच गया। उधर दोपहर पुरेरामजी गांव के पास वाराणसी की तरफ जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस से 34 वर्षीय बेस्ट बंगाल की एक महिला ललिका सरकार पत्नी परितोष सरकार की गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पीएम हेतु भेज दिया।

## बहन के गायब होने की दी तहरीर, मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी ने थाने पर प्रार्थना-पत्र देकर कहा है कि मेरी 15 वर्षीय बहन बीते 7 अप्रैल को सुबह 9 बजे स्कूल जाने की बात बताकर घर से निकली लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। हम लोगों ने पास-पड़ोस व रिश्तेदारी में काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने प्रार्थना-पत्र के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

## पूर्ण सद्गुरु से ही होगी परमात्मा की प्राप्ति : मानिक चंद तिवारी

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** संत निरंकारी मिशन जोन नंबर 63 अंतर्गत शाखा पट्टी नरेंद्रपुर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। उपस्थित संत जनों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए जोनल इंचार्ज महात्मा मानिक चंद तिवारी महाराज ने कहा कि प्रभु के चरणों में पूर्ण समर्पण की भावना से युक्त होने पर ही मानव का जीवन सुखमय हो सकता है। जोनल इंचार्ज ने कहाकि जो मनुष्य जीवन के उत्थान-पतन, हानि-लाभ, जय-पराजय और सुख-दुख को ईश्वर की इच्छा मानकर सम्भाव से जीवन जीता है वही सचमुच सुखी है। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में सुख जैसी चीज केवल मृग मरीचिका जैसी है जो दिखाई देती है लेकिन उसकी वास्तविकता कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की सद्गुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव महाराज ब्रह्मज्ञान प्रदान करके आत्मा का साक्षात्कार परमात्मा से करवा कर ईश्वर से नाता जोड़ रही हैं। परमात्मा का साक्षात दर्शन करवाना पूर्ण सद्गुरु की सबसे बड़ी पहचान है। परमात्मा के साकार स्वरूप सद्गुरु को ईश्वर प्राप्ति माध्यम बताया। उन्होंने 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के अवसर पर मड़ियाहूं रोड संत निरंकारी सत्संग भवन जौनपुर शाखा पर आयोजित रक्तदान शिविर में भारी से भारी संख्या में बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की आम जनमानस से अपील की। महात्मा राजित राम ने कहा कि बिना तत्वज्ञान के सत्संग नहीं हो सकता। सत्य को जाने बिना सच और झूठ की हकीकत का पता भी नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि मिशन सत्य और अहिंसा को सर्वोपरि मानता है। संचालन विनोद कुमार ने किया। अभय राज वर्मा, जयशंकर मौर्य, रामनाथ प्रजापति, कमलेश तिवारी आदि लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

## राम राज्याभिषेक के साथ हुआ श्रीरामचरित मानस कथा का समापन

**जलालपुर के बीबनमऊ में चल रही थी सात दिवसीय श्रीराम कथा, भंडारे का हुआ आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

**जलालपुर।** क्षेत्र के बीबनमऊ में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा श्रीराम चंद्र के राज तिलक के साथ संपन्न हुई। राम कथा के अंतिम दिन पंडाल में मौजूद भारी संख्या में श्रोताओं ने श्री राम के नाम के जयकारे लगाये। कथा पाण्डाल में उमड़ी श्रृद्धालुओं की भीड़ संगीतमय श्रीरामचरित मानस कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ विश्राम हो गया।? कथा व्यास श्री बालकृष्ण दास महराज द्वारा लगातार सात दिनों तक श्रद्धालुओं को रामकथा का अमृतपान कराया।?शनिवार को सीता हरण, जटायु मरण, हनुमान - राम- सुग्रीव मिलन, बालि वध, लंका दहन, कुंभकर्ण, मेघनाद, रावण वध एवं चौदह वर्षों के उपरांत भगवान राम के अयोध्या आगमन और राम राज्याभिषेक प्रसंग का सुंदर वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



श्रीराम कथा का रसपान कराते बालकृष्ण महाराज

उन्होंने कहा कि भगवान राम ने संसार के सामने आदर्श मयार्दा का उदाहरण प्रस्तुत किया। रामकथा के माध्यम से जनमानस को भगवान राम से प्रेरणा लेकर जीवन के भंवर से पार उतर सकता है। भ्रातृत्व प्रेम किसी का है तो वह भरत का। वर्तमान समय में भरत चरित्र की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। स्वार्थ के कारण आज भाई-भाई जहां दुश्मन जैसा व्यवहार करते हैं, वहीं भरत चरित्र त्याग, संयम, धैर्य और ईश्वर प्रेम का दूसरा उदाहरण है। भरत का विग्रह श्रीराम की प्रेम मूर्ति के समान है जिससे भाई के प्रति प्रेम की शिक्षा मिलती है। इस मनुष्य जीवन में भाई व ईश्वर के प्रति प्रेम नहीं है, तो वह जीवन पशु के समान है। कहा कि सभी को भरत और श्रीराम से भाई व ईश्वर प्रेम की सीख लेनी चाहिए। भरत चरित्र सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

इस अवसर पर थाना प्रभारी रमेश चंद यादव, पंकज भूषण मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य पवन गुप्ता, प्रदीप सिंह, रत्नाकर चौबे, कमलेश यादव, राजेश मिश्रा, गुलजार अली, रामाज्ञा यादव, भोले मास्टर, संदीप उपाध्याय, आनंद मोदनवाल, बाबा यादव सहित हजारों श्रोतागण मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन में 60 और ग्राम पंचायतें चयनित

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** स्वच्छ भारत मिशन में शाहगंज ब्लाक के 60 और ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। चयनित ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों का डीपीआरसी के माध्यम एक दिवसीय प्रशिक्षण अंबेडकरनगर में होगा। चालू वित्तीय वर्ष में 60 नई ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम बनाए जाने के लिए चयन किया गया है। चयनित गांवों में एसएलडब्लूएम के कराए जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण 10 अप्रैल से शुरू होकर 13 अप्रैल तक डीपीआरसी अंबेडकरनगर में चलेगा। एडीओ पंचायत लक्ष्मीचंद ने बताया कि इन चार दिनों तक चयनित 60 ग्राम पंचायतों में 15-15 ग्राम पंचायतों का एक एक दिन प्रशिक्षण चलेगा। इन ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए निर्देश दे दिए गए हैं।



# कोरोना को देखते जिले में मॉकड्रिल कल

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** कोरोना के बढ़ते गति को देखते हुए प्रदेश स्तर से आदेश मिलते ही जनपद के चार जगहो पर फिर मांकडिल करने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने एक बैठक में दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में 374016 लाख से अधिक लोगों को प्रिकाशन डोज लगाई जा चुकी है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिले के चार केन्द्रों महाराजा बलवन्त सिंह चिकित्सालय,




**तैयारी**

### विभाग चार केन्द्रों पर करेगा मॉकड्रिल

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औराई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरियावां समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डीघ में मॉकड्रिल किया जायेगा।

इसके लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई और प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण भी पूर्ण हो गया है। जिले के सभी केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश है कि मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करें और अस्पताल आने वाले भी मास्क पहनकर ही आएं। इसके अलावा विभाग की ओर से स्पष्ट आदेश दिया गया है कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में सामाजिक दूरी को बनाये रखे। इस समय जिले में 02 कोरोना के मरीज मौजूद है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर ओमप्रकाश शुक्ला ने बताया कि मॉकड्रिल के लिए चारों केन्द्रों पर चार डॉक्टरों की टीम सहित स्वास्थ्यकर्मियों को लगाया गया है जो माकडिल के समय उपस्थित रहेंगे।

### कोरोना वायरस के बचाव हेतु क्या करें

अपने हाथों को बार बार साबुन एवं साफ पानी से धोए, हाथों से नाक मुंह व आंख को बारबार न छुए, खासते और छींकते समय इस्तेमाल किए टिशु पेपर को कूड़ेदान में फेंके एवं मुंह नाक को अच्छी तरह ढक कर रखें, बुखार खांसी तथा सांस लेने में परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। खासी बुखार होने पर यात्रा न करें और नियमित रूप से साफ सफाई का ध्यान दें। भीड़ भरी जगहों पर जाने से बचें संक्रमित व्यक्ति से पर्याप्त दूरी बनाएं।

### कोरोना वायरस से बचाव हेतु क्या न करें

सार्वजनिक स्थलों एवं खुले स्थानों पर न थूके, बेवजह अपनी आंखें नाक या मुंह न छुए, छूने के बाद हमेशा अपने हाथों को अच्छी तरह साबुन और पानी से धोएं, खासी बुखार के लक्षण होने पर या सांस लेने में तकलीफ होने पर तथा लक्षण समाप्त होने तक सार्वजनिक स्थलों पर न जाएं और लोगों से निकट संपर्क न करें।

### कोरोना वायरस कैसे फैलता है

कोरोना संक्रमित व्यक्ति के खासने और छीकने के संपर्क में आने से फैलता है तथा संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तु से फैलता है।

# मालगाड़ी के तीन डिब्बे बेपटरी,परिचालन बाधित

**डीडीयू नगर।** डीडीयू पटना रेल रूट पर डूमरावं स्टेशन के लूप लाइन पर शंटिंग के दौरान मालगाडी के तीन वैगन बेपटरी हो गए। इससे डाउन लाइन बाधित हो गया। रूट बाधित होने के कारण डाउन की ट्रेनों को जहां तहां खड़ा कर दिया गया। डीडीयू स्टेशन पर खड़ी ब्रह्मपुत्र मेल को गया के रास्ते आगे भेजा गया। वहीं अन्य ट्रेनें जहां तहां खड़ी रही। इससे यात्री परेशान रहे। शाम सवा चार बजे रेलवे ट्रैक को फिट किया गया। इसके बाद ट्रेनों का आवागमन बहाल हुआ।

पटना रूट रूट पर दानापुर रेल मंडल के डूमराव स्टेशन के डाउन लुप लाइन पर रविवार की दोपहर में 11.52 बजे मालगाड़ी के तीन वैगन बेपटरी हो गए। इंजन से दूसरा और तीसरा वैगन के पहिए उतरे हैं। चालक ने इसकी सूचना कंट्रोल को दी। वहीं अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंच गई और मालगाड़ी को पटरी पर लाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस दौरान अप सूरत भागलपुर एक्सप्रेस बरूना स्टेशन पर, डाउन पं. दीनदयाल उपाध्याय पटना पैसेंजर चौसा में, अप अहमदाबाद बरौनी एक्सप्रेस चौसा में, नई दिल्ली-इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस दिलदारनगर में, बनारस-बक्सर पैसेंजर स्पेशल दरौली में खड़ी हो गई। वहीं दिल्ली कामाख्या ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो पर खड़ी हो गई। वहीं आनंद विहार मालदा टाउन सुपरफास्ट एस्सप्रेस आउटर पर खड़ी रही। काफी देर तक ट्रेनों को खड़ा किए जाने से यात्रियों में आक्रोश दिखा। बाद में ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस को गया के रास्ते आगे के लिए भेजा गया। मालगाड़ी के पटरी पर आने के बाद शाम सवार चार बजे लाइन को फिट घोषित किया गया। इसके बाद सबसे पहले आनंद विहार मालदा टाउन और बक्सर पैसेंजर को पास कराया गया। रूट बाधित होने के कारण सिकंदराबाद पटना, इंदौर पटना, कोटा पटना एक्सप्रेस आदि भी देरी से गंतव्य के लिए रवाना हुई। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

## संक्षेप

### राकेश रौशन बने अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव



**चहनिया।** पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत स्वायत्तशासी सलाहकार संगठन अखिल भारतीय पंचायत परिषद का राष्ट्रीय सचिव राकेश यादव रौशन को मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन परिषद के मुख्य राष्ट्रीय महामंत्री एसएस विजय मिश्रा ने किया है। मारूफपुर गांव निवासी राकेश रौशन एक सामाजिक कार्यकर्ता और जिले के मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के ब्रांड अम्बेसडर हैं। पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व राज्यपाल महामहिम रामनाईक और वर्तमान राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल के द्वारा कुल चार बार पुरस्कृत किया जा चुका हैं। अखिल भारतीय पंचायत परिषद की सलाह पर ही भारत में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था लागू की गई थी। इसके प्रथम अध्यक्ष बलवंत राय मेहता थे। परिषद के अन्य अध्यक्षों में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, गुलजारी लाल नंदा, लालबहादुर शास्त्री आदि लोग रह चुके हैं। परिषद का कार्य महात्मा गाँधीजी के ग्राम स्वराज को मजबूत करना, गांव के विकास के लिए समय के अनुसार नवीन जरूरतों एवं नियमों के निर्धारण के लिए सलाह देना है। परिषद का मुख्य कार्यालय मयूर विहार, नई दिल्ली में स्थित है। राकेश रौशन के राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर पूर्व उप प्रमुख रामअवध यादव, बनफल प्रधान, ज्ञानी जैल सिंह प्रधान, अवधेश राम प्रधान, डॉ. राजेश निषाद, डॉ. नदीम अशरफ, डॉ. संजय यादव, डॉ. धर्मराज यादव, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. टी. खान, बीएल फौजी, कांता फौजी, संतोष विश्वकर्मा, प्रेमचंद सिंह पप्पू, आकाश विधायक आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# निवर्तमान अध्यक्ष के आवास पर कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शिव नगर स्थित नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष प्रहलाद दास गुप्ता के आवास पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी का भारी संख्या में मौजूद व्यापारियों ने जोरदार माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रयागराज से वाराणसी जाते समय कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नन्दी का काफिला निवर्तमान अध्यक्ष के आवास पर पहुंचा, जहां प्रमुख कालीन निर्यातक बृजेश गुप्ता व संजय गुप्ता के नेतृत्व में भारी संख्या में मौजूद व्यापारियों ने जोरदार माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने जनपद में व्याप्त कुछ समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी ने व्यापारियों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर व्यापारी एकजुट रहें तो कोई भी उनका उत्पीड़न करने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पाएगा। कैबिनेट मंत्री ने सभी व्यापारियों को अपना परिवार बताया। प्रयागराज में उमेश पाल के हुए हत्या के आरोपी अशद के गिरफ्तारी पर बोले प्रसाशन अपना कार्य कर रहा है। नगर निकाय चुनाव के प्रश्न पर कुछ बोलने से कतराते रहे। इस दौरान प्रमुख रुप से ज्ञानेश्वर अग्रवाल, शिव शंकर गुप्ता, विराट जायसवाल, दिनेश मोदनवाल, प्रभात जायसवाल, कमल नयन अग्निहोत्री, त्रिवेणी प्रसाद बरनवाल, हरि मंगल यादव, सुभाष जायसवाल समेत आदि व्यापारी रहे।


कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी का स्वागत करते प्रहलाद दास गुप्ता, बृजेश गुप्ता, संजय गुप्ता

# जहां विचारों से काम होता है वहां सुंदरकांड है : डा. श्रीनिवास तिवारी

**आस्था**

### आठ दिवसीय श्रीराम कथा का विश्राम दिवस

**पराऊगंज।** मानस सेवा समिति पराऊगंज द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्रीराम कथा के विश्राम दिवस के अवसर पर हानि लाभ के उपायदेयता का तात्विक विवेचना करते हुए डॉ. श्रीनिवास तिवारी महाराज ने कहाकि मानस रत्नों का भंडार है। उन्होंने बताया कि जिस समाज में माल्यवंत जैसे वृद्धों का अपमान होता है वहां रावण राज्य आ जाता है, जिस राज्य में सुमंत जैसे मंत्री का सम्मान होता है वहां रामराज्य होता है। श्रीरामचरितमानस को रेखांकित करते हुए उन्होंनें कहाकि जहां विचारों से काम नहीं होता है वहां लंका कांड होता है, जहां विचारों से काम होता है वहा सुंदरकांड होता है। मंचस्थ व्यासपीठ का अभिनंदन कथा के आयोजन राधेश्याम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर ओपी मिश्रा, पंडित राम सुमेर मिश्र, भूषण मिश्र, शरद कुमार मिश्रा, भैया लाल शुक्ला, नितिन सिंह, भाजपा नेता हितेंद्र दुबे, अखिलेश मिश्र, राकेश कश्यप, जगदीश यादव, कृष्ण प्रताप दुबे, वंश गोपाल सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, अमरनाथ यादव, पूर्व प्रधान लालता यादव, कैलाश सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। आरती बंदन सभी श्रद्धालुओं ने किया।



# वास्तविक सुख पाने के लिए प्रभु की भक्ति सबसे सरल व उत्तम मार्ग : रामकृपाल

**धर्मकर्म**

### भकुरा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें भारी संख्या में लोग भागवत कथा का श्रवन पान कर रहे हैं। प्रभु की भक्ति में सभी श्रोतागण भाव विभोर हो गए। भागवत कथा का आयोजन भकुरा गांव में अमित कुमार सिंह सोनू की आवासीय परिसर में शुरू हुआ है। जिसमें प्रतापगढ़ आश्रम से आए शास्त्री रामकृपाल तिवारी कथा वाचन कर रहे हैं।

शास्त्री पं. रामकृपाल तिवारी ने कहा कि भागवत कथा जीवन के सभी राहों का मार्गदर्शन करती है और मनुष्य के सभी कार्यों को भी पूरा करते हैं। यह जीवन की मोक्ष दायिनी भी कही जाती है। उन्होंने संगीतमय भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए जीवन के मूल्य का मार्गदर्शन किया और कृष्ण राधा के प्रेम लीला को वाचन भी किया। उन्होंने कहाकि राम और कृष्ण अपने जीवन के माध्यम से जीवन लक्ष्यों व कर्तव्यों को पूर्ण कराने की सही राह दिखाया। धन दौलत मोक्ष नहीं दिलाते सिर्फ भौतिक सुख प्राप्त कर सकते हैं। जीवन का वास्तविक सुख पाने के लिए प्रभु की भक्ति सबसे सरल व उत्तम मार्ग है। उन्होंने हर युग में भगवान के अवतार का कारण भी भागवत कथा में सुनाया और कहाकि मन की शांति के लिए भी इन्हीं राहों से गुजरना पड़ता है। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया। कृष्ण अवतार जीवन के कर्तव्यों का बोध कराता है।



उन्होंने भागवत कथा में कृष्ण लीला के विस्तार से श्रवण कराया। संचालन आचार्य पं. सुनील तिवारी व आयोजन इन्द्रप्रकाश सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीशचंद यादव, पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रताप सिंह, सिरकोनी प्रमुख वंसराज सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, डॉ. पंचम राजभर, संतोष सिंह, मनोज सिंह, श्याम बाबू यादव, सुनील यादव, सुभाष यादव, रविशंकर पांडेय, वीरेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, सुरेंद्र सिंह, ईश्वर राजभर, शेखर सिंह, संदीप सिंह, शैलेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, संदीप मिश्र, दिनेश सिंह, राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रमजान के महीने में छोटे-छोटे बच्चे रोजा रखने में नहीं हैं पीछे



**7 साल के अता मोहम्मद ने रखा अपना पहला रोजा**

**भदोही।** मुकद्दस माह-ए-रमजान रहमतों और बरकतों से भरपूर वाला महीना है। इस मुकद्दस महीने में जहां बड़े, बुढ़े व महिलाएं रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं तो वहीं छोटे-छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं है। नगर के तकिया कल्लन शाह मशाल रोड निवासी महफूज अहमद उर्फ भोलू भाई के 7 वर्षीय बेटे अता मोहम्मद ने भी रविवार को रोजा रखा। रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। रोजा हर मुसलमान मर्द, औरत, आकील व बालिग पर फर्ज है। इस लिए इस महीने में मुस्लिम घरों में लोग रोजे रखते हैं। रोजा रखकर सभी के द्वारा ज्यादा से ज्यादा इबादत की जाती है। रमजान का महीना चल रहा है तो इसमें सभी रोजे रखकर इबादत में मशगूल हैं। अल्लाह की इबादत करने और रोजे रखने में बड़े तो बड़े नन्हें-मुन्नें बच्चे भी पीछे नहीं है। नगर के तकिया कल्लन शाह मशाल रोड निवासी महफूज अहमद उर्फ भोलू भाई के 7 वर्षीय बेटे अता मोहम्मद ने भी रविवार को अपना पहला रोजा रखा। उन्होंने न सिर्फ अपना पहला रोजा मुकम्मल किया बल्कि अल्लाह की इबादत की। अता मोहम्मद को पहला रोजा रखने पर घर के लोगों सहित उनके रिश्तेदारों ने मुबारकबाद के साथ तोहफा दिया। घर में अम्मी और अब्बू तथा अन्य सदस्यों को रोजा रखता देख अता मोहम्मद ने रोजा रखा और इबादत किया।

### प्रदीप यादव को पुनः जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**कस्तूरीपुर।** कस्तूरीपुर बाजार स्थित पूर्व जिलापंचायत सदस्य रमापति यादव के आवास पर प्रदीप यादव को पुनः पार्टी जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी जताते हुए मिस्ठान वितरण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भदोही जनपद में प्रदीप यादव को पुनः जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर यहाँ के कार्यकर्ता उत्साहित है। पार्टी और भी मजबूत होगी। जिसमे रमापति यादव के अलावा सन्तोष यादव, शीलवंता यादव, रमा तिवारी, राजेश मोदनवाल, बिरजू पाल, संतलाल यादव, राजू मोदनवाल, रमाशंकर बिंद, कमलेश प्रजापति, संजय यादव आदि लोग रहे।

### श्री अन्न जागरण अभियान के तहत निकाली पदयात्रा



**कमालपुर।** सामाजिक न्याय सप्ताह प्राकृतिक खेती श्री अन्न पर भाजपाइयों ने रविवार को मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा अशोक सिंह के नेतृत्व में गुरैनी गांव में जनजागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपाइयों ने जनजागरण अभियान के तहत पदयात्रा कर किसानों से प्राकृतिक खेती करने पर चर्चा किया। वही किसानों को खेतों में केवल जैविक खाद का प्रयोग करने को प्रेरित किया गया। किसान मोर्चा सह प्रभारी सोशल मीडिया काशी क्षेत्र अजीत पांडेय ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।इसके लिए प्राकृतिक खेती श्री अन्न जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।किसानों को खेती में अपनी पुरानी पद्धति पर कार्य करना होगा।ताकि खेत के मिट्टी की गुणवत्ता बनी रही है।इसके लिए किसानों को अपने अपने खेतों में जैविक खाद डालने की जरूरत है। खेतों में मिट्टी की गुणवत्ता को बनाने के लिए किसानों को जागरूक होकर प्राकृतिक खेती करने की जरूरत है।आज रासायिनक खादों से मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आ रही है।इस मौके पर राजेश, अशोक सिंह, श्रीराम चौबे, बिनोद सिंह, गंगाधर तिवारी, सत्यसेन सिंह, प्रमोद सिंह, विकास तिवारी, दिनेश पांडेय, रिपुसूदन पांडेय, सदानंद भारती, बीरेंद्र गोंड, रिशु सिंह, मुकेश आदि रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का किया दावा

**आयोजन**

### नुक्कड़ सभा में कांग्रेसियों ने भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

**भदोही।** रविवार को सुरियावां बाई पास चौराहे पर आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व पूर्वांचल के प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा कि भाजपा सिर्फ धर्म और मजहब के नाम पर खाई बनकर लोगो को लड़वाने का प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मक़्सूद खान प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र निषाद व प्रदेश सचिव राजेश राकेश ने कहा कि आज जिस तरह से बेरोजगारी चरम पर है और नौकरियों के लिए सरकार की वैकेंसी ना आने से देश के युवा बीजेपी सरकार से हताश है और आने वाले 2024 मे युवा पीढ़ी इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के जनाधार लगातार बढ़ने से परेशान हैं और इसी लिए आज राहुल गांधी की सदस्यता से लेकर जेल तक डालने का काम किया जा रहा है।

लेकिन कांग्रेस गांव शहर में अब मजबूत हो गई है और बीजेपी के घमंडी सत्ता को हरा कर जनता के लिए मूल भूत सुविधाओं को देने का काम करेगी।

इस अवसर पर वसीम अहमद, सुरेश गौतम, सुरेश मिश्रा, जिला दुबे, राकेश मौर्य, आशुतोष पांडेय, मृत्युंजय पाण्डेय, मसूद आलम, अकबर अंसारी, करम चंद, सुरेश, त्रिलोकी बिंद, संदीप दुबे, करन मौर्य मुस्ताक, चिंटू शुक्ला, लाल मणि, संतोष धोबी, मुनरा देवी, हरिश्चंद,विष्णु श्रीवास्तव, रमेश बिंद, धीरज मिश्रा राजा राम, बाला जी, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।


सुरियावां बाई पास चौराहे पर आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते नेतागण

# साहित्यकार के जन्मदिन पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन



**भदोही।** अक्षर आरसी साहित्यिक एव सांस्कृतिक मंच द्वारा शनिवार की दोपहर हरियांव गांव में स्थित चंद्रावती जागेश्वर जूनियर हाईस्कूल में हिंदी के प्रसिद्ध व साहित्यिकार स्वर्गीय डाक्टर रामशिरोमणि होरिल के 86वें जन्मदिन पर साहित्यिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. राजकुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई।

जिसमें कवियों ने अपनी-अपनी कविता सुनाकर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार पाठक ने कहा कि जो अपने पूर्वजों के सम्मान में याद करते है वो कभी मरते नही हैं। जीवन में उतार चढाव लगा रहता हैं। सहज भाव से जीवन जीते रहना चाहिए।

मुख्यअतिथि पारसनाथ मिश्र ने कहा कि डॉ. होरील ने अपनी कलम हर विधा में चलाई हैं। उन्होंने अपनी काव्य पाठ में कहा कि वे धन्य है धन्य है धरा उनकी धन्य है समाधि का लाल। कुशल संचालन कर रहे संदीप कुमार बाला जी ने अपने काव्य पाठ में कहा कि सीता महाकाव्य, दुष्यंत प्रिया साहित्य आपने जीवंत कर दिया। नवगीतकार योगेंद्र प्रताप मौर्य ने कहा कि कब आया कब चला गया। पांडेय मंजुल ने अपने काव्य संबोधन में कहा कि देश के वासियों तुम मोहब्बत करो, एक दिन पहन भी पिघल जाएगा।

गीतकार कन्हैया लाल दुबे निशान ने कहा कि बोझ गम का हटा दीजिए, आप फिर मुस्कुरा दीजिए। अरुण कुमार यादव प्रयास ने कहा कि हीरा मोती संग किसान, चहल पहल वाले खलिहान अब तो कथा कहानी में प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। एकल बनारसी, नागेंद्र पंकज, राजेश भारती, संजय सरोज शास्त्री, इंद्रजीत सिंह, वियोगी, नुरुल हसन, गंगाधर मिश्र, बिहारी, प्रधानाध्यापक राजकुमार सरोज, नार्मल बाबू, रिंकी देवी सहित आदि लोग थे। कार्यक्रम का ज्ञापन चंदन बागीश ने किया।

# ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने किया रूट मार्च पढ़ाया सावधानी व सुरक्षा का पाठ

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** नगर में ट्रेफिक इंस्पेक्टर शशिकांत यादव अपनी टीम के साथ नगर में भ्रमण कर आमजन में वाहन चलाते समय सावधानी और सुरक्षा का एहसास कराया।

कार व हल्के वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सलाह देते हुए अपनी लेन में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अपने वाहन के लाइसेंस सहित संपूर्ण कागजात साथ लेकर चलने की सलाह दी। सड़क दुर्घटनाओं में गिरावट दर्ज करने के लिए पुलिस द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रकार के नशे की हालत में कभी वाहन न चलाएं। सड़क की पटरियों पर आड़े तिरछे मोटरसाइकिल ना खड़ी करें, जिससे आवागमन में परेशानी न हो सके। इसके साथ ही नगर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण कर व्यापारियों से संवाद भी किया और उन्हें सुरक्षा सावधानी का पाठ भी पढ़ाया।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर शशिकांत यादव ने बताया कि बच्चों से संबंधित सड़क दुर्घटना के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों और स्कूल बस चालकों, परिचालकों को भी जागरूक करना जरूरी है। जिससे स्कूल बसों और बच्चों के साथ होने वाले सड़क हादसों में कमी आ सके। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस की ओर से समय-समय पर लगातार यह जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



# धर्म को समाप्त करने वाले खुद मिट जाते हैं

**चहनियां।** महुआरी खास गांव में गंगा तट पर चल रहे श्रीमद भागवत कथा के 26 वें दिन सन्त सुंदर राज स्वामी ने कहा कि भगवान धर्म की रक्षा के लिए धर्म की स्थापना किया था। भागवत में चर्चा है कि धर्म की विनाश के लिए बहुत लोग आये किन्तु जिसकी रक्षा व स्थापना भगवान ने किया है तो धर्म को समाप्त करने वाले खुद ही समाप्त हो जाते है। पाखंड का दूसरा नाम पाप खण्ड खण्ड में है। आज कलियुग में लोग नशा,अत्याचार कर है। धर्म का नाश करने में लगे है।


पापी आज तरह तरह का हत्कण्ठा अपना कर पाप का साम्रज्य फैला रहे है। धर्म के राह पर चलने वाला मनुष्य थोड़ी भटक जाता है, परेशान होता है। धर्म से बड़ा कोई शत्रु व धर्म से बड़ा कोई मित्र नही होता है। यदि धर्म के रास्ते पर चले तो मित्र होता है। यदि धर्म के विपरीत चले तो शत्रु हो जाता है। जब श्रीकृष्ण ने कंस के असुरों को मारने लगे तो कंस चिंतित होकर बकासुर से कहा। बकासुर ने कहा कि वो आपका ही नही हमारा भी दुश्मन है। उसने हमारे बहन सुपूर्णखा का बद्ध किया है। बकासुर तो यह समझा कि मैं एक बार मे श्रीकृष्ण को मार डालूँगा। किन्तु भगवान ने बकासुर को मारा डाला ।धर्म की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण व राम ने असुरों को मार डाला। हमारे मुख में सरस्वती का वास होता है।

इसमे मांस मदिरा खाकर इसे कब्रिस्तान न बनाइये। मांस मदिरा भी धर्म की नाश का एक हिस्सा है। इस संसार मे असली व नकली दोनो है। अच्छे भी है बुरे भी है। पर परमात्मा ही सब नैया पार लगाते है। इस दौरान आयोजक ग्राम प्रधान सतेन्द्र सिंह मिंटु, दीपक सिंह,सरिद्वार यादव,कृष्ण नारायण सिंह,अभय सिंह,कृष्ण कुमार सिंह,बृजेश सिंह, तारा सिंह डब्लू सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।


महुआरी खास गांव में भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते सुन्दरराज




# संकट मोचन संगीत समारोह का 1923 में हुआ था पहला आयोजन



### पं. अमरनाथ मिश्र, ज्योतिन भट्टाचार्य, पं. किशन महराज आशुतोष भट्टाचार्य तैयार करते थे रूपरेखा

### मुस्लिम व महिला कलाकारों की नहीं होती थी प्रस्तुति

### पीएम नरेन्द्र मोदी व अमिताभ को समारोह में शामिल न होने की है कसक







**राधेश्याम कमल**

**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह का यह शताब्दी वर्ष है। विश्व विख्यात संकटमोचन संगीत समारोह का प्रथम आयोजन 1923 में हुआ था। वैसे इस आयोजन के आधार स्तंभ गोस्वामी तुलसीदास रहे जिसके आधार पर यह माना जा सकता है कि इस अनूठा आयोजन का इतिहास 500 साल से भी पुराना है। प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. जसराज जीवन के अंतिम क्षणों तक संकटमोचन संगीत समारोह में अपनी हाजिरी लगाते रहे। एक-दो बार जब वे संकटमोचन संगीत समारोह में शामिल नहीं हो पाये तो उन्हें इसकी बहुत कसक रही। कोरोना काल के दौरान भी पं. जसराज संगीत समारोह में शामिल नहीं हुए थे। तब उन्होंने आन लाइन गायन करके अपनी उपस्थिति दर्ज करायी थी। उनका कहना था कि पद-प्रतिष्ठा, रुपया-पैसा सब अपनी जगह पर है लेकिन संकटमोचन संगीत समारोह का जो सुख है वह सभी आकर्षणों से परे है। प्रख्यात गजल गायक उस्ताद गुलाम अली जब संकटमोचन संगीत समारोह में अपनी हाजिरी लगाने के लिए आये तो यहां का माहौल देख कर अचम्भित रह गये।

संकटमोचन मंदिर के पवित्र स्थल पर गजल गायक उस्ताद गुलाम अली को सुनना श्रोताओं के लिए गौरवमयी पल था। उस दौरान उनको सुनने के लिए भीड़ इतनी ज्यादा हो गई थी कि पूरा मंदिर ठसाठस भर गया था। जिसको मंदिर में बैठने की जगह नहीं मिली उन लोगों ने मंदिर के बाहर सड़क पर रात्रि गुजार कर उनके गायन को सुन कर आनंद लिया। उस समय भीड़ इतनी थी कि मंदिर के बाहर पुलिस फोर्स की व्यवस्था करनी पड़ी थी।





## संकटमोचन संगीत समारोह में प्रथम दिन कई दिग्गज कलाकार होंगे शामिल

### आज से शुरू होगा सात दिवसीय संगीत समारोह

संकटमोचन संगीत समारोह की शुरुआत 10 अप्रैल को हो रही है। शताब्दी वर्ष में इस बार प्रथम दिवस कई दिग्गज कलाकार संकटमोचन दरबार में हाजिरी लगायेंगे। इनमें भाष्करनाथ (शहनाई- दिल्ली), डा. सुप्रिया शाह (सितार-वाराणसी), अनुव्रत चैटर्जी (तबला-मुंबई), स्वर रतन शर्मा (गायन-मुंबई), रजनीश तिवारी (तबला- वाराणसी), मोहित साहनी (संवादिनी-वाराणसी), श्रीमती गड्डम पद्मजा रेड्डी (कुचिपुड़ी- हैदराबाद), नागराज हवलदार (गायन-बैंगलुरु), केदारनाथ हवलदार (तबला-बैगलुरू), उस्ताद मोइनुद्दीन खान (सारंगी- जयपुर) उस्ताद अकरम खान (तबला-जयपुर), जसबीर दस्सी (गायन- पंजाब), उल्हास कसालकर (गायन-पुणे), सुरेश तलवकर (तबला- पुणे), पूर्वायन चैटर्जी (सितार- मुंबई), अभिषेक मिश्र (सितार-वाराणसी) हैं।

## 60 के दशक तक काशी के स्थानीय कलाकारों पर निर्भर था संगीत समारोह

60 के दशक तक संगीत समारोह काशी के स्थानीय कलाकारों पर निर्भर था। संकटमोचन मंदिर के तत्कालीन महंत पं. अमरनाथ मिश्र जो खुद पखावज के सिद्धहस्त कलाकार थे। सरोद वादक पं. ज्योतिन भट्टाचार्य व तबला वादर पं. किशन महराज, पं. आशुतोष भट्टाचार्य की मंडली इस संगीत समारोह की रूपरेखा तैयार करती थी। 1966-67 के दौरान तत्कालीन महंत प्रो. वीरभद्र मिश्र ने इसे स्थानीयता की परिधि से बाहर लाते हुए इसे राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने की मंशा से पंडित घराने के तीनों भाई मणिरामजी, प्रतापजी और पं. जसराजजी देश के दिग्गज शास्त्रीय गायकों की श्रेणी में जा बैठे। प्रो. मिश्र बताते है कि संगीत महोत्सव का पहला आयोजन 1923 में हुआ था। पहला मंच मंदिर की ड्योढ़ी थी जहां से कलाकारों ने हनुमान जी से राम मिलन की गुहार लगाई थी। गर्भगृह के बाहर बैठकर कलाकार गायन-वादन की प्रस्तुतियां देते थे। पं. अमरनाथ मिश्र संगीत समारोह की पूरी जिम्मेदारी निभाते थे। 25 साल तक संगीत का यह आयोजन एक दिन का ही था। 1971 में संगीत समारोह का चौथा मंच गर्भगृह के उत्तर दिशा के आंगन के पश्चिमी बरामदे को बनाया गया। तब से आयोजन स्थल वहीं है। आयोजन भी तीन दिवसीय हो गया। 77-78 के दशक में चार दिन का आयोजन हुआ। इसके बाद पांच दिन का कार्यक्रम होने लगा। प्रो. मिश्र ने बताया कि बड़े महंत प्रो. वीरभद्र मिश्र के समय तक आयोजन पांच दिन का ही होता था, लेकिन कलाकारों की संख्या बढ़ने लगी तो 2014 से इसे छह दिन का कर दिया गया। शताब्दी वर्ष में इसे सात दिन का किया गया है, यह केवल इसी बार रहेगा।

## लंबे समय तक समारोह में मुस्लिम व महिला कलाकारों का नहीं था आना जाना

संकटमोचन संगीत समारोह में मुस्लिम व महिला कलाकारों का लंबे समय तक आना जाना नहीं था। लेकिन पूर्व महंत प्रो. वीरभद्र मिश्र की इस सोच कि संगीत को किसी मजहब की सीमा में कैद नहीं किया जा सकता है। लिहाजा महिला और मुस्लिम कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिला। मुस्लिम कलाकारों में भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के भांजे मुमताज ने शहनाई बजा कर अपनी हाजिरी लगायी। इस बार इस समारोह में 13 मुस्लिम कलाकार हाजिरी लगा रहे हैं।

## नि:शुल्क दिग्गज कलाकारों को सुनना अप्रतिम

एक तरफ ऐतिहासिक नगरी काशी का लावण्य तो दूसरी तरफ सात दिवसीय कलाकारों की गायन, वादन व नृत्य की रस वर्षा। सचमुच इसके वैभव की जरा कल्पना करें तो यह अकल्पनीय है। जो कलाकार देश के दिग्गज कलाकार माने जाते हैं उनको सुनने का मौका मिलना सचमुच अप्रतिम है। कोई भी नहीं चाहेगा कि वह इस अवसर का फायदा न उठाये। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र बताते हैं कि संकटमोचन संगीत समारोह का प्रारुप संगीत व संस्कृति की पूरी अवधारणा को धार्मिक होने से बचाता है। संगीत समारोह और गंगा में एकरूपता है। जिस तरह से मां गंगा सभी के लिए हैं उसी तरह संकट मोचन संगीत समारोह का मंच भी सभी के लिए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी तक इस समारोह में चाहते हुए भी शामिल नहीं हो पाये हैं। यह कसक उनके दिल में है। यह इसी से प्रमाणित है कि पिछले वर्ष दो-दो मिनट के अंतराल पर पीएम के पांच ट्वीट करते हुए लिखा था कि यह समारोह संगीत प्रेमियों के लिए सौगात है। प्रख्यात फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन के भी मन में यह मलाल ह कि अभी तक वह इस संगीत समारोह में शरीक नहीं हो सकें हैं।

## गजल की शुरुआत गुलाम अली ने की थी

संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने संकट मोचन संगीत को शास्त्रीय संगीत, जैज, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के कलाकारों के लिए खोल दिया। इसकी शुरुआत पाकिस्तान के प्रख्यात गजल गायक गुलाम अली ने की थी। तब शास्त्रीय गायक पद्मविभूषण पं. छन्नू लाल मिश्र ने इसका विरोध भी किया था लेकिन किसी ने उनकी कुछ भी नहीं सुनी। बल्कि पं. छन्नू लाल मिश्र की खूब आलोचना हुई।

# फिर जीवित हो उठे प्रभु यीशु मसीह

### मसीही समाज में चारों तरफ खुशियां मनायी गई

### चर्चों में मनाया गया ईस्टर, आराधना में जुटे मसीही

**वाराणसी।** गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद प्रभु यीशु मसीह फिर जीवित हो उठे। रविवार को गिरजाघरों में ईस्टर का पर्व मनाया गया। इसमें भारी संख्या में मसीही समाज के लोगों ने भाग लिया। सुबह अपने हाथों में कैंडिल लेकर चर्च में मसीही समाज के लोग पहुंचे और वहां पर प्रार्थना की। सेंट मेरीज महागिरजा बिशप यूजीन जोसेफ, लाल गिरजा में पादरी संजय दान, सेंट पाल चर्च सिगरा में पादरी सैम जोसुवा सिंह, सेंट थामस चर्च गोदौलिया में पादरी न्यूटन स्टीवन, बेथेलफुल गोस्पल चर्च में पास्टर एंड्रू थामस,ईसीआई चर्च सुंदरपुर में पास्टर नवीन जाय व पास्टर दशरथ पवार, चर्च आफ बनारस पास्टर बेनजान, रामकटोरा चर्च में पादरी आदित्य कुमार ने आराधना करायी। इसके साथ ही ईस्टर के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तेलियाबाग चर्च, फातिमा चर्च, सेंट फ्रांसिस आफ असीसी चर्च सहित अन्य चर्चों में भी प्रार्थना सभी का आयोजन किया गया। घरों व चर्चों में लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के जीवित हो जाने पर खुशी पर कैरोल गीत गाया। मसीही समुदाय के लोग अपने प्रियजनों की कब्रों पर श्रद्धा के फूल अर्पित किये।



### मध्य रात्रि में ही शुरू हुआ जश्न

प्रभु यीशु मसीह के जीवित हो जाने पर खुशी में गिरजाघरों से लेकर घरों तक आकर्षक सजावट की गई थी। हर तरफ लोग खुशियां मनाते दिखे। संडे को जहां ईस्टर बन व एग खिला कर लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए दिखे।वहीं ईस्टर का जश्न सेंट मेरीज महागिरजा समेत तमाम गिरजाघरों में भी यीशु के जीवित हो उठने की खुशी में मध्य रात्रि से ही शुरू हो गया था।बच्चों से लेकर बड़ों तक इसमें भागीदारी की।

## सिकरौल से निकली मां शीतला की शोभायात्रा

### भारी संख्या में श्रद्धालु रहे शामिल

### महामारी रोकने व सुख समृद्धि को लेकर होता है आयोजन



**वाराणसी।** मां शीतला पूजनोत्सव समिति सदर तहसील के सिकरौल गांव से मां शीतला माता का वार्षिकोत्सव झंडा जुलूस व शोभायात्रा रविवार को निकाला गया। शोभायात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी व चिकित्सक डा. एसएस गांगुली ने मां शीतला की आरती कर किया। शोभायात्रा व कलश यात्रा में भारी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इसमें पुरुषों के अलावा महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। शोभायात्रा सिकरौल गांव से अदलपुरा बड़ी शीतला माता धाम प्रस्थान हुई। रविवार की रात्रि से विधिवत पूजन-अर्चन व होम के बाद सोमवार को श्रद्धालु वहां से वाराणसी वापस लौटेंगे। इसके पूर्व मंदिर में भजन व पूजन तथा आरती का कार्यक्रम घंटों चलता रहा। मंदिर के पुजारी रंजीत भगत ने पूजा अर्चना कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। शोभायात्रा का उद्देश्य महामारी रोकने व लोगों को सुख समृद्धि प्रदान करने को लेकर किया जाता है। शोभायात्रा में डा. सुनील कुमार, सभासद दिनेश यादव, रामबाबू, लालचंद विश्वकर्मा, गोविंद चौहान, गौतम चौहान, दिलीप सोनी, वियोम चौहान, दिनेश चौहान, अजय गुप्ता, पवन समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# जाग पड़ी मैं तो पिया के जगाए...

### डॉ मोनिका शाह ने श्रोताओं को गायन से किया रससिक्त

### बड़ालालपुर में सांस्कृतिक संध्या




**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, कार्यालय में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में अहमदाबाद से पधारी वरिष्ठ कलाकार डॉ मोनिका शाह का गायन हुआ। आपके साथ संवादिनी पर साथ दिया हर्षित उपाध्याय एवं तबला संगति रही गौरव चक्रवर्ती की रही। डॉ मोनिका ने गायन का आरंभ किया राग धानी में निबद्ध शिव स्तुति से की। इसी क्रम में एक दादरा की प्रस्तुति से आनंदित किया बोल थे जाग पड़ी मैं तो पिया के जगाए। इसके उपरांत झूला की प्रस्तुति से रससिक्त किया बोल थे झूला धीरे से झुलाओ बनवारी। इसी क्रम में अगली प्रस्तुति रही दादरा की जिसके बोल थे दीवाने किए श्याम क्या जादू डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष दीन दयाल हस्तकला संकुल अजय श्रीवास्तव तथा कलाकार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अंकिता खत्री ने किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा का रहा। कलाकारों को प्रमाणपत्र प्रदान किया संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने । इस अवसर पर एवं अन्य संगीत प्रेमियों की विशिष्ट उपस्थिति रही।

# अब 'क्रेडिट लाइन' से कर सकेंगे खरीदारी

### नयी व्यवस्था

### क्रेडिट लाइन होगा डिजिटल, क्रेडिट कार्ड की तरह मिलेगा कर्ज

### यूपीआई के जरिए किया जा सकेगा इसका इस्तेमाल, होगी सुविधा




**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** डिजिटल मोड से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और सुविधा प्रदान करने की खातिर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक नयी व्यवस्था शुरू की है। यह व्यवस्था है- 'क्रेडिट लाइन' की। क्रेडिट लाइन पूरी तरह डिजिटल होगा और यह क्रेडिट कार्ड की भांति आपको सुविधा प्रदान करेगा। कहने का आशय यह कि बैंक खाते में पैसा न होने पर भी जिस तरह क्रेडिट कार्ड पर आप खरीदारी कर सकते हैं। ठीक उसी तरह क्रेडिट लाइन से भी आप खरीदारी कर सकेंगे। आसान शब्दों में आप यह जान सकते हैं कि क्रेडिट कार्ड की तरह क्रेडिट लाइन पर आपको कर्ज मिलेगा। यूपीआई के माध्यम से इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो फोन पे, गूगल पे, पेटीएम जैसे इंस्टेंट पेमेंट ऐप का लोग इस्तेमाल करते हैं। ये सभी ऐप्स यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित होते हैं। यूपीआई के जरिए अब लोग 10-10 रुपये के भुगतान तक करने लगे हैं। वाहन में पेट्रोल या डीजल भरवाना हो या फिर रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी करनी हो, यूपीआई पेमेंट हर जगह स्वीकृत है। ग्राहक भी जेब में छुट्टा पैसा रखने की बजाय सीधा यूपीआई से पेमेंट करना आसान समझने लगे हैं। कोविड-19 आने के बाद लोगों ने डिजिटल पेमेंट को अपनाया और 2022 के अंत तक यूपीआई से होने वाली ट्रांजेक्शन काफी बढ़ गईं।

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो बीते दिनों आरबीआई ने यूपीआई यूजर्स के लिए क्रेडिट लाइन जैसे बड़ी सुविधा को लांच किया। आरबीआई ने कहा है कि यदि आपके अकाउंट में पैसा नहीं भी हो, तो भी आपको क्रेडिट मिल जाएगा और आप भुगतान कर पाएंगे। बिलकुल वैसे ही, जैसे क्रेडिट कार्ड से पेमेंट की जाती है। कहने का आशय यह कि अब आपका यूपीआई ही क्रेडिट कार्ड की तरह काम करने लगेगा। आपको किसी से भी नकद उधार मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब आप बैंक खाते में पैसा न होने पर आसानी से खरीदारी कर सकेंगे। इसके लिए बैंक आपको उधार पैसा देगा। आरबीआई गर्वनर शक्तिकांत दास ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और यूपीआई जैसे विकल?पों को और आकर्षक बनाने के लिए यह व्यवस्था लागू की है।

### बैंकों से पूर्व स्वीकृत राशि मिलेगी

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो अब यूपीआई पर भी यूजर्स को क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधा मिलेगी। बैंकों की ओर से यूजर्स को पूर्व स?वीकृत राशि दी जाएगी, जिसका इस?तेमाल खाते में पैसे न होने पर भी किया जा सकेगा। आरबीआई का मानना है कि देश में यूपीआई के जरिये लेनदेन तेजी से बढ़ रहा है। इसे लोगों के बीच और पॉपुलर बनाने और यूजर्स को ज?यादा सुविधा दिलाने के लिए यह कदम उठाया गया है। जो यूजर्स पेटीएम, फोनपे या गूगलपे जैसे ऐप के जरिये यूपीआई भुगतान करते हैं, उन?हें अब प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइन दी जाएगी। यह राशि बैंकों या वित्तीय संस?थान की ओर से तय होगी। इस राशि का इस?तेमाल यूजर्स तब भी कर सकेंगे, जबकि उनके खाते में पैसे नहीं होंगे। आरबीआई की इस पहल से इनोवेशन को और बढ़ावा मिलेगा।

### 2016 में हुई यूपीआई की शुरूआत

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो 2016 में यूपीआई की लांचिंग के साथ ही डिजिटल पेमेंट की दुनिया में एक क्रांति आ गई। यूपीआई ने सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा दी। यूपीआई सिस?टम रियल टाइम फंड ट्रांसफर करता है। एक एप्लीकेशन में कई बैंक अकाउंट लिंक किए जा सकते हैं। किसी को पैसा भेजने के लिए आपको सिर्फ उसके मोबाइल नंबर, अकाउंट नंबर या यूपीआई आईडी की जरूरत पड़ती है। यूपीआई से ऑनलाइन शॉपिंग करने के लिए ओटीपी, सीवीवी कोड, कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट आदि की जरूरत नहीं होती। इससे पहले डिजिटल वॉलेट का चलन था। वॉलेट में केवाईसी जैसी झंझट है, जबकि यूपीआई में ऐसा कुछ नहीं करना पड़ता। भारत में आरटीजीएस और नेफ्ट पेमेंट सिस्टम का ऑपरेशन आरबीआई के पास है। आईएमपीएस, रुपे, यूपीआई जैसे सिस्टम को नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ऑपरेट करती हैं।




### क्या है क्रेडिट लाइन और कैसे काम करेगी

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो क्रेडिट लाइन किसी यूजर्स के लिए बैंक की ओर से तय की गई वह लिमिट होगी, जिस राशि को यूजर खर्च कर पाएगा। बैंक और वित?तीय संस?थान यूजर की आमदनी और कर्ज चुकाने की क्षमता का आंकलन करके यह क्रेडिट लाइन तैयार करेंगे। एक तरह से यूपीआई पर भी ओवरड्राफ्ट जैसी सुविधा दी जाएगी। जहां कोई ग्राहक जरूरत पर इस राशि का इस्तेमाल करेगा और फिर ब्याज सहित इस रकम को वापस लौटा देगा। इसका मतलब साफ है कि इस सुविधा के एवज में बैंक आपसे कुछ ब?याज वसूलेंगे। बैंक हर ग्राहक की जोखिम क्षमता का आंकलन करके ही प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइन तैयार कर सकेंगे।

### ग्राहकों को कैसे होगा फायदा?

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो ग्राहकों को अलग-अलग कार्ड कैरी नहीं करना पड़ेगा। अपने मोबाइल से ही यूपीआई के जरिए पेमेंट कर सकेंगे। समय की बचत होगी। क्रेडिट कार्ड बनने में थोड़ा समय लगता है। क्रेडिट लाइन अप्रूवल के बाद तुरंत मिल जाएगी। पॉइंट-ऑफ-परचेज क्रेडिट एक्सपीरियंस सीमलेस हो जाएगा। ये बीएनपीएल सेक्टर में ट्रांसफॉरमेशनल ग्रोथ ला सकता है।

